खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➡ jabdesh1@yahoo.com

शारदेय नवरात्र

सप्तम दिवस मां कालरात्रि

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 21 अक्टूबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –342 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.


- विश्व गुरू शांति प्रयास... 04
- भारत में महिला श्रम... 04
- इजरायल ने गाजा के पास तैनात किए... 09
- नासा का मार्स हेलिकॉप्टर मंगल पर नई... 09
- लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार बेदम... 11
- सोने के दाम चार महीने की ऊंचाई पर 11
- न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं... 10
- विराट के शतक के लिए... 10


ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**

नीदरलैंड विरूद्ध श्रीलंका
समय - 10.30 सुबह
इंग्लैंड विरूद्ध साउथ अफ्रीका
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप

### वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा। इसके साथ चंद्रग्रहण पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को होगा और यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा।

### संजय सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। संजय को ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें ईडी की रिमांड में भेज दिया गया था।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** कनाडा ने भारत के कई शहरों में वीजा सेवाएं बंद कर दी हैं।

**चुहिया- हां प्रिये-**कथित खालिस्तानियों को ढंका-मुंदा समर्थन देने वाले की नकेल कसे जाने की छटपटाहट है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 75 लाख नए कनेक्शन देने सरकार ने लिया फैसला

# अब जिला समिति तय करेगी नए लाभार्थी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों की जांच अब जिलास्तरीय समिति करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने जिला उज्ज्वला समिति के गठन का निर्देश दिया है। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इस योजना के तहत 75 लाख नए कनेक्शन देने के प्रस्ताव पर पिछले माह केंद्रीय कैबिनेट ने मुहर लगाई थी।

**तेल कंपनियां करती थीं चयन**-इसके अलावा तीन गैर आधिकारिक सदस्य जिलों में पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए बनी राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति द्वारा चयनित किए जाएंगे। स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ केंद्र सरकार नें मई 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इससे पहले सरकार की ओर से तय मानकों के अनुसार तेल कंपनियां ही लाभर्थियों का चयन करती थीं।

### ये होंगे समिति के सदस्य

पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समितियां सुनिश्चित करेंगी कि पात्र परिवारों को ही लाभ मिले। इसके लिए समिति नियमित बैठक करेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली इस समिति में नोडल अधिकारी समेत तेल कंपनियों से तीन सदस्य होंगे। इसमें एक सदस्य जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से अधिकारी होगा।

## दुर्गोत्सव की धूम...पर्यावरण संरक्षण का संदेश

*जबलपुर, देशबन्धु। पूरे देश के साथ प्रदेश और जबलपुर में शारदेय नवरात्र पर दुर्गोत्सव की भारी धूम है। तरह-तरह की झांकियां लोगों को भक्ति भाव के साथ विभिन्न संदेश भी दे रही हैं। इस कड़ी में नवज्योत दुर्गोत्सव संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित विशाल सिंह और हरियाली के साथ विराजीं मां भगवती की झांकी पर्यावरण और जीव संरक्षण का अनुकरणीय संदेश दे रही है।*

सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# मजदूर को देना होगा 30 लाख मुआवजा

**-स्थाई रूप से दिव्यांग होने पर 20 लाख देना होगा**

**-शीर्ष अदालत ने सरकारी अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश**

**नई दिल्ली ( एजेंसियां )।** देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा। सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का

शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए, जिन्हें पढ़ा नहीं गया। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### हाथ से मैला ढोने की प्रथा खत्म करें केंद्र-राज्य सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया।

**यह कैसा सेक्युलरिज्म..?**

# रास्ते में चर्च-मस्जिद है तो आरएसएस को मार्च की परमिशन क्यों नहीं?

## मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा

**मद्रास।** मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की ओर से आरएसएस को मार्च की परमिशन न दिए जाने के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस जी जयचंद्रन ने तमिलनाडु पुलिस को आदेश दिया कि वह आरएसएस के मार्चों के निकलने का इंतजाम करे। संघ ने 22 और 29 अक्टूबर को रैलियां निकालने की परमिशन मांगी थी, जिससे पुलिस ने इनकार कर दिया था।

मार्च के लिए परमिशन न देने का कारण बताते हुए तमिलनाडु पुलिस ने कहा कि- मार्च के रूट पर मस्जिद और चर्च हैं। इसके अलावा रास्ते में जाम भी लग सकता है। अदालत ने कहा कि- मार्च के लिए परमिशन न दिए जाने को लेकर इस तरह के तर्क देना ठीक नहीं है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि अदालत ने तमिलनाडु पुलिस से कहा है कि- वह मार्च की परमिशन दे, लेकिन यह भी तय करे कि पूरी व्यवस्था शांतिपूर्ण बनी रहे। सुनवाई के दौरान मद्रास हाई कोर्ट ने कहा कि अगर रास्ते में मस्जिद है तो फिर आरएसएस को मार्च निकालने या जनसभाएं करने की परमिशन क्यों नहीं मिल सकती? इस तरह का तर्क देकर रोक लगाना तो सेक्युलरिज्म के खिलाफ है।

# देश को पहली रैपिड रेल को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, बच्चों संग की यात्रा

**गाजियाबाद।** देश को पहली रैपिड रेल रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण के तहत साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखा दी है।

ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद श्री मोदी ने उसमें सफर भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए नज़र आए। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि- जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हुई है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। कल से आम नागरिक इस ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को 'नमो भारत' का नाम दिया गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल इसका नाम बदलने की घोषणा की थी।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव : कोविंद समिति के साथ रोडमैप साझा करेगा विधि आयोग

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** विधि आयोग एक साथ चुनाव कराने के अपने रोडमैप को अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के साथ साझा करेगा।

समिति ने विधि आयोग को 25 अक्तूबर को आमंत्रित किया है, ताकि वह इस बारे में उसकी राय जान सके कि देश में एक साथ चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं। उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों की राय जानने का फैसला किया था और अब उन्होंने देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनकी राय जानने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में उसने परस्पर सहमति वाली तारीख पर उनके साथ बातचीत की मांग की है। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता

### राजनीतिक दलों को लिखा पत्र

वाला विधि आयोग कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक समान मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत और मानवशक्ति (मैनपावर) के इस्तेमाल को कम किया जा सके। 2029 से राज्य और लोकसभा दोनों के चुनाव एक साथ कराने के लिए विभिन्न विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के लिए आयोग विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार किया जा रहा है कि एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के बाद मतदाता दोनों चुनावों के लिए अपना वोट डालने के लिए केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं।

### राजनीतिक दलों से मांगा गया है समय

समिति द्वारा पार्टियों को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि पार्टियों से 'परस्पर सहमत तिथि' मांगी गई है, ताकि उनके साथ इस पर विचार-विमर्श की जा सके। समिति ने पार्टियों को अगले 3 महीनों में अपने विचार लिखित रूप में भेजने का विकल्प दिया है।

# कनाडा ने भारत के कई शहरों में रोकीं वीजा सेवाएं

**नईदिल्ली।** कनाडा ने भारत के कई शहरों में वीजा सेवाओं पर लोग लगा दी है। ये फैसला अपने 41 राजनयिकों को बुलाने के बाद लिया गया है।

### 41 राजनयिकों को बुलाने के बाद फैसला

रत से 41 राजनयिकों को वापस बुलाने के साथ ही कनाडा ने अब चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु वाणिज्य दूतावासों में अपनी वीजा और कांसुलर सेवाएं भी रोक दी हैं। सेवाएं केवल दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग में उपलब्ध होंगी। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत के साथ जारी राजनायिक विवाद के बीच कनाडा ने ये फैसला लिया है। इससे पहले कनाडा ने कहा था कि भारतीयों को उसके देश का वीजा मिलने में देरी हो सकती है। इसके पीछे कनाडा ने भारत के एक फैसले को वजह बताया है।

**तेलंगाना में राहुल ने कहा-**

# जो देश में 5 प्रतिशत हैं, वह बजट कंट्रोल करते हैं

**हैदराबाद।** राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आई तो हल्दी किसानों को 12,000 रुपये से 15,000 रुपए प्रति क्विंटल दाम मिलेगा।

तेलंगाना में किसानों को उनकी किसी भी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से प्रति क्विंटल 500 रुपए अधिक मिलेंगे। देश के 90 अफसरों में सिर्फ 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं, जो देश का केवल 5 प्रतिशत बजट कंट्रोल करते हैं। क्या देश में ओबीसी की अबादी सिर्फ 5 फीसदी है। मोदी आपको ये सच्चाई नहीं बताना चाहते हैं, क्योंकि वह आपकी जेब से पैसा निकालकर अडानी जैसे लोगों की जेब में डालते हैं।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**मिशन** अंतरिक्ष में एक और कीर्तिमान की तैयारी

# गगनयान मिशन का पहला परीक्षण आज

**श्रीहरिकोटा।** अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक से एक कीर्तिमान रचने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक और करिश्मा करने जा रहा है। इसरो गगनयान मिशन के जरिए अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने वाला है। इसके लिए इसरो गगनयान मिशन की टेस्टिंग करने जा रहा है। गगनयान के जरिए 3 सदस्यीय दल को एक मिशन पर 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। यह मिशन तीन दिनों तक चलेगा और फिर क्रू मेंबर को सुरक्षित रूप से वापस लाया जाएगा। इस मिशन की लैंडिंग समुद्र के पानी में की जाएगी।

गगनयान मिशन से पहले टेस्ट किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसकी 12.5 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार शाम 7.30 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित शार क्षेत्र में शुरू होगी। इसरो के सूत्रों ने कहा कि छोटी अवधि के मिशन का प्रक्षेपण शनिवार सुबह आठ बजे प्रथम लॉन्च पैड से होगा और पूरा मिशन 531 सेकंड (लगभग नौ मिनट) तक चलेगा। यह उड़ान परीक्षण समग्र गगनयान कार्यक्रम में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा।




**कहां देख पाएंगे यह ट्रायल**-इसरो के टेलीकास्ट आधिकारिक वेबसाइट, यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेगा। इसरो के मुताबिक, लॉन्च वाले दिन लाइव प्रसारण सुबह 7.30 बजे शुरू होगा।

**कैसे की जाएगी टेस्टिंग**-इसरो ने कहा पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने से लेकर श्रीहरिकोटा से लगभग 10 किलोमीटर दूर समुद्र में पैराशूट की तैनाती के साथ क्रू मॉड्यूल के उतरने तक का पूरा उड़ान क्रम 531 सेकंड तक चलेगा। इसरो के मुताबिक, उड़ान भरने के लगभग 60 सेकंड बाद परीक्षण वाहन- क्रू एस्केप सिस्टम के साथ 11.7 किमी की ऊंचाई पर वाहन से अलग हो जाएगा और अगले 30 सेकंड बाद सीएम-सीईएस 148.7 मीटर/सेकेंड के वेग से 16.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा। यब प्रक्रिया लगभग 9 मिनट में पूरी होगी।

# देश-विदेश

## इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अपने पार्टनर से हुईं अलग

**नई दिल्ली।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अपने साथी एंड्रिया जियाम्ब्रुनो से अलग हो गई हैं। जियोर्जिया मेलोनी ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने पत्रकार साथी एंड्रिया जियाम्ब्रुनो से अलग हो गई हैं। मेलोनी ने एक्स पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि एंड्रिया के साथ मेरा रिश्ता यहीं खत्म हो गया। मेलोनी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि एंड्रिया जियाम्ब्रुनो के साथ मेरा रिश्ता यहीं खत्म हो गया। हम लगभग 10 साल तक साथ रहे। 46 साल की इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा कि- कुछ समय से हमारे रास्ते अलग हो गए हैं। ऐसे में अब इसे स्वीकार करने का समय आ गया है। मेलोनी ने लिखा, मैं एक साथ बिताए शानदार वर्षों के लिए, जिन कठिनाइयों से हम गुजरे और मुझे मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज, जो कि हमारी बेटी जिनेवरा है, देने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं।

### भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर बोले बागची

## समानता के लिए हमने सही कदम उठाए

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** भारत और कनाडा के बीच विवाद थम नहीं रहा है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंसियों के शामिल होने के आरोप के बाद से ही भारत-कनाडा के बीच राजनयिक रिश्तों में दारा पड़ गई है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच भारत ने कनाडा के आरोपों को बेबुनियाद बताया। साथ ही भारत ने कनाडा पर कई कठोर प्रतिबंध लगा दिए। भारत ने तय मानकों से ज्यादा देश में कनाडाई राजनयिक उपस्थिति पर सवाल खड़े करते हुए उन्हें संख्या घटाने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद से ही दोनों देशों में दरार ज्यादा बढ़ गई। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मामले पर बयान जारी किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने भारत में कनाडाई राजनयिक उपस्थिति के संबंध में कनाडा सरकार का गुरुवार को दिए गए बयान के देखा। भारत में कनाडाई राजनयिकों की बहुत अधिक संख्या है, यहां तक कि हमारे देश के आंतरिक मामलों में हमेशा से उनका हस्तक्षेप रहा है। नई दिल्ली और ओटावा में आपसी राजनयिक उपस्थिति में समानता की गारंटी है। इसे लागू करने के लिए हम लगातार कनाडा के साथ जुड़े रहे। हमारे द्वारा समानता को लागू करने के लिए उठाए गए सभी कदम सही हैं।

**-भारत ने कनाडा के आरोपों को बताया बेबुनियाद**

**वियना कन्वेंशन का अनुच्छेद 11.1 का किया जिक्र**-विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में वियना कन्वेंशन का अनुच्छेद 11.1 का भी जिक्र किया गया। अनुच्छेद का जिक्र करते हुए कहा कि मिशन के आकार के बारे में विशिष्ट समझौते की अनुपस्थिति में प्राप्तकर्ता राज्य को यह आवश्यकता हो सकती है कि राजनयिकों का आकार उसके द्वारा मानी जाने वाली सीमा के भीतर रखा जाए। प्राप्तकर्ता राज्य की परिस्थितियों शर्तों तथा विशेष मिशन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित और सामान्य है। वहीं विदेश मंत्रालय ने सख्त लहजे में कहा कि हम पूरी तरह से कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों को अस्वीकार करते हैं।

## मानहानि मामले से हटे महुआ मोइत्रा के वकील

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहादराई के खिलाफ दायर किए गए मानहानि मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान वकील जय अनंत देहादराई ने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा के वकील गोपाल शंकर नारायणन ने गुरुवार को उनसे संपर्क कर मोइत्रा के खिलाफ दर्ज शिकायत को वापस लेने को कहा था।

देहादराई ने दावा किया कि उनके पास उनके और शंकर नारायणन के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है। देहादराई ने हितों के टकराव का आरोप लगाकर वकील शंकर नारायणन को सुनवाई से हटाने की अपील की। पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरी और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के सरकारी गवाह बनने व लोकसभा की आचार समिति को हलफनामा देने के बाद टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का भी जवाब सामने आया है। आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वे सीबीआई व लोकसभा की आचार समिति के सामने सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

महुआ की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी के द्वारा लोकसभा की आचार समिति को दिए एक हलफनामें दावा किए जाने के एक दिन बाद आई है,जिसमें स्वीकार किया है कि उन्होंने अपना संसद लॉगिन और पासवर्ड दिया था, ताकि वह उनकी ओर से सीधे प्रश्न पोस्ट कर सकें। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस मामले में सीबीआई और आचार समिति जिसमें भाजपा सदस्यों का बहुमत है, को सवालों के जवाब देने के का स्वागत करती हैं,अगर वे उन्हें बुलाते हैं।

### दर्शन हीरानंदानी ने आचार समिति को सौंपा हलफनामा

पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा सामनें आ जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। उधर लोकसभा की आचार समिति ने इस मामले में सुनवाई तेज कर दी है। मामले में मोइत्रा की परेशानी बढ़ सकती है। समिति ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि उसे हीरानंदानी का शपथपत्र मिल गया है। जिसमें स्वीकार किया गया है कि सदन में सवाल पूछने के बदले महुआ को मंहगे उपहार व नकद दिए गए। आचार समिति के प्रमुख विनोद सोनकर ने बताया कि उन्हें दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा मिला है। समिति अब इस मामले की सुनचाई 26 अक्टूबर को करेगी।

## पाकिस्तान से 24 साल पहले भारत आया शख्स जासूसी केस में गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने तारापुर से एक पाकिस्तानी जासूसी एजेंट को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार के बाद राज उगलवाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लाभसंकर माहेश्वरी मूल रूप से पाकिस्तानी हिंदू है।

जो फर्टिलिटी इलाज के लिए अपनी पत्नी के साथ 1999 में भारत आया था। शुरुआत में वह तारापुर में अपने ससुराल में रहा। उसने वहां कई दुकानें खोलीं और उसका अच्छा खासा कारोबार हो गया। भारत में लाभसंकर 2006 में नागरिकता मिल गई। इसके बाद वह 2022 की शुरुआत में अपने माता-पिता से मिलने पाकिस्तान गया। कथित तौर पर वहां वीजा प्रक्रिया और अपने माता-पिता के घर पर डेढ़ महीने रहने के दौरान उसका ब्रेनवाश किया गया। तभी से वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से संपर्क में है।



पुलिस ने यह भी बताया कि व्हाट्सएप अकाउंट बनाने के बाद आरोपी ने सिम कार्ड पाकिस्तान भेजा था और इसके बदले उसे पैसा मिला था। एमआई, गुजरात एटीएस और एयर एयरफोर्स इंटेलीजेंस इसे अपनी बड़ी कामयाबी मान रही है। पुलिस के मुताबिक एक व्हाट्सएप नंबर के जरिए सुरक्षा बलों के जवानों के एंड्रॉइड मोबाइल हैंडसेट में 15 अगस्त के पहले हर घर तिरंगा अभियान के नाम पर एपीके एंड्रॉइड एप्लिकेशन डाउनलोड करने का मैसेज आया था। इसके अलावा उन नंबरों पर आर्मी स्कूलों के अफसर बनकर ये भी मैसेज किया गया कि अभी लोग अपने बच्चे के साथ राष्ट्रीय ध्वज की तस्वीर अपलोड करें।

**मिल चुकी थी भारतीय नागरिकता**

जांच में पता चला की आरोपी लाभसंकर महेश्वरी ने ये भारतीय नंबर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को उपलब्ध कराया कराया था। आरोपी के मोबाइल की फोरेंसिक जांच से पता चला की इस वॉट्स एप नंबर का इस्तेमाल पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लोग कर रहे थे और सुरक्षा में तैनात जवानों के मोबाइल से खुफिया जानकारियां हासिल करने के लिए उनके मोबाइल को हैक कर रहे थे। ये भी शक है कि पाकिस्तानी एजेंसी आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस) की वेबसाइट या एंड्रॉइड एप्लिकेशन डिजीकैंप्स जिसका उपयोग फीस जमा करने के लिए किया जाता है।

उसके जरिए एपीएस के छात्रों और उनके अभिभावकों से जुड़ी जानकारी हासिल करने में कामयाब रही है। एपीएस वे स्कूल हैं, जो भारतीय सेना के सहयोग से एक निजी संस्था आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत आते हैं।

## हमास-पुतिन पर बाइडन का बड़ा हमला, बोले- दोनों ही लोकतंत्र के दुश्मन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि हमास और रूस दोनों लोकतंत्र को नष्ट करने पर तुले हैं। साथ ही उन्होंने यूक्रेन और इस्राइल को अमेरिका के हितों के लिए महत्वपूर्ण बताया और दोनों देशों को सहायता देने पर बात की।

बाइडन ने कहा, हमास और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन उनकी मंशा एक जैसी है- दोनों अपने पड़ोसी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं।



टेलीविजन पर अपने संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका एक महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारी के तौर पर इस तरफ के पक्षपातपूर्ण हिंसक राजनीति को बढ़ने नहीं दे सकता है। हम हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे तानाशाहों को जीतने नहीं दे सकते और न ही ऐसा होने देंगे।

इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर बाइडन ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए आतंकियों द्वारा बंधक बनाए गए अमेरिकियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं है। इस्राइल में उन्होंने ऐसे लोगों को देखा, जो सदमे और गहरे दर्द के साथ-साथ गुस्से में भी हैं।

उन्होंने कहा, मैंने फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति अब्बास से भी बात की और दोहराया कि अमेरिका फलस्तीनी लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अन्य लोगों की तरह वह फलस्तीनी नागरिकों की मौत से दुखी हैं। खासकर गाजा के अस्पताल में विस्फोट से हुई दुखद मौतों से, जिसमें इस्राइल का हाथ नहीं है। हमें हर निर्दोष की मौत पर दुख होता है।

**मध्य पूर्व के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए काम कर रहे**-अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान यूक्रेन में रूस का समर्थन कर रहा है। साथ ही मध्य पूर्व क्षेत्र में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों को ईरान का समर्थन हासिल है। इसलिए उसे जवाबदेह ठहराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और क्षेत्र में हमारे साझेदार देश मध्य पूर्व के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

## अस्पताल के बाद चर्च पर हमले से दहला गाजा

**नई दिल्ली।** इसराइल और हमास के बीच पिछले 14 दिनों से जारी जंग लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। इस वजह से गाजा के लाखों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है। यहां अस्पताल के बाद एक चर्च को गुरुवार को निशाना बनाया गया।

मीडिया खबरों के अनुसार, जिस चर्च पर हमला हुआ है वो गाजा के अल-जायटौन इलाके में स्थित है और इसका नाम सेंट पोर्फिरियस है। यह दुनिया का



तीसरा सबसे पुराना चर्च है। दावा किया जा रहा है हमले के वक्त चर्च में ईसाई और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शरण ले रखी थी।

हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय का कहना है कि गाजा पट्टी में एक चर्च में शरण लेने वाले कई लोग गुरुवार देर रात हुए इस हमले में मारे गए। ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के परिसर में हुए हमले में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। साथ ही कई घायल हुए हैं। हमास ने दावा किया कि इसराइल की ओर से किए गए हमले में चर्च तबाह हो गया।

हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही गाजा के एक अस्पताल पर हुए रॉकेट हमले में 500 लोगों की जान चली गई थी। इसराइल और हमास दोनों ने इस हमले के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि अमेरिका ने इस मामले में इसराइल को क्लिन चिट दे दी।

## मानवीय सहायता के लिए राफा क्रॉसिंग खोलेगा मिस्र

**तेल अवीव।** इजराइल मिस्र को गाजा पट्टी में सीमित मानवीय सहायता देने की अनुमति देने पर सहमत हो गया है। हालांकि, इजराइली सेना फिलिस्तीनी क्षेत्र पर अपने हवाई हमले जारी रखे हुए है। गुरुवार को भी पूरे क्षेत्र में हवाई हमले जारी रहे, जिसमें दक्षिण के वे क्षेत्र भी शामिल हैं, जिन्हें इजराइल ने सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया था। इस बीच, ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक तेल अवीव में हैं और उन्होंने इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। ब्रिटेन ने इजराइल के लिए अपना समर्थन दोहराया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइल की चेतावनी के बाद करीब 10 लाख से अधिक फिलिस्तानी गाजा इलाके के अपने घरों से भाग गए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अनुरोध के बाद मिस्र से गाजा में सीमित मानवीय सहायता की अनुमति दी जाएगी। हमास आतंकवादियों के इजराइल में घुसने के बाद 7 अक्टूबर को शुरू हुआ युद्ध दोनों पक्षों के लिए अब तक के गाजा युद्धों में यह सबसे घातक बन गया है।

**अमेरिका के अनुरोध पर अनुमति दी**

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 3,785 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और लगभग 12,500 अन्य घायल हुए हैं। इनमें 1,524 बच्चे, 1,000 महिलाएं और 120 बुजुर्ग हैं। इसके अतिरिक्त 12,493 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 3,983 बच्चे और 3,300 महिलाएं हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अशरफ अल-किदरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर बढ़ते तनाव की चर्चा करते हुए बताया कि 44 चिकित्सा कर्मचारियों की मौत हो गई थी और 70 अन्य घायल हो गए थे।

उधर, इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि 206 लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्हें हमास ने पकड़ लिया है और गाजा में ले जाया गया है। मौजूदा युद्ध में दोनों पक्षों के बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के बाद युद्ध और बढ़ने की आशंका है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मजदूर को देना....**

करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया। शीर्ष अदालत ने अपने एक बेहद अहम आदेश में कहा कि सरकारी अथॉरिटी को यह तय करना होगा कि इस तरह की घटना न हो और इस तरह के मामले की निगरानी से हाई कोर्ट को नहीं रोका जा सकता है। 13 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह देश भर के राज्यों के सेक्रेटरी के साथ मीटिंग करे और हाथों से मैले की सफाई रोकने को लेकर तमाम पहलुओं पर बातचीत करे। मैन्युअल स्केवेंजर्स (हाथ से मैले की सफाई) को रोकने के लिए कोर्ट ने जल्द से जल्द कदम उठाने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर हाथ से मैले की सफाई रोकने के लिए अर्जी दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में केंद्र सरकार से कहा था कि वह बताए कि इस मामले में बने 2013 के कानून को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र बताए कि 2014 के सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के तहत जारी गाइडलाइंस को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक ऐतिहासिक फैसले में हाथ से (मैन्युल तरीके से) कचरे और गंदगी की सफाई रोकने के लिए तमाम निर्देश जारी किए थे। साथ ही कहा था कि सीवर की खतरनाक सफाई के लिए किसी मजदूर को न लगाया जाए। बिना सेफ्टी के सीवर लाइन में मजदूर को न उतारा जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों को सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया था।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना, विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण) जबलपुर, एन.आई.टी नं.: टीआरडी-जबल-2x25kV-2023-T-01 दिनांक:19.10.2023**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण – वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारो से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करने हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम:** 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य के डिज़ाइन/संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें अप और डाउन ट्रेक के साथ एल्यूमीनियम फीडर तार और मुख्य अप और डाउन ट्रैक के साथ एईसी और बीईसी अर्थिंग शामिल है। 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए जबलपुर डिवीजन पश्चिम मध्य रेलवे के कटनी – सिंगरौली सेक्शन के बीच न्यू कटनी जंक्शन पीटीएफई से विजय सोता (सहित) (किमी. 1089/17, 18 से 1162/37, 38) तक। **कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल, कार्य की **अवधि:** 18 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)** : रूपये 49,29,86,265.02/– (रूपये उनचास करोड़ उनतीस लाख छियासी हजार दो सौ पैंसठ और दो पैसे मात्र), **बयाना राशि:** रूपये 26,14,900.00/–, **निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 24.11.2023, 15:00 बजे /24.11.2023, 15:30 बजे, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट: https://www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागु होगा।

**वरि. मं. वि. इंजी./क.वि.**
**पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, यॉत्रिक शाखा सिंगल पैकेट सिस्टम, टेण्डर नोटिस संख्या : जबल-यॉ-टेन्डर-25-2023, दिनांक: 18.10.2023**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** JBP-M-Tender-25-2023, dated: 18.10.2023, कार्य का नाम लोकेशन सहित: 24 माह की वारंटी के सहित पाँच हॉट एक्सल बॉक्स हॉट व्हील डिटेक्टर (HAHW) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग जबलपुर मंडल के खंड BNU-KYX (UP Main Line), GW-LDA (UP Main Line), BQQ-RITHI (DN Main Line), PWK-SLHA (DN Main Line), एवं JOBA-MWJ (DN Main line) पर ठेका कार्य हेतु। **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये में:** Rs. 26921700.00, **बयाना राशि रूपये में:** Rs. 284600.00, **टेन्डर फार्म कीमत रूपये में:** Rs. 00.00, **समापन अवधि:** 6 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 14.11.2023 Upto 15.00 Hrs., **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 14.11.2023 at 15.30 Hrs., उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट "https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं.-089/अ-6/2023-24**
**// इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ वसीयतग्रहिता के.एम.सी. रॉव पति स्व. श्री चन्द्रशेखर रॉव, निवासी-8, मोदी कॉलोनी, टैगोर नगर, ग्वारीघाट, जबलपुर म.प्र. के द्वारा मोदी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी का प्लाट नं. 8 रकवा 4800 वर्गफुट तथा मौजा कटंगा-रामपुर नं.बं. 01 प.ह.नं. 28, नया 6, रा.नि.मं. जबलपुर-1 तह. व जिला जबलपुर स्थित ले-आउट प्लाट नं. 10 एवं 12 के भाग रकबा 2346 वर्गफुट एवं प्लाट नं. 13 रकबा 3895 वर्गफुट इस तरह कुल प्लाट रकबा 6195 वर्गफुट जिसका डायवर्सन प्लाट नं. 131 एवं 2 तथा डायवर्सन शीट नं. 249/1 एवं 251/3 का भाग जिसका नामांतरण उपरांत पटवारी ख.नं. 29/2/च के भाग पर निर्मित एस. स्क्वायर अपार्टमेंट में तल मंजिल पर स्थित दुकान नं. 08 जिसका बिल्टप रकबा 180 वर्गफुट है जिसका अविभाजित रकबा 36 वर्गफुट भूमि को वसीयतनामा दिनांक 14/12/2021 के माध्यम से वसीयतकर्ता- श्री चंद्रशेखर राव पिता श्री के. सुब्बाराव, निवासी 8, मोदी कालोनी, टैगोर नगर, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर से वसीयतनामा/ बटवारनामा/ हस्तांतरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 26/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/10/2023 को जारी।

**जारी दिनांक-06/10/23** **नायब तहसीलदार**
**पेशी दिनांक-26/10/23** **गोरखपुर जबलपुर**

**आम सूचना**

मैं AARNA SADANI W/O BHARAT SADANI यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर M4885366 जारी दिनांक 13/01/2015 वैद्यता दिनांक 12/01/2025 में मेरा नाम AASHTA RAMANI D/O VIJAY RAMANI लिखा हुआ हैं, जिसे विवाह के बाद बदलकर मैंने अपना नाम AARNA SADANI W/O BHARAT SADANI रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है ।

अतः मेरे नाम को AARNA SADANI ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें।

विवाह पूर्व नाम –
AASHTA RAMANI
वर्तमान नाम –
AARNA SADANI
पता – HIG-10, JDA COLONY, KATANGA, NEAR BHRAM KUMARI ASHRAM, JABALPUR (M.P.) PIN - 482001

र.नं. 1453

In The Court of I, Civil Judge Class-II
District Court, Jabalpur
presiding Officer:
**श्रद्धा पांडे**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(MJC/0000498/2019)**
**लोटस ठाकुर, लटोरी सिंह ठाकुर.....वादी**
**Vs**
**श्रीमती जानकी सिंह.....प्रतिवादी**
**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:-04/12/2023**

प्रेषिती-(1) दशरथ सुखदेव प्रसाद पिता सुखदेव गोकुल प्रसाद पता-सहसचिव लघु वेतन कल्याण को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी लोटस ठाकुर, लटोरी सिंह ठाकुर ने आपके विरूद्ध एमजेसी सिविल आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी-प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रद्धा पाण्डेय)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड), जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 1452

**न्यायालय, पंजीयक, लोक न्यास एंव अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग-गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्र..../ब-113(2)/2023-24
प्रतिभास्थली ट्रस्ट, जबलपुर
द्वारा- ब्रम्हचारिणी नीरज जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जी काला निवासी- ज्ञानोदय विद्यापीठ, तिलवाराघाट, जबलपुर।
..........आवेदक
विरुद्ध
म.प्र. शासन
........अनावेदक

**- इश्तहार एवं आम सूचना -**

प्रतिभास्थली ट्रस्ट, जबलपुर द्वारा ब्रम्हचारिणी नीरज जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जी काला, निवासी-ज्ञानोदय विद्यापीठ, तिलवाराघाट जबलपुर, द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की निवासी धारा-25 के अधीन इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि प्रतिभास्थली ट्रस्ट, जबलपुर एक रजिस्ट्रर्ड न्यास है जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 09/बी-113(1)/2004-2005 है। प्रतिभास्थली ट्रस्ट की मीटिंग में दिनांक 16/08/ 2022 दिनांक 18/08/2022 व दिनांक 20/08/2022 में पारित निर्णय के अनुसार कमश:- (1). ब्रम्हचारिणी सुषमा जैन, पिता श्री मुलायम जी जैन (2) ब्रम्हचारिणी नीरज जैन, पिता श्री नरेन्द्र कुमार जी काला (3) ब्रम्हचारिणी उन्नति संघवी, पिता श्री नरेश शांतिलाल जी संघवी (4) ब्रम्हचारणी गुंजन जैन, पिता श्री कमलचंद जी जैन (5). ब्रम्हचारणी रजनी जैन पिता श्री निर्मलचंद जी जैन को प्रतिभास्थली ट्रस्ट में नवीन न्यासी के रूप शामिल किया गया है। उक्त नवीन न्यासियों का नाम न्यास पंजी में दर्ज कराने के आश्य से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: एतद् न्यास से संबंधित हितवद व्यक्तियों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 22 नवम्बर 2023 को विचार के लिए नियत है कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन / दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 18/10/2023/
पेशी दिनांक – 22/11/2023

**(श्री पंकज मिश्रा)**
**पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभाग गोरखपुर जबलपुर**
र.नं. 1454

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003**
**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रांसपोर्टनगर महाराजपुर जबलपुर में मकान ...

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
र.नं. 1457

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003**
**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रांसपोर्ट नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित ...

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
र.नं. 1457

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003**
**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कालोनी मण्डला में मकान नंबर ...

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
र.नं. 1457

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**
**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास ...

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
र.नं. 1457

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री आनंद कुमार शुक्ला पिता स्व. नारायण प्रसाद शुक्ला निवासी- म.नं. 870 शांति नगर, जबलपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के बड़े पुत्र चि. हिमांशु शुक्ला का फैमिली कोर्ट केस चल रहा है। मेरे पक्षकार एक वृद्ध 72 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक हैं उनका एवं उनके परिवार से पुत्र हिमांशु से करीब 3-4 वर्षों से किसी भी तरह का संपर्क, संबंध नहीं है और न कोई अन्य जानकारी है। चूंकि मेरे पक्षकार द्वारा एवं उनके परिवार द्वारा चल अचल संपत्ति, एवं शरीर से बेदखल कर नोटरी प्रपत्र द्वारा सूचित किया गया है। अत: उन्हें अदालत एवं अन्य पुलिस का वारंट संबंधित जानकारी के लिये अनावश्यक रूप से पीड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

जबलपुर,
दिनांक –20/10/2023

**वैभव गर्ग (अधिवक्ता)**
**म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**आफिस/निवास- एफ-1, सीट नं. 44 जिला न्यायालय जबलपुर म.प्र.**
**मो. 9827287557**
र.नं. 1455

# देश-प्रदेश

उवाच

## बीआरएस को उखाड़ फेकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि साल 2004 में कांग्रेस ने आपसे तेलंगाना बनाने का वादा किया था। सोनिया गांधी ने तेलंगाना बनाने में आपकी पूरी मदद की। मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया गांधी ने तेलंगाना की मदद नहीं की होती तो तेलंगाना बनता ही नहीं। राज्य के एक परिवार के पास सारा पैसा जाता है, आपका सारा पैसा केसीआर परिवार को मिलता है। पिछले 10 साल केसीआर ने आपसे पैसा लूटा है। मैं आपको बता रहा हूं, जितने रुपए केसीआर ने आपसे लूटे हैं, उतने रुपए हम आपको वापस देने जा रहे हैं।

### सार-समाचार

## मोदी आज ग्वालियर आएंगे, सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्वालियर आएंगे। श्री मोदी इस दौरान सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह, सिंधिया स्कूल के चेयरमैन शामिल रहेंगे। इसके साथ ही सिंधिया स्कूल से ही निकले कई प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया गया कि श्री मोदी शनिवार शाम साढ़े 4 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। स्थापना दिवस समारोह में सिंधिया स्कूल के पूर्व छात्र पार्श्व गायक नितिन मुकेश सहित मीत ब्रदर्स भी शामिल होंगे। समारोह में विद्यार्थियों और अतिथियों सहित करीब 5 हजार लोग मौजूद रहेंगे।

## विध्वंसक जहाज इम्फाल नौसेना के बेड़े में शामिल

मुंबई, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संस्था-शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने नौसेना के लिए विध्वंसक पोत तैयार किया है। प्रोजेक्ट 15 बी क्लास गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा स्टील्थ डिस्ट्रॉयर-इम्फाल नौसेना को सौंप दिया गया है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि जहाज का निर्माण स्वदेशी स्टील डीएमआर 249 का उपयोग करके किया गया है। इसे भारत में निर्मित सबसे बड़े विध्वंसक जहाजों में से एक बताया जा रहा है। इसकी कुल लंबाई 164 मीटर है। इम्फाल का डिस्प्लेसमेंट 7500 टन से अधिक है। यानी समुद्र में जहाज परिचालन के दौरान इतनी मात्रा में पानी का विस्थापन होगा।

## मिजोरम के लिए भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। 40 स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित समेत कई अन्य प्रचारक शामिल हैं। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान होगा।

## सरकार, भाजपा के प्रचार में सेना का इस्तेमाल गलत : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता कर्नल (अवकाश प्राप्त) रोहित चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाने में सेना के जवानों का इस्तेमाल कर रही है जो अनुचित और पूरी तरह से गलत है। कर्नल चौधरी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का काम देश की सेवा करना है और किसी भी सरकार को अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सेना का काम सरकार और भाजपा का प्रचार करना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए सेना के हाथ सरकारी योजनाओं के पोस्टर थमा दिए हैं। डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस ने एक सर्कुलर जारी किया है जिसके तहत देश में मोदी सरकार की योजनाओं से जुड़े 822 सेल्फी पॉइंट्स बनेंगे। इन्हें बनाने के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। यह पूरी तरह से गलत और सत्ता का दुरुपयोग है।

### लटेरी की चुनावी सभा में शिवराज ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले-

# खड़गे जी जवाब दें, अखिलेश को धोखे में क्यों रखा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन बनाया है। इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी न तो देश का विकास कर सकती है और न ही मध्यप्रदेश का। इंडी गठबंधन का ये हाल हुआ है कि, एक दिल के टुकड़े हजार हुए एक यहां गिरा एक वहां गिरा। अखिलेश कह रहे हैं इंडी गठबंधन और कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया है। खड़गे जी जवाब दीजिए, आपकी पार्टी ने धोखा क्यों दिया है? कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व बताए कि अखिलेश यादव को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने धोखे में क्यों रखा ? बेटों को बचाने के चक्कर में मध्यप्रदेश में कांग्रेस का सत्यानाश हो रहा है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा जिले की सिरोंज विधानसभा के लटेरी में पार्टी प्रत्याशी श्री उमाकांत शर्मा के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा के पहले मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सलकनपुर में माता रानी के दर्शन कर प्रदेश की जनता के सुख-समृध्दि एवं मंगल व कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल करते हुए कहा कि खड़गे जी जवाब दे, कमलनाथ जी ने इंडी गठबंधन की रैली मध्यप्रदेश में क्यों रद्द की....? खड़गे जी जवाब दें, क्या आपकी पार्टी ने इंडी गठबंधन को धोखा नहीं दिया है..? उन्होंने कहा खड़गे जी बताए क्या दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने अखिलेश को धोखे में नहीं रखा। अखिलेश यादव कह रहे थे कि, कांग्रेसियों ने धोखा दिया, रात भर बैठाया, सालभर बात की और हमें सीट ही नहीं दी अब हम अलग लड़ेंगे। आप वाले भी निकलकर भाग गए कि, हम नहीं आ रहे हैं। हम भी अलग जाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मोदी जी की

### सिरोंज के विकास को नई दिशा मिली

लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था जो बनने से पहले ही टूट रहा है। यह अजीब गठबंधन है, दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती। उन्होंने कहा कि, अखिलेश यादव जी कह रहें हैं कि, कांग्रेस ने उन्हें और समाजवादी पार्टी को धोखा दिया है। अखिलेश जी जिन अपशब्दों का प्रयोग कर रहें हैं इससे उनके मन की स्थिति समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस आपस में भी धोखा दे रही है। कुछ टिकट कमलनाथ जी ले गए, कुछ दिग्विजय जी ले गए और बाकी सब हाथ मलते रह गए। ये अपने पुत्रों को स्थापित करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेसी तो एक दूसरे को ही गाली दे रहे हैं, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह अभी तो आपस में ही भिड़े हैं। कमलनाथ कह रहे हैं, मैंने थोड़ी टिकट दिया है, कपड़े फाड़ने हैं तो दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह के फाड़ो। धन्य हैं ऐसे नेता जो अपने साथी के कपड़े फड़वा रहे हैं। जिस नेता में यह दम ही नहीं हो कि मैंने किया है तो क्या वह नेता, नेता कहलाने के लायक है ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस कि स्थिति ये है कि कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कह रहे हैं कि छिदवाड़ा का टिकट मैं बाटूँगा। वहीं से घोषित कर देते हैं। ये अपने बेटे को बनाने की जुगाड़ में हैं लेकिन बेटों के चक्कर में पार्टी का ही सत्यानाश हो रहा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, ये इंडी गठबंधन और कांग्रेस आपका भला नहीं कर सकती है। भला करने वाली पार्टी एक ही है भारतीय जनता पार्टी और देश का नेता एक ही है नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्यप्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है।

### विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार एक-दूसरे के सामने ठोक रहे ताल

# जेठ-बहू से लेकर चाचा-भतीजा आमने-सामने

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार भी एक-दूसरे के सामने ताल ठोकते नजर आ रहे हैं, कहीं जेठ और बहू आमने-सामने हैं तो कहीं चाचा और भतीजे के बीच मुकाबला है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होने वाला है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस तथा भाजपा अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे रही है। कांग्रेस तो 229 स्थान के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, भाजपा अब तक 136 विधानसभा क्षेत्र के लिए ही उम्मीदवार तय कर पाई है। राज्य में वर्तमान में जो स्थिति उभर रही है, उसमें सागर में सबसे रोचक मुकाबला नजर आ रहा है क्योंकि यहां पर भाजपा ने शैलेंद्र जैन तो वहीं कांग्रेस ने निधि सुनील जैन को मैदान में उतारा है। दोनों के रिश्ते को देखें तो शैलेंद्र जेठ हैं तो वहीं निधि उनके छोटे भाई की पत्नी हैं। कुल मिलाकर यहां मुकाबला जेठ और बहू के बीच है।

इसी तरह देवतालाब में भी रोचक मुकाबला है, जहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है तो उनके मुकाबले में भतीजे पद्मेश गौतम पर कांग्रेस ने दावा लगाया है। नाते रिश्तेदारों के बीच मुकाबला पर गौर करें तो डबरा में समधी और समधन के बीच मुकाबला है।

यहां भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री इमरती देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस से विधायक सुरेश राजे चुनाव लड़ रहे हैं। यहां से वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी यही मुकाबला था और कांग्रेस के सुरेश राजे जीत हासिल करने में सफल हुए थे। राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अभी सभी उम्मीदवार घोषित होने के बाद और भी कई रोचक मुकाबले नजर आने वाले हैं क्योंकि भाजपा की ओर से अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शेष रह गया है।

## टिकट कटने के बाद कांग्रेस विधायक मावई ने दिखाए बगावती तेवर

**मुरैना, देशबन्धु।** मुरैना के कांग्रेस विधायक राकेश मावई ने उनका टिकट काटे जाने के बाद एक तरह से बगावती तेवर दिखाते हुए आज सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी कि वे पार्टी के लिए कार्य नहीं करेंगे। श्री मावई ने यहां मीडिया से कहा कि वे किसी और पार्टी में भी नहीं जाएंगे और कांग्रेस के लिए काम भी नहीं करेंगे।

श्री मावई ने प्रदेश के पार्टी नेतृत्व से जानना चाहा कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि उनका टिकट क्यों काटा गया। उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शायद उनका यह कसूर था कि उन्होंने अपने दस वर्ष के जिला अध्यक्षीय कार्यकाल में मुरैना जिले की छह की छह विधानसभा सीट पार्टी के लिए जितवायीं। श्री मावई ने कहा कि उन्होंने विधानसभा उपचुनाव में 'सिंधिया परिवार' से अपने परिवार के लगभग 40 साल के संबंधों को तिलांजलि देकर कांग्रेस का साथ दिया और उन्होंने स्वयं मुरैना की सीट जीतकर कांग्रेस को दी।

उन्होंने नाराजगी जताते हुए दोहराया कि अब वे और उनके समर्थक पार्टी के लिए कार्य नहीं करेंगे और इसके नतीजे विधानसभा चुनाव परिणाम में दिखेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अब कांग्रेस मुरैना जिले में सभी छह सीट पर पराजय का सामना करेगी। कांग्रेस की ओर से शुक्रवार की रात जारी प्रत्याशियों की सूची में मुरैना से मौजूदा विधायक श्री मावई के स्थान पर श्री दिनेश गुर्जर को टिकट दिया गया है। इसके बाद से ही श्री मावई और उनके समर्थक नाराज हैं।

## कांग्रेस विधायक कुशवाह और भाजपा नेता राकेश सिंह बसपा में शामिल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की सुमावली विधानसभा से कांग्रेस के विधायक अजब सिंह कुशवाह का कांग्रेस ने टिकट काटे जाने के बाद उन्होंने आज बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। वहीं भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के बेटे राकेश सिंह ने भी बसपा का दामन थाम लिया। राकेश मुरैना से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। बताया जाता है कि इन दोनों नेताओं को इनके क्षेत्रों से बसपा टिकट देगी।

### कांग्रेस ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

# मप्र में 18 साल में अर्थव्यवस्था हुई खस्ताहाल : सुप्रिया

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के 18 सालों में अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो गई है कर्ज बेतहाशा बढ़ा है।

उन्होंने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर क़रीब चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज़ा है, इसके बाद क़रीब 20 हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा सरकार ब्याज चुकाती है। राज्य के प्रति व्यक्ति पर 40 हजार रुपए से ज़्यादा का कर्ज है। कर्ज़ में डूबी हुई सरकार में भ्रष्टाचार भी बेलगाम है। उन्होंने कहा कि कर्ज का सीधा संबंध बेरोज़गारी से है। राज्य के दो करोड़ युवाओं के भविष्य की कोई बात ही नहीं कर रहा। 40 लाख से ज़्यादा बेरोज़गार रोजगार केंद्र पर पंजीकृत थे जिनमें से मात्र 21 लोगों को नौकरी मिली। नौकरी ना मिलने का सबसे बड़ा कारण है कि यहाँ निवेश नहीं आ रहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शिक्षा का बुरा हाल है। भर्ती घोटालों की वजह से बच्चों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने पर एक से आठ कक्षा तक के छात्रों को 500 रुपये प्रति महीना, नौ और 10 कक्षा के छात्रों को 1000 रुपया और 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को 1500 रुपये प्रति महीना देंगे। श्रीमती श्रीनेत ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश के लोगों की औसत आय 1.2 लाख रुपए है, जबकि देश की औसतन आय 1.48 लाख रुपए है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान के धान और गेहूं को उचित दाम मिलेगा, 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा बीमा योजना मिलेगी, नारी सम्मान योजना के अन्तर्गत डेढ़ हजार रुपये महीना और 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। रिक्त सरकारी पद भरे जाएँगे, तेंदूपत्ता प्रति बोरा 4000 रुपये दिये जायेंगे।

### भाजपा नेता विश्वास सारंग ने कांग्रेस को घेरा, कहा-

# कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान सड़क पर आई

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी की अंदरूनी खींचतान सड़क पर आ गई है। पार्टी की जो कपड़ा फाड़ राजनीति बंद कमरों के अंदर चल रही थी, वो अब सार्वजनिक हो गई है। वहीं, गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस में अपने-अपने साम्राज्य, अपने छत्रपों और अपने-अपने गुर्गों को स्थापित करने की रस्साकशी उजागर हो गई है। दोनों सूचियों से उपजे असंतोष से कांग्रेस पार्टी तार-तार हो गई है और चुनाव में वह दो अंकों तक भी नहीं पहुंच सकेगी। यह बात प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही।

श्री सारंग ने कहा कि अभी कुछ समय तक प्रदेश कांग्रेस के जो दो नेता गलबहियां डाले घूम रहे थे और प्रदेश में सरकार बनाने की डींगें हांक रहे थे, उनका असली मंतव्य कांग्रेस की दोनों सूचियों से सामने आ गया है। श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची आने के बाद कमलनाथ ने कपड़े फाड़ने की बात की, तो दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने उनकी गलतियों को उजागर किया। लेकिन दूसरी सूची आने के बाद तो पार्टी में विरोध और असंतोष इतना तीव्र हो गया है कि उम्मीदवारों की सूची से ज्यादा लंबी इस सूची के विरोध में इस्तीफा देने वालों की सूची हो गई है। श्री सारंग ने कहा कि गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस में टिकटों के लिए बोलियां पहले भी लगती रही हैं। लेकिन इस बार तो सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गए। इस बार यह तय करने के लिए भी बोलियां लगी कि बोली कौन लगाएगा। दिग्विजय सिंह लगाएंगे, कमलनाथ लगाएंगे, नकुलनाथ लगाएंगे या जयवर्धन लगाएंगे।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की कार्रवाई की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर जिले की राऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के झंडे घरों पर लगाने पर धमकाने के मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने निर्वाचन आयोग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि घरों पर झंडा लगाने पर एक मामला 19 अक्टूबर की रात को करीब 9 से 10 बजे सामने आया, जिसकी शिकायत प्रार्थी विकास चौहान ने थाना भंवर कुवा में की है। उन्होंने कहा कि पार्थी विकास चौहान ने स्वयं की मर्जी से अपने घर पर झंडा लगाया हुआ था। एक वाहन से मुस्तफा एवं आलोक जैन नाम के व्यक्ति घर पर 19 अक्टूबर 2023 की रात को करीब 9 से 10 बजे के करीब आए। वह धमकी देकर गए कि भाजपा का बहुत काम कर रहे हो काम बंद कर दो वरना बहुत बुरा होगा।

आज यानी 20 अक्टूबर 2023 की सुबह उक्त दोनों व्यक्ति वापस आए और पत्नी को धमकी दी कि झंडा निकाल दो, जिस वाहन से यह लोग आए थे उस वाहन के पीछे की तरफ विधानसभा क्रमांक -01 और आगे की तरफ विधानसभा क्रमांक-03 का परमिशन का पर्चा चिपका हुआ था।

## दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन भरेंगे भाजपा प्रत्याशी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो जाएगी। भाजपा प्रत्याशी दिग्गज नेताओं की मौजूदगी नामांकन दाखिल करेंगे।

बताया गया कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह जैसे प्रमुख नेताओं के नामांकन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति इरानी, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, अश्विन वैष्णव और असम के मुख्यमंत्री हेमेत बिस्वा सरमा जैसे केंद्रीय नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी नामांकन रैलियों में शामिल होंगे।

बताया गया कि पार्टी ने लगभग डेढ़ सौ सीटों को चिन्हित किया है, जहां बड़े नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र भरवाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि दिग्गज नेताओं के आने से पार्टी के प्रति माहौल बनेगा और कार्यकर्ता भी उत्साह के साथ चुनाव प्रचार में जुटेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार 21 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों को जमा करने का काम आरंभ हो जाएगा। 30 अक्टूबर को अंतिम तिथि के पहले नवमीं और दशहरा जैसे त्योहार व सप्ताहिक अवकाश के कारण नामांकन पत्रों को जमा करने के लिए कम दिन मिलेंगे।

### 229 प्रत्याशियों में 62 फीसदी टिकट पिछड़ों को दिए

# मप्र में कांग्रेस ने 30 महिलाओं को दिया टिकट

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित करने के मामले में बाजी मार ली है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 229 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। पार्टी ने पिछड़े वर्ग के 62, अनुसूचित जाति के 34 और अनुसूचित जनजाति के 48 लोगों को टिकट दिया है। इनमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 30 है। इस तरह लगभग 14 फीसदी महिलाओं को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। घोषित उम्मीदवारों में 99 उम्मीदवार 50 वर्ष से कम और 178 उम्मीदवार 60 वर्ष से कम आयु के हैं।

दरअसल, राज्य में कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की वकालत करते आए हैं। मगर कांग्रेस की जो सूची आई है, उसमें महिलाओं को उम्मीदवार बनाए जाने का प्रतिशत 14 है। कांग्रेस ने पहली सूची में 144 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था, जिसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 19 थी। कांग्रेस की दूसरी सूची 88 उम्मीदवारों की आई है, जिनमें तीन उम्मीदवारों में बदलाव किया गया है। इसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 11 है। इस तरह राज्य की 229 विधानसभा सीटों के लिए घोषित उम्मीदवारों में महिलाओं की संख्या 30 है। कांग्रेस की दूसरी सूची में जिन 11 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें चार बुंदेलखंड से हैं। यह हैं, बीना से निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रहली से ज्योति पटेल, सागर से निधि जैन, बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, गाडरवारा से सुनीता पटेल, कुरवाई से रानी अहिरवार, सारंगपुर से कला महेश मालवीय, नेपानगर से गेंदु बाई चैहान, धार से प्रभा गौतम और धोहनी से कमलेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका दिया

मध्यप्रदेश में पार्टी ने जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया है। वहीं भगदड़ से जूझ रही भाजपा ने दिल्ली के चेहरों को प्रदेश के मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने टिकट वितरण में सामाजिक समीकरण और लैंगिक समानता का ध्यान रखा है। वहीं अनुभव और युवाओं को पूरा मौका दिया गया है।

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/152 दिनांक 20.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रनेश चन्द्र वर्मा पिता स्व. श्री रमेश चन्द्र वर्मा ने मकान नं. 364 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1150+171 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/ दिनांक 20/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहन सिंह राजपूत पिता श्री मदन सिंह राजपूत, श्रीमती अंशु सिंह राजपूत पत्नी श्री मोहन सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक -3361/34 आकर्ष इंक्लेव चौथामील तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46003350, 1000381745 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 400 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सी.बी. अब्राहम पि. श्री के.सी. वर्गीस, श्रीमती अनम्या पत्नी बी.वी. अब्राहम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.19/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जय कुमार केशरवानी पिता स्व. श्री डी.आर. केशरवानी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 878/ए-1, फ्लेट नं.-23 सांई मंदिर चौक सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400625 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1150 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1150 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में श्रीमती सुनीता राजेश भसीन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.16.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुरसती देवी पत्नी स्व. गंगा विशुन श्री विमल कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. गंगा विशुन ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-182 ख.नं. 61/99 के भाग से पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003907999 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. भूमि पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र/ शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ त्यागपत्र/रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप सिंह विक्रम सिंह ऋषि रमन सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

# अभिमत

*शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?*

## विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?

पुष्परंजन

**इस समय दो-तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकॉर्ड का क्या होगा?**

रा ष्ट्रपति जो बाइडेन कन्फ्यूड हैं। हमास के हमले के समय बयान देते रहे कि हम नेतन्याहू के साथ हैं। अब बोले कि जिस तरह का हमला गाज़ा में हुआ, उसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। भारत की तरह अमेरिका में भी 2024 में चुनाव है। फ़र्क़ इतना भर है कि जिस तरह भारत में इस समय पांच राज्यों में चुनाव है, अमेरिका उस तरह से दो-चार नहीं है। वहां एक राउंड में ही फाइनल चुनाव है। भारत में फाइनल से पहले कई सेमीफाइनल हैं। पीएम मोदी इस समय पांच राज्यों में आहूत सेमीफाइनल की व्यूह रचना में ख़ुद इतना उलझ गये कि सांस लेने तक की फुर्सत नहीं है। संभवत: यही विवशता है कि पीएम मोदी मध्यपूर्व में शांति के लिए लीड नहीं ले रहे हैं।

लेकिन जो बाइडेन की घरेलू राजनीति में इस समय इज़राइल चस्पां है। उन्हें साबित करना है कि वो एक सक्षम नेता हैं। मगर, बाइडन शांति स्थापना से अधिक आग लगाने में माहिर दीखने लगे। अपने घर की समस्याओं को अड़ेस करने में विफल जो बाइडेन एक युद्धकालीन नेता की तरह अचानक से सक्रिय हुए हैं। बावजूद इसके, प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकंस ने 80 साल के जो बाइडेन को एक कमज़ोर, शिथिल और ढीले-ढाले नेता के रूप में उनकी छवि गढ़ने में सफलता प्राप्त की है।

ठीक से देखा जाए तो हर आम चुनाव से कुछ महीने या साल पहले किसी दूसरे ज़मीन पर युद्ध की स्थिति बनती है, और अमेरिका में सत्ता और विपक्ष अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ता है। सन् दो हज़ार से पहले के कालखंड की चर्चा कभी बाद में करते हैं। मार्च 2003 में इराक युद्ध से ही इन्हें समझने का प्रयास करते हैं। तब अमेरिका में उसके अगले साल आम चुनाव था। उसके बाद, 2003 से 2011 तक इराक में युद्ध का सिलसिला चलता रहा, उन नौ वर्षों में अमेरिकी मतदाताओं और टैक्स पेयर्स की आंखों में अमेरिकी नेता धूल झोंकते रहे।2016 में अमेरिकी आम चुनाव वाले समय सीरिया डिस्टर्ब कर दिया गया। सीरिया 2020 तक गृहयुद्ध में उलझा रहा, इस बीच अफ़ग़ानिस्तान भी एक बड़ा मोर्चा था। अमेरिकी नेता अपनी घरेलू राजनीति को युद्ध के बहाने मज़बूत करते रहे।

इस बार भी विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन रिपब्लिकन की आलोचना से बचने की कोशिश कर रहे हैं। युद्धविराम के लिए दुनिया भर में बढ़ती मांग के बावजूद जो बाइडेन ने गाज़ा के खिलाफ़इजरायली सैन्य अभियान को अपना समर्थन देने के लिए इस सप्ताह इजरायल का दौरा किया। लेकिन जिस पैमाने पर गाज़ा में नरसंहार हुआ, उसे देखते हुए जो बाइडेन भी चौतरफ़ा दबाव में आ गये लगता है। गुरूवार को उन्हें कहना पड़ा कि ऐसी ग़लती न दोहराई जाए। ऐसे बयान का मतलब यही होता है कि मानवता के विरूद्ध इज़राइल ने अपराध किया है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में बेंजामिन नेतन्याहू पुतिन के बाद इस कालखंड के दूसरे नेता शायद हो जाएं, जिन्हें युद्ध अपराधी घोषित कर गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया जाए।

इस समय दो तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकार्ड का क्या होगा?

अब्राहम अकार्ड की चर्चा से पहले हमें इज़राइल फिलिस्तीन विवाद की टाइम लाइन को संक्षेप में समझ लेना चाहिए। वर्ष 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने ऑटोमन साम्राज्य से फिलिस्तीन के बड़े भूभाग को अपने कब्जे में लिया और 2 नवंबर, 1917 की बॅल्फोर घोषणा के तहत यहूदियों को बसने के लिए जगह देने का अहद किया गया। नवंबर 1947 में संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव-181 के तहत फिलिस्तीन के इस भूभाग को यहूदी और अरब राज्य में विभाजित कर दिया गया तथा जेरूसलम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा गया। इस तरह के विभाजन से पूर्वी जेरूसलम सहित वेस्ट बैंक का हिस्सा जॉर्डन के पास और गाज़ा पट्टी का क्षेत्र मिस्र के पास चला गया। फलस्वरूप लगभग-लगभग साढ़े सात लाख फिलिस्तीनी शरणार्थियों ने वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और दूसरे अरब देशों में जाकर शरण ली।

14 मई, 1948 को इजराइल की स्थापना हुई, जो अरबों के लिए अस्वीकार्य था।8 महीनों तक इजराइल और अरब देशों में युद्ध चला। मध्य-पूर्व के इतिहास में 1967 का 'सिक्स डे वॉर' दर्ज़ है, जिसमें इजराइल ने जॉर्डन, सीरिया और मिस्र को पराजित कर पूर्वी यरुशलम, वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और गोलन पहाड़ी पर कब्जा कर लिया। उसी साल अरब देशों ने खार्तूम बैठक में तीन का प्रस्ताव पेश किये, जिसके अंतर्गत 'इजराइल के साथ कोई शांति नहीं, इजराइल के साथ कोई वार्ता नहीं और इजराइल को किसी प्रकार की मान्यता नहीं' का संकल्प किया गया। यही बुनियादी कारण था कि भविष्य में युद्ध से ही सब कुछ तय करने के रास्ते खुल गये।

15 साल बाद खार्तुम प्रस्ताव को नकारते हुए 1979 में कैंप डेविड समझौते के आधार पर मिस्र ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर इज़राइल को मान्यता दी। उसके प्रकारांतर जॉर्डन ने वर्ष 1994 में इजराइल के साथ सुलह कर लिया। इस बीच इजराइल और फिलिस्तीन ने 1993 और 1995 में ओस्लो समझौते पर हस्ताक्षर किए। लेकिन 2000 के दशक की शुरुआत में जब इजरायल में विद्रोह की एक श्रृंखला शुरू हुई, तो समझौते टूट गए। 13 अगस्त 2020 को इजराइल-यूएई के बीच शांति समझौते की घोषणा हुई, और उसके प्रकारांतर 11 सितंबर को बहरीन-इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इन समझौतों में अमेरिका और सऊदी अरब की अहम भूमिका को हम नकार नहीं सकते। मिडिल-इस्ट के ये वो देश हैं, जो अमेरिका के रहमों करम पर चलते रहे हैं।

मिडिल-इस्ट मामलों के जानकारों के अनुसार, सऊदी अरब की सहमति के बगैर बहरीन इस समझौते के लिये आगे नहीं बढ़ सकता था। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि वर्ष 2011 में बहरीन में उठे जन-विद्रोह को नियंत्रित करने के लिये सऊदी अरब ने कुवैत और यूएई के साथ अपनी सेना भेजी थी। 2018 में सऊदी अरब ने बहरीन को 10 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। 15 सितंबर 2020 को अब्राहम अकॉर्ड पर हस्ताक्षर हुआ था, जिसमें हस्ताक्षर करने वालों में इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन थे। यहूदी धर्म और इस्लाम के बीच विश्वास मज़बूत करने के लिए इस समझौते को अब्राहम के नाम पर रखा गया है, क्योंकि दोनों ही एकेश्वरवाद के समर्थक हैं।

इस तरह के समझौते का ही नतीज़ा है कि दो दिन पहले यूएई के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बावजूद अमीरात और इजरायलियों के बीच आर्थिक संबंध जारी रहेंगे। अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी ने कहा कि कूटनीति और कारोबार का हम मिश्रण नहीं करते। बहरीन और मिस्र भी लगभग इसी लाइन पर दीख रहे हैं। लेकिन इसका साइड इफेक्ट बाहर से यही समझ में आता है कि मुसलमान देश इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के सवाल पर ईरान की तरह आर या पार नहीं हैं।

2017 में प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल गये थे, तब उनका ग्रैंड स्वागत हुआ था। मोदी और बीबी की दोस्ती परवान चढ़ती गई। यहां तक कि मोदी की सुरक्षा के वास्ते इज़राइल का श्वान दस्ता दिल्ली आया। भारत ने 1950 में इज़राइल को मान्यता दी थी, और 1992 में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। 2022 में अदानी समूह और एक इजराइली भागीदार ने हाइफा पोर्ट के लिए 1.2 बिलियन डॉलर का टेंडर जीता। कुछ महीनों से भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते के लिए भी बातचीत चल रही है। बेशक, भारत के फिलिस्तीन व इजराइल से संबंध जटिल हैं। भारत फिलिस्तीनियों के समर्थन में कभी-कभार अपनी पुरानी लाइन पर वापिस लौट आता है। भारत के साथ ईरान के भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, लेकिन इस समय ईरान जिस इज़राइल को ललकार रहा है, उस तेवर से भारत का इत्तेफ़ाक रखना भी सहज नहीं है।

मिस्र की भी मोदी से निकटता बढ़ी है, जहां वो जून 2023 में काहिरा गये थे। अमीरात और सऊदी अरब 1 अरब 40 करोड़ आबादी वाले भारतीय बाज़ार की उपेक्षा नहीं कर सकते थे। यूएई-भारत के बीच तेल से अलग कमोडिटीज से संबंधित व्यापार 45 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। मोदी ने पश्चिम की ओर देखो नीति को धार देनी चाही, उसी का नतीज़ा था कि वो सऊदी अरब और यूएई जैसे दिग्गज देशों के क़रीब अपनी नीति को ले आये।

मगर, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल में हुआ, उसे शांत करने की पहल में पीएम मोदी पीछे रह गये, इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। पहले पीएम मोदी ने नेतन्याहू को फोन किया, विदेश मंत्रालय ने इज़राइल के समर्थन में बयान दिया। बाद में फिलिस्तीन के समर्थन की बारी आई, महमूद अब्बास से भी पीएम मोदी ने बात की। यानी, प्रथम ग्रासे दक्षिणपंथी की नीति पर प्रधान सेवक अग्रसर हैं। मगर, हमारी सबसे बड़ी चिंता गाज़ा वाले हिस्से में फंसे भारतीय हैं, जिन्हें निकाल लाने में विदेश मंत्रालय ने विवशता ज़ाहिर कर दी।

विवश हम कूटनीति के मोर्चे पर क्यों हो गये? शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**14 अक्टूबर**

- भारत 2023 ग्लोबल हंगल इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रहा।
- महाराष्ट्र स्पीकर को विधायकों की अयोग्ता मामले में कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते।
- जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले में सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा।
- अफगानिस्तान में आए भूकंप से 17 हजार लोग प्रभावित हुए।

**15 अक्टूबर**

- इजरायल के युद्धग्रस्त इलाके से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान।
- विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 8वीं बार शिकस्त दी।
- केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।
- दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडॉग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडॉग आऊटस्टेडिग लर्न से इविटेंशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा विजेता बनीं।

**16 अक्टूबर**

- छग कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के प्रत्याशियों की सूची नवरात्रि के पहले जारी की। छत्तीसगढ़ के 30 उम्मीवारों की सूची जारी की।
- युद्धग्रस्त इजरायल से ऑपरेशन अजय के तहत दो उड़ानों के जरिए भारतीय दिल्ली पहुंचे।
- मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 15 यात्रियों की मौत हो गई।
- 16 अक्टूबर से सेना के शीर्ष कमांडर्स की पांच दिवसीय सम्मेलन शुरु हुआ।

**17 अक्टूबर**

- बहुचर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेन्द्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को इलाहाबाद के उच्च न्यायलय ने बरी कर दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय के गर्भ को समाप्त करने की याचिका खारिज कर दी।
- राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ सुनवाई करेगी।
- बिजनेस हस्ती डेनियल नोबोआ इक्वाडोर के नए राष्ट्रपति चुने गए।

**18 अक्टूबर**

- विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करते तो कोर्ट तय करेगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया।
- तमिलनाडु के दो फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गई।

**19 अक्टूबर**

- मोदी सरकार पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह ने 32000 करोड़ का घोटाला किया।
- केंद्र सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया।
- भाजपा सांसद निशिकांत ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया।
- फर्जी डन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को रामपुर की अदालत ने सात साल की सजा सुनाई।

**20 अक्टूबर**

- छत्तीसगढ़ रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर के नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा।
- दो हजार करोड़ शराब घोटाला कांड के आरोपी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली।
- एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस) के विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में 186 भाजपा विधायक करोड़पति हैं।
- विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि 1 नवंबर 23 तक बढ़ा दी।

## मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश

मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में पिछले दिनों एक अजीब वाक़या हुआ। यहां एक बुजुर्ग को ने एक कैफ़े को आग के हवाले कर दिया। कैफ़े संचालक की शिकायत गिरफ़्तार किये गये इस शख्स ने पुलिस को जो कारण बताया, वह बड़ा ही हास्यास्पद है। उसने कहा कि वह कई दिनों से देख रहा था कि कैफ़े में लड़कियां आती हैं, सिगरेट खरीदती हैं और वहीं खड़े होकर धुआं उड़ाती हैं। यूं खुलेआम लड़कियों के सिगरेट पीने से उसे सख्त ऐतराज़ था और इसी बात के चलते उसने सोचा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। बस फिर उसने कैफ़े में आग लगा दी। इस मामले ने कोई डेढ़ दशक पहले मैंगलोर में हुई उस घटना की याद दिला दी जिसमें हिंदूवादी संगठन श्रीराम सेने के 40 से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने एक पब में जबरदस्ती घुसकर वहां मौजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी की थी, यहां तक कि उन्हें ज़मीन पर पटक भी दिया था। इस घटना के बाद श्रीराम सेने के मुखिया प्रमोद मुथालिक ने कहा था, 'जिसने भी यह किया है उसने अच्छा काम किया है। लड़कियों का पब में जाना स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, सेना के सदस्यों ने जो भी किया वह सही था।'

ये दोनों मामले बताते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में गंगा से लेकर कावेरी तक में चाहे जितना पानी बह गया हो, स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज का रवैया जस का तस है। लगभग हर परिवार ये चाहता है कि उसकी बेटी कल्पना चावला बने लेकिन लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर सीता भी बनी रही। इस अपेक्षा के मुताबिक न चलने पर न जाने कितनी लड़कियों की इज्ज़त की खातिर हत्या कर दी जाती है, जात-बिरादरी से वे बाहर निकाल दी जाती हैं, पैतृक संपत्ति से उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और कहीं तो उन्हें मरा हुआ तक घोषित कर दिया जाता है। अंकिता भंडारी जैसे काण्ड समाज की इस धारणा को मजबूती देते हैं कि लड़कियां अगर बाहर हैं और अकेली भी, तो वे सुरक्षित रह ही नहीं सकतीं। लेकिन इसी समाज में वो लोग भी हैं जो बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, दुष्कर्म के आरोपी नेता के लिए तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा विधायक निर्दोष है। ऐसी दोहरी सोच वाले समाज को लड़कियों का अकेले रहना, अकेले घूमना-फिरना, अपनी मर्जी से अपना साथी चुनना या फिर अविवाहित रह जाना, पान के ठेले पर खड़े होना या जाम लेकर चियर्स कहना भला कैसे रास आयेगा।

कुल मिलाकर परिवार या खानदान की इज्ज़त लड़की को ही बचाना है और संस्कृति की रक्षा का दारोमदार भी उसी पर है। उसके सिगरेट-शराब पीने से ये सब चीज़ें खतरे में आ जाती हैं और अगर उसने ये सबके सामने कर लिया तो शायद प्रलय ही आ जायेगी। खुलेपन के सारे मज़े लड़के लूटें लेकिन लड़कियों को उनका हिस्सा न मिले - श्रीराम सेने जैसे संगठन से लेकर एक अकेले बुजुर्ग तक ये सुनिश्चित करने के लिये तैयार बैठे हैं। दोपहिया वाहन बनाने वाली एक कंपनी ने लड़कियों को लक्ष्य करते हुए नारा दिया था - व्हाई शुड बॉयज़ हैव ऑल द फ़न यानी लड़के ही सारा मज़ा क्यों लें। इंदौर के बुजुर्ग ने जो किया वह महज एक सनक नहीं है, बल्कि एक मानसिकता है जो कहती है - व्हाई शुड गर्ल्स हैव फ़न एट ऑल ! स्त्रियों पर जैसी बंदिशें अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी हुकूमत ने लगाई हैं या ईरान में जिस तरह अपनी आज़ादी के लिये महसा अमीनी जैसी स्त्रियों को अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़ी है, इस मानसिकता के चलते वैसी परिस्थितियां अपने यहां भी बन सकती हैं।

ऐसा इसलिए भी कि मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं। इसके लिये फिलहाल एक उदाहरण काफ़ी होगा। श्रीराम सेने के हमले के ख़िलाफ़ महिलाओं के एक समूह ने तब 'पिंक चड्डी अभियान' चलाया था। सर्वथा अनूठे और अहिंसक इस अभियान के तहत देशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं के अधोवस्त्र श्रीराम सेने के दफ़्तर को भेजे गये थे। उसके बाद फिर कभी उस घटना का दोहराव देखने-सुनने को नहीं मिला। वैलेंटाइन डे पर लड़के-लड़कियों के साथ पाए जाने पर उनकी शादी करवा देने की धमकी भी श्रीराम सेने को वापस लेनी पड़ी।

पलाश सुरजन

**मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।**

## भारत में महिला श्रम शक्ति की हालत बताने वाला नोबेल पुरस्कार

इस साल अथशास्त्र का नाबल पुरस्कार हावडावश्वावद्यालय का प्राफसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं। एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है। नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है।' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं। ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है। उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है। अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं।

उनमें से कुछ की जांच करें तो सबसे पहले यही ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी का यू-शेप है। आर्थिक विकास के साथ अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान से औद्योगिक और अंत में सेवा प्रभुत्व वाली हो गई है। कृषि चरण में महिलाएं अपने पुरुषों के साथ खेतों पर काम करती हैं। औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है। अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं। यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च। अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है। यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है। आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है। स्वीडन जैसे देशों में यह भागीदारी 85 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है। इसका मतलब है कि कामकाजी उम्र में उनकी 90 प्रतिशत महिलाएं या तो भुगतान वाले काम में कार्य कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं। इसके विपरीत भारत में एफएलएफपीआर कम है। कुछ मामलों में यह 20 फीसदी से नीचे है और सभी जी-20 देशों में सबसे कम है। इस पर विवाद रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में एफएलएफपीआर को 27.7 प्रतिशत बताया गया है। लेकिन इसके बारे में अधिक जानकारी बाद में नीचे दी गई है।

महिला भागीदारी के यू-शेप का एक और पहलू पूरी अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास प्रक्षेप वक्र (इकॉनामिक डेवलपमेंट ट्रेजक्टरी) के माध्यम से ही न देखते हुए परिवार की आय और सामाजिक रीति-रिवाजों के लेंस के जरिए से भी देखा जाना चाहिए। बहुत गरीब परिवारों की महिलाएं काम करने के लिए विवश हैं। इसलिए कार्यबल की भागीदारी दर अधिक है। जैसे-जैसे परिवार की आय बढ़ती है, महिलाएं पीछे हट जाती हैं और घर के काम और बच्चों की देखभाल करने लगती हैं। अमीर और बहुत अमीर परिवारों के लिए कार्यबल भागीदारी दर फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-आकार का है लेकिन घरेलू आय के संबंध में है। इस पैटर्न को सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा और अधिक विकृत किया गया है। यदि कोई महिला घर से बाहर वेतन के लिए काम कर रही है तो इसे एक सामाजिक कलंक से जुड़ा माना जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि घर का 'आदमी' या तो आलसी है या अपने परिवार के लिए पर्याप्त कमाने में असमर्थ है।

विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है। उच्च शिक्षा (कॉलेज या स्नातकोत्तर) के साथ उनकी भागीदारी फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-शेप है। यह क्रम भारतीय आंकड़ों में भी देखा जाता है। यहां यू-आकार के लिए स्पष्टीकरण श्रम के आपूर्ति पक्ष से नहीं है या यह कि मध्यम शिक्षित महिलाएं काम नहीं करना चाहती हैं। यह वास्तव में श्रम की मांग की ओर से है। हाई स्कूल या मिडिल स्कूल तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के लिए पर्याप्त और उपयुक्त नौकरियां नहीं हैं। इसलिए नौकरियों के अभाव में वे श्रम बल से बाहर हो जाती हैं।

भारतीय संदर्भों में इस तरह की टिप्पणी सुनना काफी आम है कि 'मेरी बेटी एक अस्थायी नौकरी कर रही है लेकिन जैसे ही उसकी शादी हो जाएगी, वह नौकरी छोड़ देगी।' ऐसा लगता है जैसे नौकरी, शादी और मातृत्व से पहले की बस एक अस्थायी व्यवस्था है। दरअसल, गोल्डिन और अन्य लोगों के काम ने प्रमाणित किया है कि पुराने समय में किस तरह एक वयस्क महिला की प्रमुख कामकाजी उम्र का लगभग 60 प्रतिशत या तो गर्भवती होने या बच्चे का पालन पोषण कराने में खर्च हो जाता था। हमारे दादा-दादी की पीढ़ी को देखें जिसमें एक दर्जन भाई-बहनों वाले परिवार थे। उनकी माताओं की दुर्दशा की कल्पना करें। परिवार नियोजन, विवाह टालने और गर्भधारण के बीच अंतर के कारण यह सब बदल गया। इसके अलावा कुल प्रजनन दर यानी प्राइम एज महिला से पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या में तेजी से गिरावट आई है। गोल्डिन के काम से एफएलएफपीआर को बढ़ाने में गर्भनिरोधक की विशेष भूमिका भी उजागर होती है। उनका काम कार्यस्थल में भेदभाव के खिलाफ और समान वेतन के लिए महिलाओं के संघर्ष को भी कवर करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता गोल्डिन के पूरे और समृद्ध काम को एक लेख में वर्णित नहीं किया जा सकता।

डॉ.अजीत रानाडे

**विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है।**

गोल्डिन को मिला नोबेल पुरस्कार भारत के लिए इससे अधिक समयानुकूल और प्रासंगिक नहीं हो सकता था। भारत में दो दशकों से एफएलएफपीआर लगातार गिर रहा है हालांकि हाल ही में इसमें कुछ वृद्धि हुई है। 2023 का आर्थिक सर्वेक्षण भी देश भर के उन 12 मिलियन स्वयं सहायता समूहों की मूक क्रांति का दस्तावेजीकरण करता है जो लगभग पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए हाल ही में लाया गया कानून भी बहुत जल्द नहीं आया है। सरकार के तीसरे स्तर में आरक्षण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए जिसके कारण अधिकांश राज्यों में गांव, शहर और नगर परिषदों और निगमों में सभी निर्वाचित व्यक्तियों में से आधी महिलाएं हैं।

कई कंपनियां महिलाओं को उनकी पहली या दूसरी गर्भावस्था यानी मिड कैरियर के बाद फिर से भर्ती करने की कोशिश करने में सक्रिय हैं। दो कमियां दिखाई देती हैं जिन्हें भारत सरकार को तत्काल भरना चाहिए। पहला पुरुष और महिला श्रम भागीदारी दर (आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 56 और 28 फीसदी) के बीच का अंतर है और दूसरा एक ही काम के लिए पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच का वेतन अंतर है। यदि इन दोनों अंतरों को समाप्त कर दिया जाता है तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में काफी वृद्धि हो सकती है। गोल्डिन को मिले पुरस्कार के कारण ये मुद्दे फिर फोकस में आ गए हैं।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

आदर्श युवा दुर्गा उत्सव समिति मुकादमगंज में विराजित माता रानी की सौम्य स्वरूप की प्रतिमा के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे हैं।

नवयुवक हिदू जागरण मंडल दुर्गा उत्सव समिति सिंधी कैम्प पुलिस चौकी में भैसे के सिर पर सवार देवी माता।



गोलबाजार एमएच क्लब में विराजित माता भगवती राक्षस का वध करती हुई।

जागृति युवा मंडल विश्वकर्मा मोहल्ला गढ़ा फाटक में जगदंबा माता रानी की आकर्षक प्रतिमा भक्तों का आकर्षण केंद्र बनी।

## भाजपा के पक्ष में काम कर रहे अधिकारी, तुरंत हटाया जाये

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने जिले में जमे उन प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत हटाने की बात कही है जो पिछले पांच साल से ज्यादा समय से एक ही जगह जमे हुये हैं। निवार्चन आयोग से इस बाबत ध्यान देने की मांग की गई है।

उन्होंने पत्रकारों से यह भी कहा कि नियमानुसार अधिकारी किसी भी कार्यालय और जिले में 3 साल से अधिक समय तक नहीं रह सकता। लेकिन इसके बावजूद जिला पंचायत में अतिरिक्त मुख्य कार्यालन अधिकारी पिछले 6 सालों से लगातार एक ही जिले में पदस्थ है। वहीं दूसरी तरफ अधिकारी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कार्यापालन अधिकारी जिला परियोजना प्रबंधक के लिए संरक्षक का काम कर रहे है। इसलिये जिला पंचायत पर

### कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने लगाये आरोप

इतनी शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

यह भी आरोप लगाये गये कि उक्त अधिकारी, कर्मचारी सत्ता दल के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता ने केन्द्र की भाजपा सरकार और जिले सांसद व पश्चिम क्षेत्र के विधायक पद के उम्मीदवार राकेश सिंह पर जमकर निशाना साधा।

पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश जैन, मनोज, आरिफ भाई, अजय दुबे सहित कांग्रेस के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## पनागर में राजेश पटेल तो केंट में अभिषेक चौकसे चिंटू संभालेंगे कांग्रेस की कमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने पनागर और केंट में अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया, जिसमें राजेश पटेल और अभिषेक चौकसे चिंटू हैं। श्री पटैल पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार उन्हें पार्टी ने मौका दिया है। श्री पटैल के अनुसार पार्टी की जीत होगी और आम मतदाताओं का समर्थन मिलेगा, जिस तरह ग्रामीण अंचलों में किसान परेशान हैं, उन्हें खेती के दौरान बिजली और दूसरी तरह की व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर केंट के प्रत्याशी घोषित होने वाले चिंटू चौकसे ने कहा है कि केंट की जनता का आशीर्वाद पार्टी को मिलेगा और क्षेत्र में कई तरह की समस्याओं को हल नहीं किया गया है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, महंगाई के कारण हर वर्ग हलाकान है। चिंटू पूर्व में छावनी परिषद के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद को संभाल चुके हैं, इसका अनुभव भी उन्हें मिलेगा।

## नुक्कड़ नाटक के दूसरे सेमीफाइनल में छा गए विद्यार्थी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता के लिये चलाई जा रही स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार 20 अक्टूबर को राम इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के द्वितीय सेमीफाइनल में प्रथम स्थान श्रीराम कॉलेज, द्वितीय स्थान सेंट एलायसिस कॉलेज तथा तीसरा स्थान शासकीय विज्ञान महाविद्यालय ने पाया। मतदान के प्रति मतदाताओं खासकर युवा मतदाताओं में जागरूकता पैदा करने आयोजित की जा रही जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का फाइनल शनिवार 21 अक्टूबर को श्रीराम इंजियनियरिंग कॉलेज के थियेटर में सुबह 11 बजे से होगी।

**जबलपुर, देशबन्धु।** कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने देवी देवताओं की आकर्षक झांकिया प्रस्तुत की। इसमें विशालकाय रावण भी बनाया गया था। संस्था की संस्थापिका अर्पिता मालपानी, प्राचार्य सोनिया कोचर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## मतदाताओं में जागरूकता फैलाने स्कूल के बच्चों ने मतदान केन्द्र पर की चित्रकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मतदान केंद्रों की दीवारों पर पेंटिंग बनाकर श्रमदान किया, वहीं पेंटिंग के माध्यम से लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया। जिला प्रशासन द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि इसी कड़ी में स्कूलों के के छात्र-छात्राओं से मतदान केंद्रो पर पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को मत देने के लिए जागरुक कर रहे हैं। जिससे लोगों में अपने मत के प्रति जागरूकता आएं और अधिक से अधिक संख्या में लोग मत देने जरूर जाएं। गुरूवार को 15 स्कूलों के बच्चों ने मतदान केन्द्र की दीवाल पर पेंटिंग बनाकर श्रमदान किया। दूसरे स्कूलों के छात्र-छात्राएं मतदान केन्द्रों पर पेंटिंग बनाने का कार्य करेंगे। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान केंद्रों पर श्रमदान कर मतदान केंद्रो को स्वच्छ आकर्षक सुंदर बनाने प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्व विधानसभा में विधायक ने किया संघन जन संपर्क

**जबलपुर, देशबन्ध।** विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महर्षि महेश योगी वार्ड में विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने धनी की कुटिया से प्रारंभ झंडा चौक से सुराही बिल्डिंग से उमा नगर से आलोक नगर पार्क से पम्प हाऊस जनसंपर्क कर विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि पूर्व विधानसभा में किए जा रहे विकास कार्य को देखते हुए आपके दरबार आया हूं। आने वाले समय में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो चौगुना विकास कराये जायेंगे। इस दौरान सोनू तिवारी, मिंटू पहारिया, कीर्ति सिंह ठाकुर, विशाल यादव, पीपी पटेल, राजू तोमर अनिल यादव, विकास विश्वकर्मा, अनुज यादव, आकाश तिवारी, सोनू लाला, रोशन बड्डा, तबस्सुम अंसारी, आकाश पाठक, मगन कोरी, बृज वर्मा, विवेक तिवारी, प्रिंस अति यादव, लक्की विश्वकर्मा, मीनू यादव, आयुष जायसवाल सैंकड़ों की तदाद में कांग्रेस कार्यकर्ता जनसंपर्क में मौजूद रहे।

## भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने नरसिंह वार्ड में किया सघन जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्ध।** जबलपुर की पश्चिम विधानसभा प्रदेश की विकसित, सुव्यवस्थित और सुंदर विधानसभा बनेगी इसका विश्वास आपको दिलाता हूँ, इसके लिए आपके आशीर्वाद की आकांक्षा है, यह बात पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह ने नरसिंह वार्ड में जनसंपर्क के दौरान कही।

श्री सिंह ने कहा यह चुनाव पश्चिम क्षेत्र के विकास की दिशा और दशा को तय करेगा और आपके आशीर्वाद से पश्चिम क्षेत्र में ऐसे अनेक कार्य होंगे जो पश्चिम को एक विकसित विधानसभा बनाएंगे।

उन्होंने कहा यह चुनाव हम सबके लिए महत्वपूर्ण है 2024 लोकसभा चुनाव को भी संदेश देगा। कांग्रेस झूठे वादे करती है 2018 के विधानसभा चुनाव में कर्ज माफी के नाम पर घोषणा पत्र लेकर आए एक भी घोषणा की गई। समाज के साथ वादा खिलाफी की गई। इस मौके पर पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिना अनुमति के विज्ञापन जारी नहीं कर सकेंगे केबल ऑपरेटर

**विधानसभा चुनाव-2023**

**जबलपुर, देशबन्धु।** केबल टेलिविजन अधिनियम 1995 का सभी स्थानीय केबल ऑपरेटर्स को पालन करना अनिवार्य है। केबल ऑपरेटर बिना जिला मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की अनुमति के चुनाव के दौरान कोई भी विज्ञापन जारी नहीं कर सकेंगे। केबल ऑपरेटर्स ऐसा कोई भी विज्ञापन जारी नहीं करेंगे जो कि विधि के प्रतिकूल हो।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दल तथा चुनाव लड़ने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी जो टेलीविजन चैनल पर विज्ञापन प्रसारित करवाने का प्रस्ताव रखता है, उसे 3 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है तथा गैर रजिस्ट्रीकृत राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दल को सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसी अधिनियम की धारा 13 में यह भी प्रावधान है कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर केबल ऑपरेटर्स के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अर्थदण्ड भी किया जा सकता है और सामान जप्ती की भी कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार केबल ऑपरेटर्स प्रतिदिन प्रसारित किये गये कार्यक्रमों समाचारों आदि की पिछले 24 घंटे की रिकार्डिंग डीवीडी अगले दिन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के कार्यालय में जमा करेंगे।

## नवयुग कालेज मे फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नवयुग, कला-वाणिज्य कालेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मनमोहक प्रस्तुती पेश की गई। यूजी से मिस फ्रेशर यूथिका, मिस्टर फ्रेशर सावन बघेल, पीजी से मिस फ्रेशर सोनिका राजपूत को चुना गया। समिति सचिव ज्योति चौबे, प्राचार्य डा. संजय तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हुये। इस अवसर पर डा. अशोक नायक, डा. अनुजा तिवारी, डा. अनिता अवस्थी, डा. पुरोधा यादव, महेंद्र कुमार मिश्र, सौरभ गुप्ता, रामस्वरूप जाटव, डा. मधुलिका बाजपेयी, नेहा दवे, दीपिका तिवारी, डा. पुष्पलता पचौरी, ओपी वाधवा, रूपकुमार भट्ट, आरएल विश्वकर्मा, प्रियंका साहू, प्रभात रंजन सिंह, वंदना कनौजिया, शशांक शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट के गेट नम्बर एक से प्रवेश करना होगा उम्मीदवारों को

### उम्मीदवार के साथ चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन हेतु नामांकन दाखिल के लिए अभ्यर्थियों को कलेक्टर कार्यालय के गेट नम्बर एक से प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन करते समय अभ्यर्थी सहित केवल पांच व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। अभ्यर्थियों द्वारा अपने नमांकन निर्वाचन की सूचना जारी होने के बाद नाम-निर्देशन पत्र जमा करने के तय दिनों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष दाखिल किये जा सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक नाम-निर्देशन पत्र भरते समय अभ्यर्थी के काफिले में शामिल तीन वाहनों को ही रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थी का उसी राज्य का मतदाता होना जरूरी है और उसकी आयु नामांकन पत्रों की संवीक्षा के लिए निर्धारित दिन को 25 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। नामांकन पत्र अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक द्वारा ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी को यदि वह किसी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे दल का अधिकृत प्रत्याशी होने से सम्बन्धित फार्म-ए एवं फार्म-बी नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

एक विधानसभा में निर्वाचन के लिए किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक एवं अधिकतम चार नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र के सभी कालम भरे जाने होंगे लेकिन जो जानकारी प्रत्याशी से संबंधित न हो उन कालमों में भी शून्य या लागू नहीं लिखना होगा। नामांकन पत्र दाखिल करने के इच्छुक व्यक्ति को निक्षेप राशि जमा करनी होगी।

निक्षेप राशि अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 10 हजार रूपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5 हजार रूपए निर्धारित है। इसे संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नगद भी जमा किया जा सकता है।

## प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संभाग मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को जबलपुर में संभागीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सांसद और पार्टी प्रत्याशी राकेश सिंह, विधायक एवं प्रत्याशी अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश प्रवक्ता शशिकांत शुक्ला, मिलन भार्गव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर बताया गया कि मीडिया सेंटर से पत्रकारों को हर जानकारी मिलेगी।

यह मीडिया सेंटर सिर्फ मीडिया सेंटर नहीं बल्कि फ्रेंडली सेंटर होगा। लोकतंत्र में मीडिया का अहम रोल है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाये। पूर्व की सरकार मीडिया से कैसा व्यवहार करती थी, सबको पता है। कांग्रेस का मीडिया के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। कहा गया कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और प्रदेश में भाजपा की सरकार में हर क्षेत्र में विकास ही विकास हुआ है। विकास की यह रफ्तार आगे भी जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी का एक ही मूलमंत्र है सबका साथ और सबका विकास। इसी मूलमंत्र को लेकर हर क्षेत्र में विकास किया जा रहा है।

## उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपए तय की है।

चुनावी खर्च के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने लोक जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों का उल्लेख किया है। प्रावधान के अनुसार राजनैतिक दल के स्टार प्रचारक अपने दल के प्रचार कार्यक्रम के लिए किसी साधन से आना-जाना करते हैं तो उसका खर्चा उम्मीदवार के चुनावी खर्च में नहीं जोड़ा जाएगा। यदि किसी राजनैतिक दल ने अपने उम्मीदवार को स्टार प्रचारक घोषित किया है तो वह अपने विधानसभा क्षेत्र में स्टार प्रचारक नेता नहीं माना जाएगा।

# शारदेय नवरात्र: आज सप्तमी को मां काल रात्रि के स्वरूप का होगा पूजन

## आज पंडालों में विराजमान माँ के दर्शन करने उमड़ेंगे भक्त

आईबीडी रॉयल सिटी चौकीताल जबलपुर

**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित माना जाता है। देवी का यह रुप सबसे अक्रामक है। देवी के इस रूप से दुश्मन भयभीत हो जाते हैं। आज नवरात्र के सातवें दिन माँ कालरात्रि की पूजा अर्चना की जायेगी।

मां कालरात्रि की पूजा करने से जीवन के आर्थिक के साथ-साथ कई अन्य कष्ट दूर होते हैं। देवी कालरात्रि की उपासना करने से नकारात्मक शक्तियां भाग जाती हैं। पूजा के बाद माता को गुड़ का भोग लगाने से अचानक आने वाले संकट दूर हो जाते हैं। आज सातवीं के दिन देवी कालरात्रि का पूजन के बाद गुड़ का भोग लगाएं, माता को रंग-नीला एवं उनका जाप करने का मंत्र-ओम ऐं ह्रीं क्लीं कल रत्रिय्या नमः। नवरात्रि में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं नगर के कई पंडालों में स्थापित की गई है। जिनका श्रद्धालु और समिति सदस्य विधि-विधान से माता शक्ति की उपासना कर मनोकामना सिद्धी की प्रार्थना कर रहे है।

आज नवरात्र की सप्तमी पर नगर और ग्रामीण अचंलों के श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन को सड़कों पर निकलेंगें, तथा पंडालों में विराजमान प्रतिमाओं के दर्शन कर अराधना करेंगे। नगर में कई गरबा समितियों ने गरबे का आयोजन किया है, जिसमें संस्कारधानी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालु डांडियां नृत्य कर देवी मां की उपासना में लीन है।

## आईएमए वुमन

# डॉक्टर विंग की महिला डॉक्टर्स ने किया गरबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्रि के मौके पर आईएमए विमन डॉक्टर्स विंग की डॉक्टर्स द्वसरा गरबे का आयोजन किया गया। आम दिनों में चिकित्सा के क्षेत्र में दिन रात काम करके जिम्मेदारी निभाने वाली महिला डॉक्टर्स ने सांस्कृतिक गतिविधियों में हुनर दिखाया। कार्यक्रम आईएएम हॉल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर डॉ. कावेरी शॉ, डॉ. नीना श्रीवास्तव, डॉ. सोनल रिछारिया, डॉ. चित्रा जैन, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, जॉग्स अध्यक्ष डॉ. माणिक, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी, डॉ. रिचा धीरवाणी, डॉ. अबोली पान्से, डॉ. कमला लालवानी, शाश्वत पटेल, शनन्या पटेल, ख्याति, अभिजीत विश्नोई मौजूद थे।

# हनुमान ने लंका में लगाई आग, धू-धू जली लंका

## हनुमानजी का पाठ देख श्रद्धालु हुए गदगद

**जबलपुर, देशबन्धु।** ये लंका शिव शंकर की थी, इस कारण ये फल खाए थे, क्या बाप तुम्हारे लंका में ये झाड़ लगाने आए थे। हनुमंत लाल ने जब ये संवाद बोला, तो दर्शकों ने अपार तालियां बजाईं। गोविंदगंज रामलीला मंच पर गुरूवार को लंका दहन की लीला मंचित की गई। हनुमानजी का अभिनय करने वाले पलाश पाठक खूब जमे। वहीं रावण के रूप में पवन पांडे, अक्षय कुमार के रूप में मनीष पाठक, मेघनाद के रूप में पवन तिवारी ने भी शानदार अभिनय किया।

लंकादहन की लीला देखने भारी भीड़ उमड़ी। पंचशील टॉकीज मैदान में बनी लंका जनाकर्षण का केंद्र रही। रामलीला में रोज आने वाले मुख्य अतिथि और दर्शक गोविंदगंज रामलीला की मर्यादा और भव्यता देख प्रफुल्ति हो रहे है। समिति अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि हर रोज गणमान्य जन रामलीला की आरती वंदन के लिए पहुंच रहे हैं।

**आज होगा श्री रामेश्वर का पूजन-** रामलीला में आज सेतुबंधु रामेश्वर पूजन की लीला होगी। भगवान श्रीराम-लक्ष्मण-श्री हनुमानजी अपने हाथों से स्वयंभू शिव का अभिषेक करेंगे। समिति के अध्यक्ष ने बताया भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक 21 ब्राम्हण पुरोहितों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। तिवारी ने बताया कि रामेश्वर पूजन के बाद अंगद-रावण संवाद की लीला होगी।

# महाकोशल कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षा के लिए लक्ष्य जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक है कि लक्ष्य निर्धारित किया जाए। शासकीय महाकोशल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन काउंसलिंग सेशन से छात्र जुड़े। कार्यक्रम में विशेषज्ञ लक्ष्मी शरण मिश्रा ने छात्रों को बताया कि प्रतियोगी परिक्षाओं में पहला प्रतियोगी व्यक्ति स्वयं होता है। टाइम मैनेजमेंट से सफलता मिल सकती है। संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि कॅरियर काउंसलिंग के जरिए युवाओं को काउसलिंग व्याख्यान दिया गया। प्राचार्य डॉ. एसी तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. तरूणेंद्र साकेत मौजूद थे।

# धनुष यज्ञ रामलीला में राम के हाथों हुआ खरदूषण वध

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंचवटी में राम-लक्ष्मण को देख रावण की बहन सूर्पनखा मोहित हो जाती है। वह अपने आपको आकर्षक सुंदरी का रूप बनाकर राम के समक्ष स्वयं से विवाह करने का प्रस्ताव रखती है। जिसे राम यह कहते हुए अस्वीकार कर देते है, कि वह तो पहले से ही विवाहित है, इस वह उससे विवाह नहीं कर सकते। इसके पश्चात सूर्पनखा लक्ष्मण के समक्ष भी स्वयं से विवाह करने को कहती है। लेकिन लक्ष्मण के समक्ष सूर्पनखा बार-बार विवाह का प्रस्ताव पेश करती है, जिससे लक्ष्मण क्रोधित हो जाते है, और सूर्पनखा के नाक-काट काटकर उसके अंग भंग कर देते है। इसी दशा में अपने भाई खरदूषण के पास जाती है। जिसके बाद खरदूषण अपनी लेकर राम से युद्ध करने पहुंच जाता है, जहां उसका राम के हाथों वध हो जाता है।

इसके बाद यह सारा वृत्तांत सूर्पनखा रावण से कहती है। जिसके बाद रावण साधु का भेष बनाकर छल करके सीता का हरण कर लेता है। इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया, आकाश नायडू, रामस्वरूप श्रीवास, आरती मधुर तिवारी, डॉ. शंकर पांडे, नरेश तिवारी, शिवदत्त चौबे, संजय शुक्ला, आशीष पाठक, आज की लीला शबरी मिलन बालि वध की लीला का मंचन किया जाएगा।

# घमापुर रामलीला में हुई राम-सुग्रीव की मित्रता

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर स्थित बाई का बगीचा में श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला में शबरी की नवधा भक्ति, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध एवं सीता की खोज लीला का मंचन हुआ। रावण के द्वारा घायल जटायु को भगवान राम ने गोद में उठाया और उन्हें पिता का सम्मान देते हुए गीध देह तजि धरि हरि रूपा, भूषण बहूपट पीत अनूपा अपने धाम अपना स्वरूप देकर पहुंचा दिया। इसके बाद शबरी गुरु आज्ञा से दीर्घकाल तक भगवान श्री राम की प्रतीक्षा कर रही थी और भगवान स्वयं उनके आश्रम दर्शन देने पहुंच गए। इसके बाद राम सुग्रीव मित्रता और बाली बध, तारा विलाप की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष डा.शिव मणी मिश्रा, महामंत्री पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड.बलराज सोनकर, एड.श्याम चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष-विष्णु दीक्षित, पं. बाबूलाल भारद्वाज, एड.सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज सीता की खोज अशोक वाटिका विध्वंस लंका दहन की लीला का मंचन किया जाएगा।

# वनएमपी सिग्नल कम्पनी के कैडेट्स ने सीखे फायरिंग के गुर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैम्प एक्टिविटी में कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। ना सिर्फ कैडेट्स को अनुशासन बल्कि आर्मी ट्रेनिंग से भी रूबरू करवाया जा रहा है। वनएमपी सिग्नल कम्पनी एनसीसी के तत्वावधान में कैम्प आयोजित किया गया है। कैम्प में कैडेट्स को पीटी, ड्रिल, मैप रीडिंग के साथ फायरिंग के गुर भी सिखाए गए। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन ने निपटने का हुनर भी कैडेट्स ने जाना। कैडेट्स का कहना था कि कैम्प एक्टिविटी में उन्हें हर दिन नई जानकारी प्राप्त हो रही है। इसके चलते वे मिलिट्री ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में कैम्प कमाण्डेंट कर्नल अंकुर वशिष्ठ, मेजर अनिल यादव मौजूद थे।

# पंजाबी महासंघ आदिशक्ति की आराधाना में लीन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंजाबी महासंघ जबलपुर के तत्वावधान में गरबा उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने माता की आराधना करने के लिए गरबा रास किया। समारोह के अंतर्गत विविध राउंड हुए। जिसमें विजेताओं को चुना गया। कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्र मोहन भाटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में संजय भाटिया ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं। गरबा कार्यक्रम की नृत्य निर्देशिका कोमल अरोड़ा रहीं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन भाटिया, अंकित ग्रोवर, योगेश साहनी, राकेश महाजन, जसपाल कहेर, जोगेश भाटिया, मनोज नारंग, प्रवेश खेड़ा, अतुल अरोरा मौजूद थे।

# दैनिक राशिफल

शनिवार 21 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की सप्तमी। नक्षत्र-पू.षा.।

### मेष

आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी।

### वृषभ

आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

### मिथुन

दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन सुख मिलेगा।

क. 229-447

### तुला

आप का दिन शुभ फलदायी होगा। बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। उनके साथ बैठकर घर की समस्या पर चर्चा होगी।

### वृश्चिक

आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसके लिए अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। सदस्यों के बीच की गलतफहमी को दूर रखें।

### धनु

आज का दिन काम और पढ़ाई में सफलता के लिए समय बहुत अनुकूल है। विदेश-व्यापार से लाभ हो सकता है। आप धार्मिक और शुभ काम कर सकेंगे।

### कर्क

घर में शांति तथा आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। आप जो भी काम करेंगे, उसमें यश प्राप्त होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा।

### सिंह

आज का दिन आनंद से गुजरने वाला है। आज आप अधिक कल्पनाशील बने रहेंगे। साहित्य-सृजन के तहत मौलिक रूप से काव्य रचना की प्रेरणा होगी।

### कन्या

शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। कई परेशानियों के कारण मन व्याकुल रहेगा। स्फूर्ति का अभाव होगा।

### मकर

आपको स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायत रहेगी। मानसिक भय हो सकता है। व्यवसाय में दूसरों की दखलंदाजी परेशान करेगी। कामों के पीछे पैसे खर्च होगा।

### कुंभ

आज का दिन शुभ मंगलकारी काम के लिए अच्छा है। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। संतान और पत्नी की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे।

### मीन

आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है। व्यवसाय में पदोन्नति या वृद्धि हो सकती है।

मा. 455-243

6,2,9,4,60,25,90,41,14,21,13,09

# गढ़ा रामलीला : बालि वध के बाद सीता की खोज में निकले राम दूत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा रामलीला के 10 वें दिन सिद्ध मंच पर जटायु मुक्ति, शबरी की नवधा भक्ति, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध एवं सीता की खोज लीला का मंचन हुआ। रावण के द्वारा घायल जटायु को भगवान राम ने गोद में उठाया और उन्हें पिता का सम्मान देते हुए गीध देह तजि धरि हरि रूपा, भूषण बहूपट पीत अनूपा अपने धाम अपना स्वरूप देकर पहुंचा दिया। इसके बाद शबरी गुरु आज्ञा से दीर्घकाल तक भगवान श्री राम की प्रतीक्षा कर रही थी और भगवान स्वयं उनके आश्रम दर्शन देने पहुंच गए। शबरी स्वमेव भक्ति शिरोमणि हैं परंतु श्री राम से भक्ति के प्रकार पूछती हैं। भगवान राम ने भक्ति के 9 प्रकार बताते हुए शबरी से कहा हे गज गामिनी आप में स्वयं नौ भक्ति विद्यमान हैं। आप तो भक्ति की प्रतिमूर्ति हैं आप मुझसे सुनना चाहती हैं इसलिए मैंने आपसे कहा। इसके उपरांत शबरी के बताए हुए मार्ग पर पंपापुर पहुंचे और हनुमान ने अग्नि को साक्षी कर सुग्रीव से मित्रता कराई। इस मौके पर माला सिंह ,विजयश्री मिश्रा, राजेश खरे, नारायण पटेल, संजय सेन, उर्मिला यादव, अमृता शर्मा, प्रिया सोनी, अखिलेश शर्मा, जालम सिंह, आदित्य ठाकुर, सुधा यादव, कुमारी मानसी पटेल, राजेश मिश्रा, रमाशंकर कटारे, राजेन्द्र प्यासी, अनीता मिश्रा, इंदुलता प्यासी, अशोक मनोध्याय, हरीश मनोध्याय, राकेश पाठक, शरद दुबे कुररिया, निलेश चौबे, लोकराम कोरी, राजेश नेमा, कैलाश नेमा, अशोक बघेल, मुकेश मिश्रा, नरेश मिश्रा, डॉ. जनीश तिवारी, रामप्रसाद पटेल, डॉ. नीना उपाध्याय, राहुल तिवारी, ठाकुर प्रसाद दीक्षित, संजु झारिया, कान्हा मिश्रा, प्रदीप गोस्वामी, अनिल दुबे, आयुश झारिया, बबलू रजक, सम्राट पांडे,ि शशिर तिवारी ने पर्दे के पीछे रहकर अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं।

# पंजाबी दशहरा में 60 फुट ऊँचे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंजाबी दशहरा में इस बार 60 फुट ऊँचे विशालकाय रावण एवं कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा। वहीं दूसरी ओर रोमांचकारी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रख्यात शिवाकाशी, भारतीय अन्य आतिशबाजी का बेजोड़ प्रदर्शन किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर के आतिशबाजी में इन्द्रधनुषी बहुरंगीय धमाकों का प्रदर्शन करेंगे। आतिशबाजी के नये आयटमों में सिल्वर पोप पोप, कलरिंग डिमांड, गोल्ड पेन्सिल, वर्ड वन्डर, वेन द स्काई, स्टार नाईट, सन राईस, मैजिक क्रिस्टल, अटलांटिक शॉवर, मिनी मेगा मिक्स, वुड पैकर, लाइटिंग थंडर, मेजिक स्टार स्काई स्क्रेपर, जुगनू, झाड, कैलाश मंडल, चंद्रहार, धनगरज, धुआंधार जैसे आयटमों की लाजबाव प्रस्तुति की जायेगी। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व मंत्री (म.प्र शासन) चन्द्रकुमार भनोत, सुधीर मेहता, सचिव राजीव ओबेराय एवं मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा पप्पू एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल मलिक ने इस तरह की जानकारी पत्रकार वार्ता में दी। आगामी 23 अक्टूबर सोमवार को ग्वारीघाट आयुर्वेदिक कालेज में शाम 4.30 बजे से श्रीराम के पूजन अर्चन वंदन के साथ पंजाबी दशहरे का शुभारंभ डॉ. स्वामी नरसिंहदास महाराज, नृसिंह पीठाधीश्वर के आर्शीवचन से शुभारंभ होगा। इस मौके पर अशोक कपूर, नर्मदा जिलेटिन के डायरेक्टर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। चन्द्रकुमार मनोत पूर्व मंत्री के द्वारा किया जायेगा। राजीव ओबेराय, कमलेश खत्री विमला वर्मा, ऊषा खुराना, अंशुल मलिक आदि पंजाबी दशहरा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## कजरवारा में मन्नत वाली माता महाकाली की महाआरती आज

**जबलपुर, देशबन्ध।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी शारदेश नवरात्र महापर्व पर कजरवारा केन्ट की मन्नत वाली माता महाकाली की महाआरती का आयोजन आज 21 अक्टूबर को नवरात्रि की सप्तमी को शाम 8.30 बजे रखा गई है। देवी भक्तों से आग्रह है कि अपनी मनोकामनाओं की प्राप्ति के लिए महा आरती में सम्मिलित होकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति एवं माताका आर्शीवाद प्राप्त करें। निवेदक माता महाकाली समिति अध्यक्ष अविनाश चौधरी, संरक्षक सचिन उपाध्याय, संरक्षक मंतो पहलवान एवं समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने की है।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री मुकेश कुमार चौरसिया-** गढ़ाफाटक निवासी चौरसिया ट्रांसपोर्ट के संचालक श्री मुकेश कुमार चौरसिया का निधन हो गया। वे बसंत व राकेश चौरसिया के भ्राता तथा देव चौरसिया के पिता थे। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजू अहिरवार-** ललपुर नई बस्ती निवासी श्री राजू अहिरवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई सुर्वे-** गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबूराव सुर्वे की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई सुर्वे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री पतिराम- **रामपुर निवासी** श्री पतिराम का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. गुंजन बेन-** फूटाताल निवासी श्री शंभू बेन की पुत्री कु. गुंजन बेन (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रंजीत ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप पटेल-** राधाकृष्णन वार्ड भवानी चौक निवासी श्री प्रदीप पटेल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंकर लाल पासी-** गली नं. 1 सदर निवासी श्री शंकर लाल पासी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनंत नारायण सोनकर-** चंपालाल का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री अनंत नारायण सोनकर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंजना पाटिल-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री सेवकराम पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना पाटिल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीवन दास गुप्ता-** वसुंधरा कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री जीवन दास गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुलाब बाई ताम्रकार-** दीक्षित कॉलोनी माढ़ोताल निवासी श्रीमती गुलाब बाई ताम्रकार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजय कुशवाहा-** पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री अभय कुशवाहा के पुत्र श्री संजय कुशवाहा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

## आचार संहिता का पालन कराने ताबड़तोड़ कार्रवाई

### स्मैक के कारोबार मे लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** एसपी ने विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये समस्त थाना प्रभारियों एंव राजपत्रित अधिकारियों को 19-10-23 को आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के साथ साथ शहर एवं देहात में प्रभावी चौकिंग लगायी जाकर चैक किये जाने हेतु आदेशित किया गया।

आदेश के परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति सोनाली दुबे, एवं नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम के मार्ग निर्देशन मे थाना पनागर की टीम द्वारा मादक पदार्थ स्मैक के कारोबार मे लिप्त 2 आरोपियों को पकड़ा जाकर 6.8 ग्राम स्मैक जप्त की गयी है।

थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर ने बताया कि शाम बम्हनौदा वायपास रोड में वाहन चेकिंग के दौरान काले रंग की पल्सर मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड डी 1069 का चालक चैकिंग को देखकर मोटर सायकिल मोड़ कर बापस भागने लगा जिसे घेराबन्दी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर मोटर सायकिल चालक ने अपना नाम कान्हा विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी बड़े जैन मंदिर के पास भगत सिंह वार्ड थाना पनागर बताया, चैकिंग देखकर भागने के सम्बंध में पूछताछ करने पर कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया, संदेह होने पर तलाशी ली गयी जो नीले रंग के हाफलोअर के दाहिनी तरफ की जेव में पारदर्शी प्लास्टिक की पलीथिन में मादक पदार्थ स्मैक रखे मिला, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मादक पदार्थ स्मैक की तौल करने 6.8 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 70 हजार रूपये की होना पायी गयी। आरोपी से उक्त स्मैक के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम बघेली मोड़ नेशनल हाईवे 30 के पास खड़े भरतीपुर ओमती निवासी पंकज सोनकर से एक हजार रूपये में खरीदना बताया, आरोपी की निशादेही पर बघेली वायपास के पास दबिश देते दी जहॉ मुखबिर के बतायेनुसार पंकज सोनकर खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज सोनकर उर्फ प्रवीण उर्फ रवि सोनकर उम्र 33 वर्ष निवासी गुरंदी बजार भरतीपुर थाना ओमती बताया, जो तलाशी लेने पर दाहिने जेब में एक हजार रूपये एवं अधजली तीली व सिल्वर रैपर रखे मिला। आरोपी कान्हा विश्वकर्मा के कब्जे से 6.8 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक एवं मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड डी 1069 तथा पंकज सोनकर के कब्जे से एक हजार रूपये जप्त करते हुये दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/21, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## संदेहास्पद स्थिति में संजीवनी नगर एवं खमरिया में मिले 2 व्यक्तियों के शव

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना संजीवनी नगर में जगदम्बा किराना दुकान के सामने नमन विहार कालोनी में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पर थाना प्रभारी संजीवनी नगर श्री रमेश कुमार नर्रे ,चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक विनोद पाठक हमराह स्टाफके पहुंचे।

जहॉ राज बहादुर सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी नमन विहार कालोनी ने बताया कि लगभग 2 माह पूर्व उसका साला तरूण उर्फगोलू पटैल अपने गांव से उसके पास आया था और उसके साथ रह रहा था , आज वह घर से नरसिंहपुर जाने के लिये निकल गया था, पत्नी कामनी पटेल ने बताया कि तरूण उर्फ गोलू लगभग 7-30 बजे बाल्टी लेकर गोबर लेने गया था उसके बाद सूचना मिली कि तरूण उर्फ गोलू की जांघ में चोट लगी है बेहोशी हालत मे पड़ा है, पत्नी कामिनी ने तरूण उर्फ गोलू को अस्पताल महावीर में चैक करायी जहां डाक्टर ने तरूण उर्फ गोलू पटैल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बौछार थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर केा मृत घोषित कर दिया है, वह वापस आया और देखा कि तरूण उर्फ गोलू पटैल की जांघ में चोट लगकर खून निकल रहा था, बेहोशी हालत में था पुनः जांच हेतु तरूण को लेकर मेडिकल कालेज लेकर पहुचे जहां डाक्टर ने चैक कर तरूण को मृत घोषित कर दिया।

घटित हुई घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, सूचना पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एच. आर. पाण्डेय, एफएसएल अधिकारी डॉक्टर नीता जैन पहुंचे। मृतक की जांघ मे पीछे तरफगहरी चोट का निशान था। मर्ग कायम कर घटित हुई घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

## इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट व केन्द्रीय जेल द्वारा प्रशिक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा के मार्गदर्शन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण स्टेट इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एवं केन्द्रीय जेल के संयुक्त तत्वाधान में बंदियों के हितार्थ रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत 40 दिवसीय ट्रेडिशनल स्नेक्स एंड सेवरी मैकर का प्रशिक्षण केन्द्रीय जेल जबलपुर के प्रांगण में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित 50 दंडित बंदियों को 40 व्यंजन संबंधी विधाओं का ज्ञान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा कर दक्ष बनाया जायेगा ताकि वे जेल से मुक्त हो सार्थक रोजगार प्राप्त कर सके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त बंदियों की प्रशिक्षण उपरांत स्टेट इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एवं पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं मानदेय का भी भुगतान किया जायेगा। बंदियों को प्रशिक्षण स्टेट इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर से फैकल्टी श्री दीपक उग्रेती एवं श्री मयंक चौबे एवं अन्य द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दविंदर पाल सिंह सोढ़ी प्राचार्य स्टेट इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का विशेष सहयोग रहा। अवगत होवे कि अध्यक्ष मप्र विधिक समिति,जबलपुर माननीय न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल के निर्देशन में तथा प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल में परिरूद्ध दंडित बंदियों के हितार्थ व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिसके अनुक्रम में ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से आर्क वेल्डिंग प्रशिक्षण शासकीय कलानिकेतन पॉलीटेकनिक महाविद्यालय जबलपुर के माध्यम से डेस्कटॉप पब्लिशिंग प्रशिक्षण तथा शासकीय महिला कलानिकेतन पॉलीटेकनिक महाविद्यालय जबलपुर के माध्यम से फैशन डिजाईनिंग एवं फ्रेब्रिकेशन प्रशिक्षण प्रारंभ दिया गया है। साथ ही स्टेट इंडिस्टटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर द्वारा 40 दिवसीय ट्रेडिशनल स्नेक्स एंड सेवरी मैकर प्रशिक्षण एवं 30 दिवसीय हलवाई प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है।

## प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना अधारताल में शिवांगी साहू प उम्र 29 साल निवासी टेलीग्राम गेट नंम्बर 01 रानीताल थाना लार्डगंज वर्तमान पता जयप्रकाश नगर दुर्गा मंदिर के पास शांता विश्वकर्मा का मकान थाना अधारताल ने बताया कि उसकी शादी दिसम्बर 2016 में हुयी है पति कैमरे लगाने का काम करते है।

शादी के कुछ दिन बाद से ही पति प्रशांत साहू आये दिन घरेलू बातो को लेकर झगडा विवाद करते है तथा बोलते है कि तेरे पिता ने शादी मे मुझे कुछ दहेज नहीं दिया है , आये दिन शारीरिक एंव मानसिक रूप से प्रताडित करते थे तब हम लोगो ने किराये का मकान लेकर जयप्रकाश नगर में रहने लगे। 14 अक्टूबर को शाम लगभग 4 बजे पति घर आये और बोले कि मायके से 50 हजार रूपये लेकर आओ उसने मना किया तो पति घर से जेवर एंव पुत्री याशिका साहू को लेकर घर रानीताल चले गये।

शिकायतकर्ता मां निर्मला साहू के साथ निवास करने को मजबूर है। करने आयी है रिपोर्ट पर आरोपी पति प्रशांत साहू के विरूद्ध धारा 498ए भादवि 3,4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## देशी पिस्टल, रिवाल्वर और कारतूस के साथ 2 गिरफ्तार

**क्राईम ब्रांच तथा थाना मझोली एवं थाना लार्डगंज पुलिस की कार्यवाही**

**जबलपुर,देशबन्धु।** चुनाव को देखते हुये अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी मझोली कमलेश चौरिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसमें सलमान खान निवासी पठानी मोहल्ला मझौली का कटंगी रोड़ मझौली में शनि मंदिर बोर्ड के सामने काले सफेद रंग की लाइन वाली शर्ट एवं जीन्स पहने अपनी कमर में एक देशी पिस्टल खोसे हुये खडा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना मझोली की संयुक्त टीम द्वारा कटंगी रोड मझौली में शनि मंदिर बोर्ड के पास दबिश दी जहॉ मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा एवं नाम पता पूछा जिसने अपना नाम सलमान खान उम्र 30 वर्ष निवासी पठानी मोहल्ला वार्ड 4 थाना मझौली बताया जो तलाशी लेने पर अपनी पैंट की कमर में 1 पिस्टल खोसे एवं पेंट के जेब मे 1 कारतूस रखे मिला, सलमान खान द्वारा जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लघन करना पाये जाने पर धारा 188 भादवि एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

वहीं थाना प्रभारी लार्डगंज प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि शताब्दीपुरम में ए ब्लाक में एक व्यक्ति अवैध रूप से रिवाल्वर रखे है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां ए ब्लाक के फ्रेथ फ्लोर मे टेबल में एक व्यक्ति बैठा मिला जो पुलिस को देखकर कुछ सामान टेबल के नीचे खिसकाते दिखा, जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम सुनील डहरवाल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बोरमारा तहसील कुरई थाना कुरई जिला सिवनी बताया एवं टेबल के नीचे खिसकाये हुये सामान को चैक करने पर गोल्डन रंग की रिवाल्वर होना पायी गयी।

तलाशी लेने पर एक रियलमी कम्पनी का मोबाइल रखे मिला जिसके व्हाटसअप नम्बर पर एक पिस्टल व्हाटसअप करना एवं विक्रय किये जाने के संबंध में चेट होना पाया गयी रिवाल्वर जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध थाना लार्डगंज में का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सर्व ईसाई महासभा की कार्यकारिणी की घोषणा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सर्व ईसाई महासभा की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेरी पॉल एवं प्रदेश अध्यक्ष थियोफुलिस के अनुशंसा पर जिले के शान कुमार के नेतृत्व में किये जा रहे निरंतर सेवाओं एवं समाज के प्रति जागरुकता को देखते हुए पुनः शान कुमार को जिला अध्यक्ष बनाया गया । इस सर्व ईसाई महा सभा की टीम एवं ईसाई समाज अत्यंत हर्ष व्यक्त कर उनको बधाई प्रेषित की है। समाज के लोगों ने नई जवादारी संभालने वालों को लेकर हर्ष जताया है और इससे समाज का विकास होगा।

## जीआरपी व आरपीएफ की कार्रवाई: स्टेशन में संदिग्ध व्यक्ति के पास मिले 6 लाख रुपए

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदन महल जीआरपी को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में पकड़ कर जब उससे पूछताछ की गई तो उसके पास से 6 लाख रुपए के नोटों की गड्डियां निकली जीआरपी द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं उप पुलिस अधीक्षक लोकेश मार्को एवं थाना प्रभारी शशि धुर्वे के दिशा निर्देशन में रेलवे स्टेशन मदन महल में अपराध की रोकथाम एवं आयात निर्यात पर अंकुश लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। जिसके चलते मुखबिरकी सूचना पर रेलवे स्टेशन मदन महल के प्लेटफार्म नं. 1 के जबलपुर छोर में एक संदिग्ध व्यक्ति सिविल लाईन निवासी से पूछताछ की गई, जिसने अपने कब्जे में छः लाख रुपये रखे होना स्वीकार कर पैसे के संबंध में कोई भी दस्तावेज बैंक रिकार्ड, एटीएम रिकार्ड, लेन-देन संबंधित कोई भी कागजात पेश नही किया व कोई संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मौके पर छः लाख रुपये नगद जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

इस कार्य में चौकी प्रभारी राजेश राज, विनोद तिवारी, हरस्वरुप शर्मा, आर. मनीष, आर. अमित व आरपीएफ स्टाफ सउनि पी.के.मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## जुए के फड़ पर छापा, 12 जुआड़ी गिरफ्तार, 87 हजार रूपये एवं 17 मोबाईल जप्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी लार्डगंज श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि राज किराना स्टोर्स के पास स्ट्रीट लाइट के खम्बे के नीचे कुछ लोग ताश पत्तों पर हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं की जानकारी मिलने पर कोतवाली संभाग चेक गस्त एवं ओमती संभागीय चेकगस्त एवं कंट्रोल रूम रिजर्व बल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देते हुये घेराबंदी कर, जुआ मन्ना खेल रहे जुआरी विशाल खरे निवासी पुष्पनगर थाना लाईगंज, निशांत उसरेठे निवासी झण्डा चौक थाना पानउमरिया कटनी, शैकी पटेल वर्ष निवासी न्यू आदर्श कालोनी थाना लार्डगंज, मयूर पटेल निवासी पूरन डेरी के सामने थाना लाईगज, रिकू ठाकुर निवासी पार्क अपार्टमेन्ट थाना सिविल लाइन, यश जैन निवासी बड़ा फुहारा थाना कोतवाली, संतोष झारिया निवासी झारिया मोहल्ला थाना गढ़ा, राहुल पटेल निवासी संजय नगर थाना लार्डगंज, अभिषेक पटेल निवासी मातेश्वरी मंदिर के पास जयनगर थाना लार्डगंज, आदित्य शर्मा निवासी कोष्टा मोहल्ला हनुमानताल, आशीष विश्वकर्मा वर्ष निवासी जयनगर थाना लार्डगज, अमन पटेल वर्ष निवासी छोटी उखरी मातेश्वरी मंदिर के पास पकड़ा गया। जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 87000 रूपये एवं 17 नग मोबाइल जप्त करते हुये जुआडियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## रेलवे के स्काउट एवं गाइड ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक धोखा सिंह

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे में जारी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील के मुख्य अतिथि में रेलवे के स्काउट एवं गाइड के सदस्यों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया ।

रेलवे परिसर में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक धोखा सिंह के माध्यम से प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में शानदार ढंग से संदेश दिया गया । कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय प्रदीप कुमार , आनंद कुमार ,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियरमनीष पटेल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर जे. पी. सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक यशवंत कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा एवं सभी विभागों के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।नाटक में स्काउट एवं गाइड के आत्मानंद श्रीवास्तव,अनिल पाली, संजीव तिवारी, रजनीश यादव,कृष्णा उपाध्याय, ज्ञानेश,विनीता धाक?,जगदीप पाण्डेय आदि की भूमिका प्रशानीय रही। नाटक के उपरांत अपने संबोधन में डी आर एम श्री शील ने इस नाटक को भ्रष्टाचार पर एक प्रहार बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

## भूमि-अधिग्रहण के बदले किसी और को नौकरी देने के आरोप में कोर्ट सख्त

### वेतन व अन्य भुगतान पर लगाई रोक, शपथपत्र पर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण के बदले किसी और को नौकरी दिये जाने का आरोप लगाने वाले मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में नार्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड को निर्देशित किया कि याचिका लंबित रहने तक तेज प्रताप सिंह नामक कर्मचारी को वेतन आदि का भुगतान न किया जाये। एकलपीठ ने एनसीएल को दो सप्ताह में शपथपत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामला सिंगरौली निवासी मोहन सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि एनसीएल ने उनके पिता की जमीन अधिग्रहीत की थी। जिसके बदले परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का प्रावधान किया गया था। आरोप है कि जमीन के मालिक के पुत्र याचिकाकर्ता मोहन सिंह को नौकरी न देकर अवैध रूप से तेज प्रताप सिंह को नौकरी दे दी गई। वहीं एनसीएल के अधिकारियों का दावा है कि जमीन मालिक के सहमति पत्र के आधार पर तेज प्रताप सिंह को नौकरी दी गई थी। जिस पर आवेदक की ओर से मांग की गई थी एनसीएल के अधिकारी वह सहमति पत्र प्रस्तुत करें। लेकिन वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। हाईकोर्ट ने पूर्व सुनवाई पर सख्त हिदायत दी थी कि यदि सहमति पत्र पेश नहीं किया गया तो एनसीएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर, महाप्रबंधक (भर्ती राजस्व सेल) व महाप्रबंधक (भूमि व राजस्व सेल) के आचरण की जांच के लिए चीफ विजिलेंस कमिश्नर को निर्देश दिए जायेंगे। इससे पूर्व एनसीएल की ओर से कहा गया कि इस मामले में जांच की गई है और तेज प्रताप के खिलाफ कुछ भी गलत नहीं मिला है। जिसके बाद न्यायालय ने सीबीआई जांच के विकल्प को खुला रखते हुए दो सप्ताह में शपथ पत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरविंद पाठक ने पक्ष रखा।

### मूंग दाल घोटाले में एफआईआर के आदेश पर रोक

#### जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश से मूंग दाल घोटाले मामले में कलेक्टर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने के निर्देश दिये थे। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा कि मामले की आगमी सुनवाई तक कोई कार्रवाई न की जाये। इसके साथ ही एकलपीठ ने मामले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षक विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर जबलपुर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामले जबलपुर की ग्यारसपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अनुपम अग्रवाल और सहकारी विपणन समिति सिहोरा के नीलेश मिश्रा की ओर से दायर किये गये थे। जिनकी ओर से कहा गया कि मूंग दाल आपूर्ति में अनियमितता के आरोप में कलेक्टर ने 13 अक्टूबर 2023 को डिस्ट्रिक्ट मार्केटिंग ऑफीसर को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। आवेदकों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने कोई अनियमित्ता या गड़बड़ी नहीं की है। खाद्य सामग्री को बारिश से बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर रखा था और उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी गई थी। इसके बावजूद एफ्आईआर के आदेश देना अनुचित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आनंद ज्योतिषी ने पक्ष रखा।

## छः माह में पमरे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू 4084 करोड़ 10 लाख रूपये

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तथा वाणिज्य/परिचालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के छः माह में पमरे को कुल रुपये 4084 करोड़ 10 लाख का राजस्व (ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू) प्राप्त हुआ, जो विगत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 3780 करोड़ 21 लाख से 08 प्रतिशत से अधिक है। इस तरह यदि मद वाइस आय पर नजर डालें तो चालू वित्तीय वर्ष के छः माह यानी अप्रैल से सितम्बर 2023 तक पमरे की ओरिजनेटिंग रेवेन्यू के अंतर्गत यात्री यातायात से रुपये 1207 करोड 90 लाख, माल यातायात से रुपये 2696 करोड़, अन्य कोचिंग मद में रुपये 76 करोड़ 64 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 103 करोड 56 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। इस प्रकार अकेले सितम्बर माह की बात करे तो पमरे की ओरिजनेटिंग रेवेन्यू के अंतर्गत यात्री यातायात से रुपये 199 करोड़ 24 लाख, माल यातायात से रुपये 393 करो? 24 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 11 करोड़ 96 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 11 करोड 98 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

## लोकायुक्त ने पांच हजार की रिश्वत लेते पटवारी को दबोचा

**भूमि से नाम अलग न करने के एवज में मांगी थी 15 हजार की रिश्वत**

फरियादी

आरोपी

**रीवा/सतना देशबन्धु।** लोकायुक्त रीवा पुलिस ने तहसील रामपुर बाघेलान के डेगरहट के पटवारी को शहर के पीके स्कल के पीछे से पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए धरदबोचा. शिकायतकर्ता की भूमि से नाम अलग न करने एवज में 15 हजार की रिश्वत मांगी गई थी. पांच हजार की रिश्वत लेते अपने निवास मे आरोपी पटवारी पकड़ा गया. जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अजय कुमार साहू पिता होरीलाल साहू निवासी ग्राम उमरिहा चोरमारी तहसील रामपुर बघेलान सतना ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक रीवा कार्यालय में शिकायत की थी. जिसमें बताया था कि पटवारी हल्का नं. 17 डेगरहट तहसील रामपुर बघेलान का पटवारी संतोष कुमार सतनामी द्वारा जमीन से शिकायकर्ता का नाम अलग कर कामता साहू के नाम जमीन करने की धमकी देकर 15 हजार की रिश्वत मांगी थी. शिकायत के बाद एसपी लोकायुक्त गोपाल सिंह धाकड़ ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई. जिसके बाद आरोपी पटवारी को रंगे हाथ पकडऩे का जाल बिछाया गया. शुक्रवार की सुबह लगभग 9.30 बजे शिकायकर्ता को पांच हजार रूपया लेकर अपने निवास पीके स्कूल के पीछे रीवा में बुलाया था. जहां शिकायकर्ता पांच हजार रूपये लेकर पहुंचा, उसी समय लोकायुक्त की टीम ने आरोपी पटवारी संतोष कुमार सतनामी को पैसा लेते समय गिरफ्तार कर लिया. पांच हजार के रूप में पहली किस्त ली जा रही थी. कार्यवाही का नेतृत्व डीएसपी राजेश खेड़े, निरीक्षक जियाउल हक सहित 12 सदस्यीय टीम मौजूद रही. आरोपी पटवारी के विलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**पांच हजार लेते पटवारी गिरफ्तार: एसपी लोकायुक्त**

एसपी लोकायुक्त गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि आरोपी पटवारी संतोष कुमार सतनामी ने शिकायकर्ता से उसका नाम उसकी जमीन से हटाने का डर दिखाया और नाम न काटने के एवज में रिश्वत की मांग की. 15 हजार रूपये मांगा था और 5 हजार पहली किस्त रिश्वत लेते हुए आरोपी पकड़ा गया है. जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## नगर में शंकर कॉलोनी की मनमोहक झांकी को देखने उमड़ रहे भक्त

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के गोसलपुर कस्बे के अंतर्गत आने वाली शंकर कॉलोनी में स्थापित अष्टभुजी माता जगत जननी की प्रतिमा स्थापित करने का स्वरूप हर वर्ष आयोजन समिति द्वारा बदला जाता है। शंकर कॉलोनी में एकता की मिशाल के चलते मात्र एक ही दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती है। यह निरंतर उनतीस वर्षों से स्थापित की जाती है

शंकर कॉलोनी निवासी समाजसेवी राजेंद्र सिंह परिहार ने बताया की 1994 से हमारे द्वारा छोटी सी इस कॉलोनी में मां जगत जननी की प्रतिमा स्थापित कर इसकी शुरुआत की गई थी। प्रथम वर्ष गोसलपुर में निर्मित जगत जननी की प्रतिमा 2100 रूपये में खरीदी गई थी उन्होंने यह भी बताया की पहले समिति के पदाधिकारियो द्वारा रामसागर तालाब में पानी के भीतर मंच लगाकर माता जगत जननी को स्थापित किया जाता था। पुल के माध्यम से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते थे जो गोसलपुर क्षेत्र में एक अनोखा आकर्षण का केंद्र कहलाता था फिर शिव मंदिर के बाजू से प्रतिमा स्थापित हुई, इसके बाद अब पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे भव्यता के साथ प्रतिमा स्थापित की गई है आपको बता दें की समिति द्वारा हर वर्ष कुछ अलग व नया कार्यक्रम किया जाता है। यहां पर माता जगत जननी की दो पहर यानि सुबह-शाम होने वाली आरती में शंकर कॉलोनी के हर घर से माताएं बहने बच्चे पुरुष शामिल होते हैं आरती

में उपस्थित जन समूह यहां की पहचान होती है शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति शंकर कॉलोनी के पदाधिकारी ने अनुशासन व संस्कारित ढंग से प्रतिमा स्थापित करने व विसर्जन करने मे अनेक सम्मान पत्र भी हासिल कर चुके है। पंचमी सप्तमी नवमी की महा आरती कुछ विशेष होती है। ढोल नगाड़ा गाजा बजा आतिशबाजी के साथ होने वाली है महा आरती अपने आप में एक चर्चा का विषय रहती है, जहां अपार जन समूह इस महा आरती में उमड़ता है समिति द्वारा दिल खोलकर प्रसाद वितरण किया जाता है।

**इनका रहता है विशेष सहयोग**

इस पर्व में प्रारंभ से बहादुर सिंह परिहार रामकुमार साहू रवि तिवारी जयकुमार राय दीपक खटीक राजकुमार राय प्रदीप तिवारी गुड्डा ठाकुर पंडा राजेंद्र तिवारी शिवम सिंह राजपूत अंकित सिंह राजपूत रोहन सिंह जमुना साहू मोहनलाल साहू गणेश राय अबधभूषण दुबे जतिन नरेश खटीक बल्लू सोनी रोहित सेन सुरेश तंतुवाय बिहारी लाल रजक बलराम पटेल घनश्याम उपाध्याय सुरेंद्र पाटसकर झललू पाठक मनीष राय पवन वर्मन गनेश राय का सराहनीय योगदान रहता है।

## सार-समाचार

### हाईटेंशन लाइन को छू रहा पेड़ शिकायत करने के बाद भी नहीं जाग रहा बिजली विभाग

**बरेला, देशबन्धु।** दुर्घटनाओं के बाद ही शासकीय अमला जागृत होता है शिकायत करने के पश्चात भी आम आदमी यहां वहां भटकता रहता है और शासकीय विभाग दुर्घटना का इंतजार करता रहता है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण वार्ड नंबर 10 स्थित संजू साहू के मकान के पास लगा हुआ एक पेड़ जो की. हाई टेंशन लाइन को स्पर्श रहा है जिसके कारण इस पेड़ में करंट आने की आशंका बनी रहती है तथा लोगों को बड़ी दुर्घटना होने की भी आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों संजू साहू ,सुरेंद्र पाठक, राजकुमार विश्वकर्मा का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने विद्युत मंडल के लाइनमैन से लेकर जे ई तक. सभी लोगों को इस समस्या से अवगत कराया है किंतु अभी तक अधिकारियों कान में जू तक नहीं रेंगी है जिसके कारण स्थानीय लोगों के मन मे शंका का वातावरण बना हुआ है. शायद विद्युत मंडल के आला अधिकारी भी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं. तब कहीं जाकर वह कुंभकरण निद्रा से जाएंगे. इस संबंध में जब विद्युत मंडल के जे ई पी पी सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।.

### प्राथमिक शाला माल्हा स्कूल के बच्चों ने की माताराणी की आरती और पूजन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान में नवरात्रि के अवसर पर तेरी मां की भक्ति की शंभू धूम मची हुई है लोग सुबह और शाम के समय माता रानी की आरती के लिए वह पूजन के लिए एकत्रित हो रहे हैं इसी क्रम में ग्राम पंचायत गांधी ग्राम के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला माल्हा के बालक बालिकाओं ने ग्राम वासियों के सहयोग से रखी गई गांव में अष्टभुजी माता रानी की के दर्शन पूजन अर्चन किया। इसका अवसर पर शाला के प्रधानाध्यापक उत्तम तिवारी शिक्षिका श्रीमती शशि लखेरा आरती दुबे उपस्थित रहे।

### नवरात्र पर हो रहे विविध आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में नवरात्रि के पावन पर्व पर धर्ममय वातावरण बना हुआ है दुर्गा समितियां द्वारा विविध कार्यक्रम भी किया जा रहे हैं अपनी परंपरा के अनुसार नगर में लगभग 25 स्थान पर विशाल प्रथम स्थापित की गई है उपरोक्त प्रतिमा बस स्टैंड स्थित वाहेगुरु समिति के द्वारा विशाल शेरावाली माता की स्थापना की गई है जो नगर में दर्शनार्थियों का केंद्र बिंदु बनी हुई है वही विद्यासागर वार्ड स्थित गुड़हाय तिराहा में शेरावाली माता की भव्य प्रतिमा स्थापना की गई जो नगर में जनता के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है भक्ता दर्शन कर पुण्य लाभ ले रहे हैं नगर में भरपूर सजावट की गई है

### पन्नालाल चौबे का निधन



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्राम देवनगर निवासी प्रतिष्ठित चौबे परिवार की पन्नालाल चौबे का लगभग 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार उनके पुत्र नरेन्द्र चौबे ने किया।अन्त्येष्टि मुक्तिधाम देवनगर में हुई।आप नरेन्द्र, कुंजबिहारी, अवध बिहारी चौबे के पिता थे।

## गोसलपुर में कांग्रेस प्रत्याशी का आगमन, कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**गोसलपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को गोसलपुर में कांग्रेस की सिहोरा विधानसभा प्रत्याशी एकता ठाकुर का आगमन हुआ ।जिसमें सभी वरिष्ठ नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया सभी ने जीत का संकल्प लिया एवं एकता ठाकुर विधायक बना कर सिहोरा विधानसभा की आवाज़ मध्यप्रदेश के विधानसभा पटल में पहुंचाहने का संकल्प लिया एवं कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया जिसमें जिला अध्यक्ष

नीलेश जैन ने उद्बोधन के दौरान भाजपा सरकार पर आरोप लगाया की हर आदमी हर वर्ग कर्ज में चला जा रहा है आने वाली पीढ़ियों को इसका नुकसान झेलना पड़ेगा। हम सबको, जिसमे एकता ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की इतनी कुरीतिया है की दिन भर कम पड जाएगा ।जनता एवं कर्ताओं से रूबरु हो कर हम कार्य मे लग जाये हमारी जीत सुनिश्चित है हम सब मिलकर जनता की सेवा करेंगे । इस अवसर पर पार्टी के बरिस्ट नेता पार्षद राजेश चौबे मोहन चौरसिया जिला महासचिव युथ कांग्रेस सत्येन्द्र पांडेय राजीव तिवारी अग्रवाल अशोक विषकर्मा मुकेश तिवारी रिंकू श्रीवास् विनोद पटेल मोहित मिश्रा एवं समस्त नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शराब पीने से मना करने पर पति ने पत्नी पर किया प्राण घातक हमला

**पति को आजीवन कारावास**

**अनूपपुर, देशबन्धु।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनूपपुर आरण्पीण्सेवेतिया की न्यायालय ने थाना जैतहरी के अपराध की धारा 307ए 325 भादवि के 50 वर्षीय आरोपी राम सिंह गोंड निवासी खोडरीए टिकराटोला को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं पॉच हजार रूण् अर्थदण्ड की सजा सुनाई। पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। लोक अभियोजक ने शुक्रवार को बताया कि घटना 24 जून 2022 को ग्राम टिकरी टोला खोडरी निवासी श्याम बाई पुत्री सुनीता बाई एवं पुत्र भवर सिंह रोज की तरह रात में सुनीता बाई एवं भवर सिह अपने कमरे में सोने चले गये और उसी समय उसका पति ;आरोपितद्ध मदिरा सेवन कर घर पर आयाए जिस पर श्याम बाई ने पति को मदिरा पीकर न आने के संबंध में कहाए इसी बात को लेकर पति ने जान से मारने की नियत से टंगिया उठाकर

उस पर प्रहार कियाए जिससे सिर जबड़े और कान के पास चोट आने पर श्याम बाई ने आवाज लगाई और बेहोश हो गई । आवाज सुनकर पुत्री सुनीता बाई एवं उसका पुत्र भवर सिंह मौके पर आये तो मां श्याम बाई चोट ग्रस्त देखते हुए चाचा को सूचना देते हुए मां को लेकर पुलिस चौकी वेंकटनगर पहुंचेए जहां पर पुत्री सुनीता बाई उसकी मां के साथ घटित घटना की शिकायत दर्ज करायीए जिसके आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में में लेते हुए सबूत जप्त कर आहत एवं साक्षीयों के कथन लेकर आरोपित को अभिरक्षा में लेकर अनुसंधान पूर्ण होने के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

### पूर्व महापौर विश्वनाथ दुबे की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पनागर,देशबन्धु।** शहर के विकास पुरुष पूर्व महापौर विश्वनाथ दुबे ज़ी की पुण्य तिथि पर युवा सेवा संगठन द्वारा पंडित कुंजी लाल दुबे सरस्वती शिशु मंदिर सुंदरपुर में बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय बच्चो के साथ सेकड़ो ग्रामीणों का दंत परिक्षण किया गया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव ने कहा की परम श्रद्धेय दुबे जी ने शहर मे अनेकों विकास कार्य किए जो आज मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। दुबे जी का हमेशा प्रयास गरीब, मध्यम वर्ग के बच्चों से एक विशेष लगाव रहा वे हमेशा शिक्षा ओर स्वास्थ्य पर ध्यान देते थे उनका मानना था की अगर देश को बदलना है। तो सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य के माध्यम से ही बदला जा सकता है। इसअवसर पर हितकारिणी डेंटल कॉलेज से निदेशक डॉ.धीरावाणी एवं डीन डॉ.रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में डॉ. सिद्धि हाथीवाला, डॉ. निहारिका बेंजामिन और डॉ. अविनाश बोस व अन्य डॉक्टर की टीम ने छात्र छात्राओं का दंत परीक्षण किया ।विद्यालय व्यवस्थापक भरत भाई पटेल, नारायण प्रसाद यादव, विद्यालय प्राचार्य विक्रम सिंह के साथ विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा.

## असंतुष्ट कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी पर लगाए उपेक्षा के आरोप

**पाटन, देशबन्धु।** उपेक्षा के शिकार पाटन विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा नाहन देवी में एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें विधानसभा टिकट मांग रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी (गुरु) ठा. विक्रम सिंह, दुर्गेश पटेल, अधिवक्ता बब्बू यादव, प्रदीप पटेल, दिनेश पटेल उक्त बैठक में मौजूद रहे। बैठक में राजेश तिवारी ने बताया कि हम सभी कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही है और हम सभी ने पार्टी के लिए अपना जीवन खपा दिया है, लेकिन वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश अवस्थी ने अभी तक किसी भी कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के नेताओं से संपर्क नहीं किया है।

कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नेताओं की भी उपेक्षा की जा रही है, वहीं दुर्गेश पटेल ने बैठक में कहा कि हम कांग्रेस प्रत्याशी के धन के भूखे नहीं है। यदि कांग्रेस प्रत्याशी का यही गैर ज़िम्मेदार रवैया रहा तो कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता अपने घर में बैठ जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठा. विक्रम सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में किसका कितना प्रभाव है इसका आकलन जनता जनार्दन को करने दीजिए, रही बात प्रभाव की तो आप अपने मझौली क्षेत्र में कितना प्रभाव है यह आपकी पिछली हार से साफ है कि हम सम्मान के

भूखे है। उन्होंने कहा कि मैं तीन दशकों से राजनीति में हूं। राजनीति मेरा पेशा नहीं है। मैं किसान हूं और मेहनत करके अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा हूं आपके द्वारा इसी तरह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा होती रहेगी तो सभी अपने-अपने घरों में बैठ जाएंगे, इसलिए विचार आपको करना है। हम जैसे कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता को नहीं करना है। उक्त बैठक में विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक हजार कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

मीडिया से चर्चा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाटन विधानसभा की टिकट पैसे से खरीदने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे से टिकिट तो खरीदी जा सकती है लेकिन जनता का आशीर्वाद नहीं खरीदा जा सकता है और जिन बड़े नेताओं ने टिकट खरीदी में मदद की है, क्या वे पाटन विधानसभा में अपने प्रिय प्रत्याशी को वोट दिला सकते हैं। यदि जल्द ही पाटन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में फैला असंतोष शांत नहीं हुआ तो यह सीट भाजपा के खाते में जाने से कोई नहीं रोक सकता है।

### 64 लीटर अवैध शराब जब्त, अवैध मदिरा के 5 प्रकरण दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन व विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत 19 अक्टूबर को जिले में 7 स्थानों पर आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान 64 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जब्त की गई सामग्री का अनुमानित मूल्य 20 हजार 945 रुपये है। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये। ये प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत दर्ज किये गये। विधानसभा नरसिंहपुर के अंतर्गत 2 स्थानों से 3 हजार रुपये की कुल 30 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इस दौरान एक आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत 3 स्थानों से 7065 रुपये की कुल 16 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इस दौरान 2 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत 2 स्थानों से 10 हजार 880 रुपये की कुल 18 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इस दौरान 2 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया।

## पनागर में विराजीं मां जगतजननी की मनमोहक प्रतिमा



## गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए: मायावती

**लखनऊ, (एजेंसियां)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है। नया युद्ध मानवता के लिए विनाशकारी साबित होगा। मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 'यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने जब यह कहा कि दिस इज नॉट एन इरा ऑफ वार' अर्थात आज का युग युद्ध का नहीं है तो इसकी प्रशंसा पश्चिमी नेताओं ने खूब की। अब गाजा युद्ध को लेकर भी भारत को अपने इस स्टैंड पर ऐसी मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है, जो सबका अनुभव हो।' उन्होंने कहा कि युद्ध दुनिया में कहीं भी हो आज के ग्लोबल वर्ल्ड में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे पर काफी हद तक जुड़ी/निर्भर है। 'यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है व दुनिया इससे प्रभावित है। इसीलिए विश्व में कहीं भी नया युद्ध मानवता के लिए कितना विनाशकारी होगा, इसका अन्दाजा लगाना मुश्किल नहीं।'

# इजरायल ने गाजा के पास तैनात किए एंटी-ड्रोन केज से लैस टैंक

**तेल अवीव,** (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा के बाहर इकट्ठा हो रहे इजरायली टैंकों को एंटी-ड्रोन केज से लैस किया गया है, जिसका रूस-यूक्रेन युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन पोस्ट ने संशोधित कवरिंग वाले इजरायली टैंकों की तस्वीरें साझा की हैं, जिनका उद्देश्य वाहन के अंदर सैनिकों को ड्रोन से गिराए गए किसी भी विस्फोटक से बचाना है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के एक वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने अखबार को बताया, मेरी धारणा यह है कि हमास के हमलों ने इज़राइल को केज का अधिक व्यापक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहन दिया।

**संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा के बाहर इकट्ठा हो रहे**

शायद यह कुछ ऐसा था जिसके बारे में वे पहले से सोच रहे थे क्योंकि हर कोई यूक्रेन में युद्ध को करीब से देख रहा है। कैंसियन ने कहा, एक दिलचस्प सवाल यह है कि क्या ये संरचनाएं संघर्ष में बख्तरबंद वाहनों के लिए मानक बन जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने टैंकों को केज से सुसज्जित नहीं किया है, लेकिन यह एक सबक हो सकता है जिसे सेनाओं को कठिन तरीके से सीखने की जरूरत है।

यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 7 अक्टूबर को हमास के हमलों के वीडियो फुटेज में दिखाया गया है कि कैसे आतंकवादी समूह ने इजरायली संचार प्रतिष्ठानों पर विस्फोटक गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिससे आईडीएफ की तीव्र प्रतिक्रिया को रोकने में मदद मिली।

## ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक इजराइल पहुंचे

**तेल अवीव।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक गुरुवार को तेल अवीव पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बाद युद्धग्रस्त देश का दौरा करने वाले वे दूसरे बड़े नेता बन गए हैं। एक्स पर एक पोस्ट में सुनक ने कहा मैं इज़राइल में हूं, एक देश शोक में है। मैं आपके साथ शोक मनाता हूं और आतंकवाद जैसी बुराई के खिलाफ हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। बीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, सुनक सबसे पहले अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद ब्रिटिश नेता अन्य क्षेत्रीय राजधानियों की यात्रा करेंगे।

## आज का इतिहास

1296-अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली थी।
1555-इंग्लैंड के संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा मानने से इनकार किया।
1577-गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
1727-रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये।
1797 -अमेरिकी नौसेना के लिए बनाए गए पहले मालवाहक जहाजों में से एक द कंस्टीच्यूशंस का बोस्टन में जलावतरण किया गया।
1805 -स्पेन के तट पर ट्राफलगर की लड़ाई में फ्रांस और स्पेन की 33 पोत के बेड़े वाली संयुक्त नौसेना को ब्रिटेन की 27 पोत के बेड़े वाली नौसेना ने पराजित किया।
1833 -स्वीडन के स्टॉकहोम में अल्फ्रेड नोबेल का जन्म हुआ जिन्हें डायनामाइट के खोजकर्ता के तौर पर जाना जाता है। उनके नाम पर कुल 355 पेटेंट हैं। नोबेल पुरस्कार के नाम से दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान स्थापित करने का श्रेय उन्हें जाता है।
1934 -जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की।

## सुडोकू 6353

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | |
| | 6 | 2 | | 4 | | | 9 | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| 7 | | | | 3 | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 3 | 2 | |
| | | | 3 | | | 4 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## फुटबॉलर मोहम्मद सलाह ने किया 'नरसंहार' खत्म करने का आह्वान

**काहिरा।** मिस्र और लिवरपूल कप्तान फुटबॉलर मोहम्मद सलाह ने गाजा में 'नरसंहार' खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा है कि इजरायल की ओर से घेरे गए फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवीय सहायता तुरंत पहुंचानी जानी चाहिए। गौरतलब है कि गाजा शहर के अल-अहली अरब अस्पताल में रॉकेट विस्फोट में लगभग 500 लोगों की मौत के बाद बढ़ते आक्रोश के बीच 31 वर्षीय लिवरपूल फारवर्ड ने बुधवार को गहराते इजराइल-गाजा संघर्ष पर अपनी बात रखी। फिलिस्तीनी अधिकारियों का हालांकि यह कहना है कि यह रॉकेट विस्फोट इज़रायली हवाई हमले के कारण हुआ था। इस पर इज़राइल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह विस्फोट फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) सशस्त्र समूह द्वारा लॉन्च किए गए रॉकेट के लक्ष्य भेदने में विफल रहने के कारण हुआ था।

## सार संक्षेप

### मद्रास हाई कोर्ट से सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी। बालाजी को 14 जून को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। बालाजी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत के लिए आवेदन किया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने ईडी की इस दलील के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया कि वो एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और अगर उन्हें जमानत दी गई तो वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। जज ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ए.आर.एल. सुंदरेशन और विशेष लोक अभियोजक एन. रमेश की दलील पर भी विचार किया जो ईडी की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि सेंथिल बालाजी चार महीने की कैद के बाद भी राज्य कैबिनेट में मंत्री हैं और यह अपने आप में स्पष्ट प्रमाण है कि वो अत्यधिक प्रभावशाली हैं।

### तेलंगाना कांग्रेस ने सिंगरेनी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने का किया वादा

**भूपालपल्ली (तेलंगाना)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को वादा किया कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी सत्ता में आई तो राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान करेगी। यहां सिंगरेनी के मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्होंने उनकी समस्याओं के लिए राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्रसमिति (बीआरएस) को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव तेलंगाना राज्य के गठन के लिए दिये गये सिंगरेनी कर्मचारियों के बलिदान को भूल गए हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि बीआरएस केंद्र द्वारा सिंगरेनी खदानों के निजीकरण के लिए सहमत हो गया है। उन्होंने कहा, बीआरएस ने संसद में खान विधेयक का समर्थन किया।

### टीकमगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार के घर पर असम पुलिस की दबिश

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में असम पुलिस बल के दल ने कांग्रेस के उम्मीदवार यादवेंद्र सिंह बुंदेला के घर पर दबिश दी है। असम पुलिस एक फ्रॉड केस के मामले में यहां पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह असम पुलिस का एक दल पूर्व मंत्री और टीकमगढ़ से कांग्रेस के घोषित उम्मीदवार यादवेंद्र सिंह बुंदेला के घर पहुंची और इस दल ने वहां जांच शुरू कर दी। साथ ही परिवार के सदस्यों से पूछताछ भी की जा रही है। इस मामले में स्थानीय पुलिस की मदद ली गई है और बुंदेला के घर को छावनी में बदल दिया गया है। स्थानीय पुलिस की मानें तो असम के एक न्यायालय ने धोखाधड़ी के मामले की जांच के आदेश दिए हैं और इस सिलसिले में असम की पुलिस यहां आई हुई है और पूछताछ कर रही है। पूर्व मंत्री बुंदेला के पुत्र शाश्वत सिंह बुंदेला से जांच दल एक बंद कमरे में पूछताछ कर रहा है, आखिर यह पूरा मामला है क्या, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।

## अमेरिकी संसद के बाहर प्रदर्शन के दौरान 500 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायल के अभियान में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में कांग्रेस (संसद) के बाहर प्रदर्शन कर रहे करीब 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन का आयोजन 'जेविश वॉयस फॉर पीस' ने किया था। प्रदर्शनकारियों में कई लोगों ने 'हमारे नाम पर नहीं' शब्द लिखे शर्ट पहने हुए थे। प्रदर्शनकारी जब बुधवार को कांग्रेस भवन की लॉबी के फर्श पर बैठे थे, तो पुलिस ने उन्हें घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने एक बड़ा बैनर लहराया, जिस पर 'संघर्ष विराम' लिखा हुआ था। इजरायल की बमबारी से घिरी गाजा पट्टी में मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। जेविश वॉयस फॉर पीस ने कहा कि लगभग 10,000 लोगों ने अमेरिकी राजधानी की सड़कों पर इस मुद्दे को लेकर जुलूस निकाला। प्रगतिशील यहूदी संगठन ने एक्स पर लिखा, इज़रायल द्वारा फ़िलिस्तीनियों पर चल रहे उत्पीड़न में अमेरिका की मिलीभगत पर जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमने कांग्रेस का घेराव किया। उधर, अमेरिकी पुलिस ने कहा कि उन्होंने बुधवार शाम तक प्रदर्शनकारियों से इमारत खाली करा ली है और गिरफ्तारियां कर रहे हैं। इज़रायल ने गाजा पट्टी पर 'संपूर्ण घेराबंदी' कर दी है, जिसके कारण 20.30 लाख निवासियों के लिए भोजन, पानी, बिजली और चिकित्सा आपूर्ति तक पहुंच अवरुद्ध हो गई है।

### निज्जर की हत्या पर ऑस्ट्रेलियाई खुफिया प्रमुख बोले

## ट्रूडो के दावे पर विवाद का कोई कारण नहीं

**मेलबर्न,** (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खुफिया प्रमुख ने कहा है कि इस साल जून में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका के कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के दावे पर विवाद करने का कोई कारण नहीं है। भारत ने आरोप से इनकार किया है, लेकिन दोनों देशों के बीच इसको लेकर राजनयिक विवाद पैदा हो गया। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) के महानिदेशक माइक बर्गेस ने एबीसी न्यूज चैनल को बताया कि यह एक गंभीर आरोप है और उनके पास इस मामले में कनाडाई सरकार ने जो कहा है उस पर विवाद करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी भी देश पर उस देश के नागरिक की हत्या का आरोप लगाया जा रहा है, यह एक गंभीर आरोप है,

और कुछ ऐसा है जो हम नहीं करते हैं और कुछ ऐसा है जो नहीं करना चाहिए। बर्गेस ने ये टिप्पणी कैलिफ़ोर्निया में की। वो यहां फ़ाइव आइज़ खुफ़िया साझेदारों की एक सार्वजनिक सभा में मौजूद थे। इसके सदस्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और न्यूज़ीलैंड हैं। खुफ़िया प्रमुख ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि सभा में इस मुद्दे पर चर्चा की गई या नहीं, लेकिन एक राष्ट्रीय सुरक्षा सूत्र ने एबीसी को बताया कि बर्गेस को पिछले महीने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले इस मामले पर जानकारी दी गई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी जिसके बाद कनाडा ने निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया।

## नासा का मार्स हेलिकॉप्टर मंगल पर नई उड़ान भरने का प्रयास करेगा'

**लॉस एंजिल्स,** (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) अपना मार्स हेलीकॉप्टर को इस सप्ताह मंगल ग्रह (लाल ग्रह) भेजने की योजना बना रहा है। नासा ने बुधवार को यह जानकारी दी। नासा ने बताया कि लाल ग्रह की 63वीं नई उड़ान 19 अक्टूबर से पहले निर्धारित नहीं है। नासा ने उम्मीद जतायी है कि उसका मार्स हेलिकॉप्टर लाल ग्रह में एक नए हवाई क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए 137 सेकंड के लिए लगभग 574 मीटर की उड़ान भरेगा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक हेलीकॉप्टर ने 62 उडानें भरी है और मंगल ग्रह पर कुल 113 मिनट के समय में 13.9 किलोमीटर की कुल दूरी तय की है। नासा के मुताबिक इन्जनूइटी नाम का हेलिकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सवीरेंस रोवर के बेली से जुड़ा हुआ था। यह पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार हेलिकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड तक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था। नासा का मंगल ग्रह पर पर्सीवरेंस का एक बड़ा लक्ष्य खगोल जीव विज्ञान के बारे में सीखना है, जो प्राचीन छोटे जीवन रूपों के संकेत खोजने के बारे में है। नासा ने बताया वो ऐसे चीजों की तलाश कर रहे हैं जो केवल जीवत चीजों द्वारा बनायी जा सकती है। अब तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि लाल ग्रह पर जीवन मौजूद था, लेकिन छिपी हुई गुफाओं में या सतह के बहुत नीचे सरल जीवन रूप रहे होंगे।

## मध्य क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मध्य चीन का व्यापार मेला

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। चीन का मध्य क्षेत्र शान शी, हनान, आन्हेई, हूपेई, च्यांगशी और हूनान आदि छह प्रांतों से मिलकर बना है, जिसमें सबसे बड़ा शहर वूहान है। महत्वपूर्ण आर्थिक विकास ध्रुवों में से एक के रूप में मध्य चीन के विकास और परिवर्तनों ने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। मध्य क्षेत्र में विकास की भारी संभावनाएं और बड़ी श्रेष्ठताएं हैं। मध्य क्षेत्र में कम लागत का लाभ और समृद्ध प्राकृतिक और मानव संसाधन हैं। यहां चीन का एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र भी है, इससे क्षेत्रीय विकास में निवेश भी अधिक आकर्षक हो जाता है। मध्य क्षेत्र के छह प्रांतों में मजबूत हवाई परिवहन क्षमताएं भी मौजूद हैं, जिनमें कुल 30 से अधिक हवाई अड्डे हैं, जो सीधे चीन के महत्वपूर्ण विभिन्न शहरों तक पहुंच सकते हैं और जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, मलेशिया, पेरिस, मॉस्को, लॉस एंजिल्स, फ्रैंकफर्ट, वैंकूवर और अन्य देशों और क्षेत्र के लिए सीधी उड़ानें हैं। मध्य चीन का निवेश और व्यापार मेला मध्य चीन के उत्थान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक बड़े और उच्च-स्तरीय क्षेत्रीय आर्थिक और व्यापार कार्यक्रम है। यह बाहरी दुनिया के लिए अपने खुलेपन का विस्तार करने, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

## वर्ग पहेली 6353



**बायें से दायें:-**

१. प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३. मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय-दुख या पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना-चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ़, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ़
१९. जवान, तरुण
२०. जान, जी, दम
२१. अगर

**वर्ग पहेली-6352**





युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### जानकारी एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

## मध्य प्रदेश के 230 मौजूदा विधायकों में से 93 पर दर्ज हैं आपराधिक मामले, 52 कांग्रेस से

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के 230 विधायकों में से कम से कम 93 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 52 कांग्रेस के और 39 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों के विश्लेषण के आधार पर गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।**

- **40 प्रतिशत विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए**
- **छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की**

रिपोर्ट में कहा गया है, 'विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 93 (40 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 47 (20 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' एक मौजूदा विधायक ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामले की घोषणा की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की है।

महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित विधायकों के खिलाफ मामलों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दो मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा-354 के तहत मामले घोषित किए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 39 (30 फीसदी), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 52 (54 फीसदी), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक (33 फीसदी) ने अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले चलने की बात स्वीकार की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ भाजपा के 129 विधायकों में से 20 (16 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 25 (26 प्रतिशत), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक ने खुद अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

# खेल जगत

## लसिथ मलिंगा को मुंबई इंडियंस ने नियुक्त किया नया गेंदबाजी कोच

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले श्रीलंका के तेज गेंदबाजी दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपना नया गेंदबाजी कोच घोषित किया है। मलिंगा शेन बॉन्ड की जगह लेंगे, जो 2015 से इस सप्ताह के शुरू में पद छोड़ने तक टीम में इस पद पर थे। मलिंगा, जो पहले 2022 और 2023 सीजन के लिए आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच थे। वो मार्क बाउचर के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस कोचिंग टीम में शामिल हो गए हैं और उनके पूर्व साथी कीरोन पोलार्ड, जो बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यरत हैं उनके साथ टीम से जुड़ेंगे। मलिंगा ने कहा, मुंबई इंडियंस का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। एमआई न्यूयॉर्क और एमआई केपटाउन के बाद वनफैमिली में मेरी यात्रा जारी है। मैं मार्क, पॉली, रोहित शर्मा और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

# वॉर्नर और मिचेल मार्श के तूफानी शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 9 विकेट पर 367 रन

■ पाक के अफरीदी ने चटकाए पांच और रउफ ने तीन विकेट

**नई दिल्ली।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के तूफानी शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के अहम मैच में शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 367 रन का मजबूत स्कोर खड़ा। वॉर्नर( 163 रन, 124 गेंद, 9 छक्के, 15 चौके) और मिचेल मार्श (121रन, 108 गेंद, 10 चौके, 9 छक्के) की 33. 5 ओवर में पहले विकेट की 259 रन की तूफानी भागीदारी ने ऑस्ट्रेलिया के मजबूत स्कोर की नीवं रखी। पाकिस्तान के सबसे कामयाब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (5/54) ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में मार्श को आउट कर उनकी और वॉर्नर की बड़ी भागीदारी को तोडऩे के बाद अगली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया और पारी के आखिरी के ओवर की शुरू की दो गेंदों में मिचेल स्टार्क(2) और अगली पर जोश हेजलवुड को आउट कर पांच विकेट चटकाए। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और और हैरिस उर रउफ(3/83) ने लेग स्पिनर उस्मा मीर(1/82) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट 259 रन पर गिरने के बाद अंतिम 16ओवर में उसके अगले आठ विकेट 108 रन निकाल कर उसे निश्चित रूप से पहाड़ का स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। शाहीन शाह अफरीदी ने अपने ससुर शाहिद अफरीदी की तरह वन डे विश्व कप में दो बार पांच विकेट लेने के कारनामे की बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी के सात ओवर में 42 रन के पांच विकेट खोए

वॉर्नर और मार्श ने पारी के 31 वें बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज सातवें ओवर में दो गेंदों के भीतर शतक पूरे किए। वॉर्नर ने नवाज की गेंद को ड्राइव कर लॉन्ग ऑन पर खेल एक रन दौड़ कर 85 गेंद खेल छह छक्कों और सात चौकों की मदद से पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथा शतक पूरा किया और वन डे विश्व कप में अपना पांचवां शतक जड़ रिकी पॉन्टिंग (चार शतक) के ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे शतक जडऩे के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बर्थ डे ब्वॉय मिचेल मार्श ने नवाज की गेंद पर चौका जड़ 101 गेंद खेल छह छक्कों और दस चौकों की मदद से वन डे विश्व कप में अपना पहला शतक पूरा किया। तीन ओवर बाद पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के दूसरे स्पैल के लिए गेंद संभालने पर मार्श ने उनकी शुरू की चार गेंदों में दो छक्के जडऩे के बाद मार्श के फिर उनकी गेंद को उड़ाने के फेर में शॉर्ट फाइन लेग स्पिनर उस्मा मीर को कैच थमाने से उनकी और वॉर्नर की 259 रन की बड़ी भागीदारी आखिर टूट गई। अफरीदी ने अपनी अगली ही गेंद पर नए बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (0) को कप्तान बाबर आजम के हाथों मिड ऑन पर कैच करा आउट कर पाकिस्तान को बहुत राहत दिलाई। अफरीदी ने अपने इस चौथे ओवर में दो छक्कों सहित 13 रन देकर मार्श और मैक्सवेल के अहम विकेट चटकाए। पारी के 35वें और लेग स्पिनर उस्मा मीर के सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर कप्तान बाबर आजम ने स्टीव स्मिथ (2) का आसान कैच टपका दिया अन्यथा पाकिस्तान को दो रन के भीतर तीसरा विकेट मिल जाता और वह मैच में वापसी कर सकता था। उस्मा मीर ने पारी के अपने अगले और पारी के 39 वें ओवर में स्टीव स्मिथ (7)को ड्राइव करने के मजबूर खुद ही उनका कैच लपक कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 284 कर दिया। वॉर्नर ने तेज गेंदबाज हैरिस रउफ के दूसरे स्पैल के पहले ओवर में उनकी कटर पर तेज प्रहार करने की कोशिश में स्थानापन्न फील्डर शादाब खान को पारी के 43 वें ओवर कैच थमा दिया और ऑस्ट्रेलिया ने अपना चौथा विकेट 325 रन पर खो दिया । ऑस्ट्रेलिया के स्कोर में 14 रन और जुड़े कि रउफ ने अपने अगले ओवर में जोश इंग्लिश(13) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया।

शाहीन शाह अफरीदी ने मरकस स्टोइनस (21 रन, 24 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को एलबीडब्ल्यू आउट कराया अपना तीसरा विकेट चटकाया। हैरिस रउफ के बाउंसर पर मरनस लबुशेन(8)ने डीप मिडविकेट पर स्थानापन्न फील्डर शादाब को कैच थमा दिया और ऑस्ट्रेलिया ने सातवां विकेट 360 रन पर खो दिया। शाहीन शाह अफरीदी ने अपने और पारी के 50 वें अंतिम ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क(2) सौद शकील के हाथों कैच कराया और अगली गेंद पर जोश हेजलवुड(0) के हाथों कैच करा उसका स्कोर नौ विकेट पर363 कर दिया।

## वार्नर-मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलिया की सलामी जोड़ी डेविड वार्नर और मिशेल मार्श ने पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण को धराशायी कर दिया और यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के लिए 259 रनों की सबसे बड़ी विश्व कप की शुरुआती साझेदारी दर्ज की। इस धुंआधार बल्लेबाजी ने उन्हें 2011 विश्व कप में कनाडा के खिलाफ शेन वॉटसन और ब्रैड हैडिन के 183 रनों के रिकॉर्ड को पार करने में मदद की। शाहीन शाह आफरीदी ने मिशेल मार्श का विकेट लेकर 259 रन की शुरुआती साझेदारी का अंत किया। मैदान के चारों ओर पाकिस्तानी गेंदबाजों की पिटाई करने के बाद मार्श पवेलियन लौट गए, उन्होंने 108 गेंदों पर 121 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 9 छक्के लगाए। वार्नर ने 124 गेंदों पर 163 रन में 14 चौके और नौ छक्के लगाए। किसी भी बल्लेबाजी क्रम में ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा अब तक की सबसे बड़ी वनडे साझेदारी 2015 में हुई जब डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 260 रन जोड़े। मार्श और वार्नर ने 259 रनों के अपने प्रयास के साथ दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी दर्ज की। तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी 2003 में रिकी पोंटिंग और डेमियन मार्टिन के बीच बनी थी और 234 रन की थी। लखनऊ में श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने फिर से लय हासिल कर ली है और पाकिस्तान पर पूरी तरह हावी दिख रहा है।

# परिस्थिति देख कर खेलते हैं कोहली, इसीलिये शानदार रन चेजर : हुसैन

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शतकीय पारी खेलने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुये इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि कोहली हमेशा परिस्थिति से खेलते हैं और यही कारण है कि वह रन चेज़ में शानदार हैं।

स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' में हुसैन ने कहा कोहली हमेशा परिस्थिति से खेलते हैं और यही कारण है कि वह रन चेज़ में शानदार हैं। वह मैदान पर टीम की स्थिति को अपने सामने देखते हैं, उनका स्ट्राइक रेट ज्यादा पीछे कभी नहीं रहा क्योंकि वह हर गेंद पर रन बनाना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अगर वह 350 रनो का पीछा कर रहे होते, तो दूसरे गियर में चले गए होते, लेकिन वह सिर्फ यह सुनिश्चित कर रहे थे कि भारत जीत के करीब पहुंच जाए जैसा कि वह अक्सर करते हैं।

रोहित शर्मा की आक्रामक कप्तानी के साथ-साथ विराट कोहली के शानदार शतक ने भारत को वनडे विश्व कप में बांग्लादेश पर छह विकेट से जीत दिलाई थी। हुसैन ने रोहित शर्मा की कप्तानी और बल्लेबाजी की सराहना की। उन्होंने कहा रोहित सफेद गेंद के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। उनका रिकॉर्ड सर्वश्रेष्ठ है, उन्होंने विश्व कप में ऐसा किया है। बांग्लादेश के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार है, उनका पुल शॉट लाजवाब है। पिछले कुछ वर्षों में पुल शॉट में उनका औसत 400 था। उन्होने कहा सबसे महत्वपूर्ण चीज जो मुझे पसंद है वह है इरादा, वास्तविक इरादा है, कुछ समय के लिए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में थोड़ा डर कर क्रिकेट खेला जिसके कारण वे उस सेमीफाइनल में एडिलेड में इंग्लैंड से हार गए। भारत का शीर्ष क्रम अलग दिखता है।

# केएल राहुल ने बताई विराट कोहली के शतक की सच्चाई

**पुणे।** विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ विजयी छक्का लगाकर अपना 48वां वनडे शतक पूरा किया, जिसमें दूसरे छोर पर केएल राहुल ने उनकी काफी मदद की क्योंकि इस जोड़ी ने आसान सिंगल्स को ठुकरा दिया था, जिससे कोहली इस मुकाम तक पहुंच सके। वनडे फॉर्मेट में कोहली के 48वें शतक का मतलब है कि वह भारत में विश्व कप 2023 के दौरान सचिन के 49 के सर्वकालिक रिकॉर्ड से आगे निकल सकते हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का शतक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में उनका तीसरा और वनडे करियर का 48वां शतक है। यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि जब भारत को बांग्लादेश के खिलाफ जीत के लिए 19 रनों की जरूरत थी, तब कोहली भी शतक से 19 रन दूर थे। लेकिन, दूसरे छोर पर राहुल ने उनका भरपूर साथ दिया और विराट का शतक पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद, जिसे भारत ने 51 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से जीता, राहुल ने खुलासा किया कि सिंगल लेने से बचना उनका विचार था ताकि कोहली स्ट्राइक बनाए रख सकें और इस तरह शतक तक पहुंचने की उनकी संभावनाएं बढ़ सकें। राहुल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से स्टार स्पोर्ट्स को बताया, वह असमंजस में थे, उन्होंने कहा कि हम सिंगल नहीं लेंगे तो यह अच्छा नहीं लगेगा। मैं ऐसा नहीं दिखना चाहता कि मैं सिर्फ अपना रिकॉर्ड हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन इसके बाद मैंने उन्हें कहा कि हम आसानी से मैच जीत रहे हैं, साथ ही आप अपना शतक पूरा कर सकते हैं। फिर विराट कोहली मान गए। इसके बाद विराट कोहली ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। साथ ही भारतीय टीम को लगातार चौथी जीत दिलाई। अपने शतक तक पहुंचने की प्रक्रिया में, भारतीय स्टार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पुरुषों के खेल के इतिहास में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ कोहली की नाबाद 103 रनों की पारी का मतलब है कि केवल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने विश्व कप 2023 में अब तक अधिक रन बनाए हैं। यह जोड़ी सर्वाधिक रन तालिका में शीर्ष दो पर है।

# अगर स्टोक्स फिट हैं तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना होगा : माइकल आर्थर्टन

**मुंबई ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आर्थर्टन का मानना है कि अगर करिश्माई ऑलराउंडर बेन स्टोक्स मैदान पर उतरने के लिए फिट हैं तो उन्हें शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले में खेलना होगा। टेस्ट कप्तान स्टोक्स, इंग्लैंड के घरेलू धरती पर 2019 में जीते गए पुरुष वनडे विश्व कप खिताब का बचाव करने में मदद करने के लिए वनडे संन्यास से वापस आ गए हैं। लेकिन कूल्हे की चोट के कारण वह अभी तक खेल नहीं सके हैं, क्योंकि इंग्लैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल की, लेकिन न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से हार गई, जिससे उनके अभियान और सेमीफाइनल की उम्मीदें खतरे में पड़ गईं।

हमारी समझ यह थी कि स्टोक्स अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के लिए फिटनेस के बहुत करीब थे, लेकिन इंग्लैंड काफी सतर्क था। अगर वह फिट हैं तो उन्हें अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना होगा। आर्थर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, वह सही है कि वह मसीहा नहीं है, वह इसे सिर्फ अपने आसपास नहीं बदल सकता है, लेकिन वह एक बहुत बड़ी उपस्थिति है और उसके साथ इंग्लैंड एक बेहतर टीम है।

आखिरी बार जब वह एकदिवसीय क्रिकेट में खेला था तो उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से उच्चतम स्कोर (पिछले महीने किआ ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 182) बनाया था।

इंग्लैंड की अफगानिस्तान से आश्चर्यजनक हार में हैरी ब्रूक ने 61 गेंदों में 66 रनों की पारी खेलकर शीर्ष स्कोर बनाया, इसका मतलब है कि स्टोक्स एक ऑलराउंडर के रूप में आएंगे। इसका मतलब यह भी है कि इंग्लैंड के पास गेंदबाजी विकल्पों की कमी होगी क्योंकि स्टोक्स इस टूर्नामेंट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं, एक समस्या जिसकी आर्थर्टन को आशंका है। मैं अपने मन में निश्चित हूं कि मैं हैरी ब्रूक को भी खिलाऊंगा, इसलिए इंग्लैंड को जिस समस्या का समाधान करना है वह टीम के संतुलन पर है। क्या वे पांच गेंदबाजों में से एक के रूप में लियाम लिविंगस्टोन को 7वें नंबर पर और जो रूट को छठे गेंदबाज के रूप में खिलाएंगे या क्या वे रीस टॉपले, आदिल रशीद और मार्क वुड के साथ दो आउट-एंड-आउट गेंदबाज़ चुनते हैं? इसके अलावा, ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और सैम करेन का अच्छा प्रदर्शन न होना भी इंग्लैंड की चिंताओं को बढ़ाता है। वोक्स ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने चार ओवरों में 41 रन दिए जबकि करेन ने नई दिल्ली में उसी मैच में अपने चार ओवरों में 46 रन दिए। आर्थर्टन ने कहा, क्रिस वोक्स और सैम करेन का फॉर्म वास्तविक चिंता का विषय है और वे दोनों बहुत कमजोर हैं। करेन प्रति ओवर आठ रन से अधिक रन दे रहे हैं, वोक्स साढ़े सात रन प्रति ओवर की दर से रन दे रहे हैं और उन्होंने केवल दो-दो विकेट लिए हैं। करेन बीच के ओवरों में और वोक्स पावरप्ले में महंगे रहे।

# रन रेट को भी ध्यान में रखना चाहिए : पुजारा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना 48वां वनडे शतक बनाने की विराट कोहली की उपलब्धि के बाद अपनी राय दी, जिसे उन्होंने रणनीतिक रूप से रन चेज के अंतिम ओवरों में सिंगल लेने से परहेज करके पूरा किया।

प्रशंसकों के एक वर्ग ने केएल राहुल के साथ साझेदारी करते हुए सिंगल लेने से परहेज करने के कोहली के फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर अपनी राय व्यक्त की। 257 रन तक पहुंचने के भारतीय लक्ष्य के अंतिम चरण में कोहली मुख्य रूप से स्ट्राइक अपने पास रखकर अंतिम 30 रन बनाने में सफल रहे। इस दौरान कोहली ने आखिरी 21 गेंदों में 8 डॉट बॉल का सामना किया।

चेतेश्वर पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो को बताया, जितना मैं चाहता था कि विराट कोहली वह शतक बनाएं, उतना ही ये भी सोच रहा था कि हमें खेल को जल्द से जल्द खत्म करना चाहिए। आप चाहते हैं कि आपका नेट रन रेट शीर्ष पर रहे।

यही वह जगह है जहां मुझे लगता है कि

सामूहिक निर्णय के रूप में शायद आपको थोड़ा त्याग करना होगा। आप टीम को देखना चाहते हैं, आप टीम को पहले रखना चाहते हैं, मैं इसे इसी तरह देखता हूं। आप अपना रिकॉर्ड देखिए लेकिन टीम की कीमत पर नहीं। एक खिलाड़ी के रूप में, आपके पास हमेशा एक विकल्प होता है। लेकिन कुछ खिलाड़ियों को लगता है कि अगर वे शतक बनाते हैं, तो इससे उन्हें अगले मैच में मदद मिलती है। इसलिए यह इस पर निर्भर करता है कि आपकी मानसिकता किस तरह की है।

इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने टीम को विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में नेट रन रेट (एनआरआर) का ध्यान रखने की सलाह दी है क्योंकि यह अंत में टीमों को परेशान कर सकता है।

# हार्दिक टखने की चोट के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से भारतीय टीम से बाहर

■ हार्दिक की जगह बतौर तेज गेंदबाज शमी हो सकते हैं ज्यादा कारगर

■ अब हार्दिक पांडया सीधे लखनउ पहुंच भारतीय टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपना बाएं टखने में आई चोट के चलते धर्मशाला में रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल जाने वाले अहम मैच से बाहर हो गए। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अपने अपने शुरू के चार चार मैच जीत चुकी है। न्यूजीलैंड अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल फिलहाल शीर्ष पर है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा, हार्दिक भारतीय टीम के साथ धर्मशाला नहीं जाएंगे। हार्दिकअब लखनउ में भारतीय टीम से जुड़ेंगे जहां उसे 29 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिडऩा है। हार्दिक को आराम की सलाह दी गई है और वह बराबर बीसीसीआई की

मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। वह अपने टखने के इलाज से एनसीए(बेंगलुरू) जाएंगे।

हार्दिक ने पुणे में बृहस्पविार को अपने पहले और बांग्लादेश की पारी के नौवें ओवर में तीसरी गेंद पर बांग्लादेश के लिटन दास के शॉट को पैर रोकने की कोशिश और इसमें उनका टखना मुड़ गया था। इसके बाद हार्दिक को उनके टखने स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया और इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में आगे शिरकत नहीं की। हार्दिक को आराम की सलाह दी गई है।

हार्दिक पांडया भारतीय एकादश के संतुलन के लिहाज से बेहद अहम कड़ी हैं। अब तक शुरू के तीन मैचों में हार्दिक पांडया ने सही वक्त पर विकेट चटकाने की कूवत दिखाकर कुल पांच विकेट चटकाए हैं। साथ ही अपने बल्ले से दे दनाकर अकेले ही प्रतिद्वद्वी टीम के हौसल पस्त कर सकते हैं। भारत के पास हार्दिक पांडया की जगह उनकी तरह गेंद और बल्ले से अपने दम मैच का रुख पलटने वाला कोई खिलाड़ी नहीं है। ऐसे में भारतीय टीम को प्रबंधन को मजबूरन टीम संयोजन में बदलाव करना पड़ेगा। ऐसे में भारत अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए अब तक शुरू के चार में से एक भी मैच न खेल पाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भारत अपनी एकादश में शामिल कर सकता है। बहुत मुमकिन है कि भारत खासतौर पर बीच के ओवर में अपनी बल्लेबाजी को जरूरी मजबूती देने के लिए शार्दूल ठाकुर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी एकादश में शामिल करने की बाबत सोच सकता है। इसका बड़ा कारण यह है कि धर्मशाला का ठंडा मौसम भारत की बजाय न्यूजीलैंड की टीम के लिए ज्यादा मुफीद है ऐसे में तब भारत के पास केवल पांच खालिस गेंदबाज ही उपलब्ध होंगे। बावजूद इसके धर्मशाला के ठंडे मौसम और पिच में नमी के चलते स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाज ज्यादातर कारगर साबित हो सकता है।

## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारत लगा रहा है पूरी ताकत : इयान हीली

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली ने 2023 पुरुष विश्व कप अभियान में लगातार चार मैच जीतने के बावजूद भारत को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की और आश्चर्य जताया कि क्या रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट की शुरुआत में ही पूरी ताकत लगा रही है। गुरुवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में भारत ने विराट कोहली के नाबाद शतक की बदौलत बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को हराने के बाद अपना विजय क्रम जारी रखा। लेकिन हीली इस बात को लेकर थोड़े परेशान दिखे कि भारत टूर्नामेंट के शुरुआती दिनों में बहुत अधिक तीव्रता और ऊर्जा डाल रहा है। हीली ने एसईएन रेडियो पर कहा, वे आसानी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, मेरे मन में भारत के लिए एक नया डर है। कोहली की अच्छी पारी थी, रोहित शर्मा और शुभमन गिल भी शीर्ष पर अच्छे थे। लेकिन अगर आप उनकी जीत में जा रही ऊर्जा को देखें, तो मुझे डर है कि उन्हें भावनात्मक रूप से निराश होना पड़ेगा। वे इसमें बहुत सारी ऊर्जा लगा रहे हैं, हो सकता है कि वे इसे ज़्यादा कर रहे हों। जब कोई खराब गेंद फेंकता है तो मैदान में तीव्रता, हाव-भाव, अच्छे फील्डिंग प्रयासों का अति-उत्साह, इस तरह की सभी चीजें। पुणे में फैंस की भीड़ थी और यह एक सुंदर दिखने वाला मैदान है। हालांकि, उनके पास एक बेहतरीन टीम है। मेरा मानना है कि मेजबानों को टूर्नामेंट के अंतिम चरण आने तक अपनी कुछ ऊर्जा बरकरार रखनी चाहिए।

### ब्रिस्बेन हीट महिला ने मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हराया

**मेलबर्न।** वीमेंस बिग बैश लीग के शुक्रवार को खेले गये दूसरे मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट महिला ने ग्रेस हैरिस के 49 और जॉर्जिया रेडमेन 49 रनों की पारी तथा सेरा ग्लेन, चार्ली नॉट की शानदार गेदबाजी की बदौलत मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हरा दिया है।

## सुडोकू 6353 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

SENSEX BSE 65397.62 ▼ 231.62 19542. 65 ▼ 82.05 MCX Gold 60000 ▲570 silver 73194 ▲ 1578 देशबन्धु

# अर्थ जगत

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.153 अरब डॉलर बढ़ा

नई दिल्ली । देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.153 अरब डॉलर बढ़कर 585.895 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.166 अरब डॉलर घटकर 584.742 अरब डॉलर रह गया था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण बढ़े दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया, जिससे इसमें कमी दर्ज की गई।

## कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली ।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड उछलकर 94 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.87 डॉलर यानी 0.94 फीसदी की उछाल के साथ 93.25 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.22 डॉलर यानी 1.37 फीसदी बढ़कर 90.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

**इजरायल-हमास युद्ध का असर**

# लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार बेदम, अचानक बड़ी गिरावट

## निवेशकों के एक दिन में 2 लाख करोड़ डूबे

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप आज 20 अक्टूबर को घटकर 318.90 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार 19 अक्टूबर को 320.96 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.06 लाख करोड़ रुपये घटा है. ऐसे में निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.06 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है।

*मुबंई । भारतीय शेयर बाजार पर इजरायल और हमास के बीच जारी जंग का असर लगातार दिख रहा है. इसकी वजह से लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी शेयर बाजार खुलते ही धराशायी नजर आया.*

*बीएसई का सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा गिर गया, तो वहीं निफ्टी भी 19,600 के नीचे ओपन हुआ. इससे पहले गुरुवार को भी शेयर मार्केट के दोनों इंडेक्स ने पूरे दिन लाल निशान पर कारोबार किया था।* शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 231.62 अंक फिसलकर 65, 397.62 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी इंडेक्स 82.05 अंक टूटकर 19, 542.65 के लेवल पर बंद हुआ।

**भारत समेत दुनियाभर के बाजार प्रभावित** – इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है. दोनों ओर से जारी हमलों में अब तक 4,000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है. लंबी खिंच रही इस जंग का असर दुनियाभर की इकोनॉमी पर पड़ता हुआ नजर आ रहा है और शेयर बाजारों में इसका असर लगातार दिख रहा है. भारतीय शेयर बाजार की बात करें तो युद्ध की शुरुआत के साथ ये प्रभावित होने लगा था और बीते लगातार तीन दिनों से इसमें गिरावट का दौर जारी है.

**320 अंक तक टूट गया सेंसेक्स** –बीते कारोबारी दिन गुरुवार की तरह ही शक्रवार को भी शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत लाल निशान पर हुई. सुबह 9.15 बजे पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 252.60 अंक या 0.38 फीसदी की गिरावट के साथ 65,376.64 के स्तर पर ओपन हुआ. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 80.90 अंक या 0.41 फीसदी फिसलकर 19,543.80 के लेवल पर खुला.

**इन शेयरों में आई सबसे ज्यादा गिरावट** – शेयर बाजार ओपन होने के समय 741 शेयरों में गिरावट देखने को मिली. इस दौरान सबसे ज्यादा गिरावट एचयूएल, पावर ग्रिड कॉर्प, बजाज फायनेंस, डेविस लैबस और एसियन पेन्टस के शेयरों में दर्ज की गई. वहीं दूसरी ओर अल्ट्रा टेक सीमेंट, अडानी इंटरप्राइजेस, टाटा मोटर्स के स्टॉक्स में तेजी रही. गौरतलब है कि गुरुवार को बीएसई का सेंसेक्स 65,629.24 के स्तर पर बंद हुआ था।

## जेरोम पॉवेल के बयान से ग्लोबल मार्केट में गिरावट, एशियाई बाजार भी टूटे

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रवैये और बॉन्ड यील्ड में लगातार जारी तेजी के कारण ग्लोबल मार्केट में आज भी दबाव की स्थिति बनी हुई है। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के कारोबार के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार के सूचकांक भी पिछले सत्र के दौरान गिरकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने महंगाई दर पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में और बढ़ोतरी करने की बात कही है। उन्होंने साफ किया है कि जब तक महंगाई दर 2 प्रतिशत से नीचे नहीं आती, तब तक ब्याज दरों में बढ़ोतरी जारी रहेगी। इसके साथ ही बॉन्ड यील्ड की तेजी ने भी मार्केट सेंटीमेंट्स पर निगेटिव असर डाला है। 10 साल का बॉन्ड यील्ड पिछले सत्र के दौरान बढ़ कर 5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले 16 सालों के दौरान अभी तक का सबसे ऊंचा स्तर है। निगेटिव सेंटीमेंट्स के कारण पिछले सत्र के दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,278 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 128.13 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 13,186.017 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,388.82 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,499.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.64 प्रतिशत टूट कर 6,921.37 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## ब्याज दर अभी ऊंची बनी रहेंगी : आरबीआई गवर्नर दास



***नयी दिल्ली ।*** *भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि ब्याज दर फिलहाल ऊंची बनी रहेंगी और केवल समय ही बताएगा कि यह कितने समय तक ऊंचे स्तर पर रहेगी।*

मौजूदा भू-राजनीतिक संकट के मद्देनजर, दुनिया भर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों ने उच्च मुद्रास्फीति से निपटने के लिए अपनी प्रमुख नीतिगत दरें बढ़ा दी हैं। हालांकि मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

यह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। इससे पहले पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 में एक सवाल के जवाब में गवर्नर ने कहा, ब्याज दर फिलहाल ऊंची रहेगी, (कब तक) यह तो समय ही बताएगा। दास ने शुक्रवार को कॉन्क्लेव में इस बात पर भी जोर दिया कि मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके ऐसा होने से ही जुलाई में 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति में गिरावट सुचारू रूप से जारी रही। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती है और इसमें आत्मसंतुष्ट होने की कोई बात नहीं है।

## सोने के दाम चार महीने की ऊंचाई पर

**इजरायल-हमास युद्ध और डॉलर के रेट गिरने का असर**

***नयी दिल्ली ।*** *सोने और चांदी के दाम में आज उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है जबकि कल इनके रेट में गिरावट देखी गई थी. इजरायल-हमास युद्ध के चलते यूएस फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों पर कड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं और इसके असर से डॉलर के रेट पर निगेटिव इफेक्ट आने की आशंका जताई जा रही है.*

फेडरल रिजर्व अभी ब्याज दरों को लेकर सतर्क बना रहेगा और इसके असर से डॉलर के रेट में भी उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है. लिहाजा निवेशक सेफ निवेश की ओर जा रहे हैं और सोना-चांदी को इसी का फायदा मिल रहा है.कमोडिटी बाजार में एमसीएक्स पर सोना 4 महीने के उच्च स्तर पर आ चुका है और सोना आज जबरदस्त तेजी दिखा रहा है. चांदी के दाम में भी मजबूती के साथ

ट्रेड हो रहा है.मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना 4 महीने के उच्च स्तर पर आ गया है. सोने के रेट में 277 रुपये या 0.46 फीसदी की उछाल देखी जा रही है और ये 60595 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. आज सोने के रेट ऊपर में 60660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गए थे. सोने के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं.मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी भी अच्छी उछाल पर कारोबार कर रही है. चांदी के रेट 283 रुपये या 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 71899 रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गए हैं. आज ऊपर में चांदी के दाम 72164 रुपये प्रति किलो तक गए थे. चांदी के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं.रिटेल बाजार में भी सोना जबरदस्त उछाल के साथ कारोबार कर रहा है और इसमें 820 रुपये तक के उछाल देखे जा रहे हैं जो इसे 62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक ले जा सकते हैं.

दिल्ली: 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 780 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ 61690 रुपये पर है.मुंबई: 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 770 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ 61530 रुपये पर है.अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1976 डॉलर प्रति औंस के रेट के आगे जा रहा है और इसके नियर टर्म में 1980 डॉलर प्रति औंस के दाम देखे जाने की उम्मीद है.

## त्यौहारी सीजन में गाड़ी खरीदने की प्लानिंग, कौन सा बैंक दे रहा सबसे सस्ता कार लोन ?

***नयी दिल्ली ।*** *अगर आप कार लोन लेने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आप अपने कार लोन से जुड़ी सभी जानकारियों जैसे कितना लोन चाहिए, दस्तावेज और टेन्योर आदि के बारे में जान लें.*

सभी बैंक कार लोन पर अलग अलग ब्याज वसूल करते हैं. यहां सबसे सस्ता कार लोन दे रहा है, इसकी जानकारी दी गई है.भारतीय स्टेट बैंक कार लोन पर 8.65 से लेकर 9.75 फीसदी का ब्याज वसूल कर रहा है. हालांकि प्रोसेसिंग फीस शून्य होगा. वहीं आईसीआईसीआई बैंक 8.95 फीसदी या उससे ज्यादा का ब्याज लेगा. प्रोसेसिंग फीस 999 रुपये से 8,500 रुपये के बीच होगा. एचडीएफसी बैंक कार लोन पर 8.75 फीसदी का ब्याज वसूलेगा. प्रोसेसिंग फीस 3,500 रुपये से लेकर 8,000 रुपये या कुल राशि का 0.50 फीसदी लगेगा.वहीं पंजाब नेशनल बैंक होम लोन पर 8.75 फीसदी से लेकर 9.60 फीसदी का ब्याज वसूल करेगा. ये बैंक कुल अमाउंट का 0.25 फीसदी या फिर 1000 रुपये से लेकर 1,500 रुपये के बीच प्रोसेसिंग फीस लेगा.केनरा बैंक कार लोन पर 8.80 फीसदी से लेकर 11.95 फीसदी तक का ब्याज ले रहा है. वहीं प्रोसेसिंग फीस इस बैंक में 31 दिसंबर तक माफ है.

# सूखे के बाद बारिश ने जान फूंकी है केसर की फसल में

*जम्मू । चाहे कश्मीर में एक लंबे सूखे के दौर के बाद हुई बारिशों ने अन्य फसलों को क्षति पहुंचाई हो या फिर लोगों की मुसीबत को बढ़ाया हो पर सितंबर और अक्तूबर में समय पर हुई बारिश से इस साल केसर की बंपर फसल होने की उम्मीद जगा दी है।*

जानकारी के लिए केसर की फसल अपने फूलने के चरण के करीब है और इस सप्ताह घाटी में हुई प्रचुर बारिश ने पंपोर और बडगाम में केसर के खेत को सिंचित कर दिया है। अब उत्पादकों को उम्मीद है कि इस साल समय पर बारिश होने से केसर का उत्पादन कई गुना बढ़ जाएगा।

कारोबारी कहते थे कि इस साल घाटी में लंबे समय तक शुष्क मौसम रहा। सौभाग्य से, इस सप्ताह हमें प्रचुर बारिश हुई, जो केसर की फसल के लिए बहुत जरूरी थी। हमें इस साल अच्छी फसल की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में फसलें बेहतर हैं, जो इस साल बंपर फसल का संकेत देता है। वानी कहते थे कि 24 अक्तूबर के बाद केसर का फूल आना शुरू हो जाएगा। बारिश के कारण फूल आने में देरी हुई। फिर भी, फसल स्वस्थ दिख रही है और हम इस साल अपने अनुमानित उत्पादन को जानने के लिए केसर के फूल आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल, केसर का कुल उत्पादन 16.34

मीट्रिक टन था, जो पिछले 27 वर्षों में इस फसल का सबसे अधिक उत्पादन था। जबकि वर्ष 2021 में केसर का उत्पादन 15.04 मीट्रिक टन दर्ज किया गया। जबकि वर्ष 2022 में प्रति हेक्टेयर उत्पादन 4.4 किलोग्राम दर्ज किया गया। केसर के उत्पादक किसान कहते थे कि जीआई टैग के बाद उन्होंने फसल से बेहतर रिटर्न पाने के लिए अपनी खेती के तरीकों को उन्नत किया है। एक अन्य केसर उत्पादक बशीर अहमद कहते थे कि अब इसमें केसर की इनडोर खेती शामिल है जो फसल खराब होने की कम से कम संभावना के साथ बेहतर उपज देती है। इसी तरह, किसानों ने खरपतवार और कृंतक नियंत्रण के लिए एक तंत्र स्थापित किया है, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ता है। इस बीच, अब अधिक से अधिक किसान केसर की इनडोर खेती की कोशिश कर रहे हैं, जिसे 2021 में शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी द्वारा पेश किया गया था। अहमद कहते थे कि आने वाले वर्षों में हम देखेंगे कि अधिक किसान अपने केसर उत्पादन को बढ़ाने के लिए इस नवीन पद्धति को आजमाएंगे। प्रासंगिक रूप से, वैश्विक मानचित्र पर घाटी की विरासत फसल को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2020 में कश्मीरी केसर को जीआई टैग दिया गया था। इस साल राज्य सरकार अपनी नई निर्यात नीति के साथ केसर उत्पादन को और बढ़ावा देने पर विचार कर रही है। सरकार ने 60 देशों को शार्टलिस्ट किया है जहां केसर का निर्यात किया जाएगा।

## जन-धन योजना : 'जीरो बैलेंस' खाते बने वित्तीय समावेशन लाने का सबसे बड़ा साधन : सीतारमण

***नयी दिल्ली ।*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि 2014 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) देश में वित्तीय समावेशन लाने का सबसे बड़ा साधन बनकर उभरी है।*

कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023 के उद्घाटन के बाद मंत्री ने कहा कि 50 से अधिक सरकारी योजनाओं के तहत लाभ (राशि) सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए जा रहे हैं और पीएमजेडीवाई ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**जन-धन खातों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि** – उन्होंने कहा कि जब योजना शुरू की गई थी तो लोगों के एक वर्ग ने "भद्दी" टिप्पणियां की थीं और कहा था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक दबाव में होंगे क्योंकि ये 'जीरो बैलेंस' खाते हैं। सीतारमण ने कहा कि हालांकि, इन खातों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि है। मंत्री ने अपने संबोधन में जलवायु वित्तपोषण और उससे जुड़ी चुनौतियों पर भी विस्तार से बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति में बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) सहित बहुपक्षीय संस्थान कम प्रभावी हो गए हैं। सीतारमण ने वैश्विक आतंकवाद से उत्पन्न चुनौतियों को भी रेखांकित किया और जोर दिया कि निवेशकों तथा व्यवसायों को निवेश संबंधी फैसले करते समय ऐसे कारकों को ध्यान में रखना होगा।

## त्यौहारी सीजन में एसबीआई कार्ड का ऑफर, खरीदारी पर डिस्काउंट के साथ कैशबैक भी

***नयी दिल्ली ।*** *एसबीआई कार्ड का नाम क्रेडिट कार्ड की दुनिया में खासा पॉपुलर है. एसबीआई कार्ड भारत का सबसे बड़ा प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता है. हाल ही में एसबीआई कार्ड ने अपने कार्डहोल्डर्स के लिए देश भर में कई शानदार ऑफर निकाले हैं जो कि फेस्टिव सीजन 2023 के लिए लाए गए हैं.*

एसबीआई कार्ड कस्टमर्स को करीब 2200 मर्चेंट के जरिए अच्छे ऑफर मिल सकते हैं और इनके अलावा भी प्रमुख शहरों में ऑनलाइन और ऑफलाइन ऑफर्स का फायदा लेने का मौका मिल सकता है. खास बात ये है कि इनमें टियर 2 और टियर 3 शहरों के नाम भी शामिल हैं.

**किन-किन प्रोडक्ट्स पर मिल सकता है ऑफर्स का फायदा** – कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल्स, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, ज्वैलरी और ग्रोसरी आइटम्स पर आप एसबीआई

कार्ड के कैशबैक और अन्य ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं. एसबीआई कार्ड ने कई ईएमआई फोकस्ड ऑफर्स लॉन्च किए हैं जिनके जरिए वो ये तय करना चाहता है कि कार्डहोल्डर्स आसानी से खरीदारी कर सकें.

**क्या है एसबीआई कार्ड का फेस्टिव ऑफर** – फेस्टिव ऑफर 2023 के तहत एसबीआई कार्ड कस्टमर करीब 600 राष्ट्रीय स्तर के ऑफर दे रहा है. इसके अलावा 1500 क्षेत्रीय और हाइपरलोकल ऑफर होंगे जो कि 15 नवंबर 2023 तक के लिए वैलिड होंगे. इस फेस्टिव ऑफर के तहत एसबीआई कार्ड कस्टमर्स को 2700 शहरों में 27.5 फीसदी तक का कैशबैक मिलेगा और कई तरह के ब्रांड्स पर डिस्काउंट ऑफर लागू रहेगा जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजन, मिंत्रा, रिलायंस रिटेल ग्रुप, वेस्टसाइड, पेंटालून, मैक्स, तनिष्क और टीबीजेड के साथ अन्य ब्रांड्स इसमें शामिल रहेंगे.

**किन-किन ब्रांड्स पर मिल सकेंगे ऑफर्स** – एसबीआई कार्ड का ईएमआई फोक्स्ड ऑफर भी है जो कि लीडिंग ब्रांड्स के कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप प्रोडक्ट्स के लिए एप्लीकेबल रहेगा. इसमें कई प्रमुख ब्रांड्स जैसे कि सैमसंग, एलजी, सोनी, ओप्पो, वीवो, पैनासोनिक, व्हर्लपूल, बॉश, आईएफबी, एचपी, डेल और कई अन्य के नाम शामिल रहेंगे.


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-71300 चांदी रिफाइन -72300

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-71300 चांदी रिफाइन -72300

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.12 |
| एक यूरो | 87.93 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 100.88 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.44 |
| एक जापानी येन | 00.55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।



देशबन्धु

ग्राहक सेवा

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22


नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com
www.deshbandhu.co.in जबलपुर । भोपाल । सागर । सतना । रायपुर । बिलासपुर । नई दिल्ली

# संस्कारधानी के मास्टर प्लान पर सियासी ग्रहण

देशबन्धु पड़ताल

## राजधानी में अटका मसौदा, विकास की रफ्तार लड़खड़ाई, कस्बे की शक्ल में हो रही बसाहट

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के मास्टर प्लान के भोपाल में अटक जाने के कारण शहर के विकास की रफ्तार बुरी तरह से लड़खड़ा गयी है, न केवल बड़े प्रोजेक्ट धीमे हो गये हैं, बल्कि नए निवेशकों के आने की संभावना भी कम होती जा रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि मास्टर प्लान को चुनाव के कारण ब्रेक दे दिया गया है। अब चुनाव के बाद ही इस पर विचार किया जाएगा, लेकिन तब तक कितना नुकसान हो जाएगा, इसका अनुमान लगाने कोई तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के लोकल ऑफिस से मास्टर प्लान तैयार करके काफी दिनों पहले ही भोपाल मुख्यालय भेजा जा चुका है। कुछ एक दस्तावेज और मांगे गये थे,जो यहां से तुरंत ही रवाना किए गये, लेकिन इसके बाद से अभी तक मास्टर प्लान को लेकर किसी तरह की कोई बात नहीं की गयी है।

उम्मीद थी कि चुनाव के पहले मास्टर प्लान लागू कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। यहां पर पदस्थ रहने वाले संयुक्त संचालक भी कुछ दिनों पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

### अनियोजित विकास

मास्टर प्लान को मंजूरी देने में हो रही देरी शहर को कस्बाई स्वरूप में धकेल रही है। मास्टर प्लान में पिछले कई महीनों से निर्णय नहीं होने के कारण शहर के चारों ओर अनियोजित विकास हो रहा है।

शहर विकास योजना में मुख्य मार्गों और पुल-पुलियों के लिए निर्धारित भूमि पर आवास एवं कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। शहर का मास्टर प्लान 2021 को पूरा हो चुका है, लेकिन नए में अब भी सरकार भूमि का उपयोग यानी तय नहीं कर सकी है। इधर, विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू हो गई है। यहां यह बात ध्यान रहे कि जबलपुर पहले भी विकास योजना में देरी का परिणाम भुगत रहा है। समय पर विकास योजना लागू नहीं होने से नगर की कई प्रस्तावित सड़कों के स्थान पर बस्तियां बस गई हैं।

### देरी से नगर-ग्रामीण क्षेत्र का विकास प्रभावित

शहर का विस्तार पहले विजय नगर, ग्वारीघाट, तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट, तिलहरी की ओर ही रहा है लेकिन नगर की परिधि तिलहरी से लेकर मंगेली, मानेगांव, न्यू भेड़ाघाट छोर, भेड़ाघाट, पनागर के कुसनेर, डिफेंस लेंड से आगे का हिस्सा, अमझर, पाटन छोर पर नुनसर, झागरा, खैरी की ओर भी तेजी से हो रहा है।

शहर के गौर तिराहा से बरगी मार्ग, तिलवाराघाट के पार, पाटन बायपास, कटंगी बायपास, पिपरिया समेत अन्य इलाकों में तेजी से बसाहट बस रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार नया मास्टर प्लान आने में देर होने से मौजूदा निवेश एरिया के बाहर की बसाहट को सडक़, बिजली, पानी, ड्रेनेज, उद्यान, स्कूल, अस्पताल जैसे आधार भूत अधोसंरचना के लिए जूझना होगा।

इससे होने वाले नुकसान इस शहर को उठाने होंगे। शहर की 9 प्रस्तावित सडक़ों के ज्यादातर क्षेत्र में बसाहट बस गई।

इससे पुरानी सड़कों पर दबाव बढ़ा। यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है। शहर का चारों ओर बेतरतीब विकास हो रहा है।

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों शारदेय नवरात्र महापर्व की धूम है। मां के विविध स्वरूपों के दर्शन करने भक्त पंडालों में पहुंच रहे हैं। विजय नगर के मां आदिशक्ति पूजा समिति के पंडाल में मां के साथ ही देवी देवताओं की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं। शाम ढलते ही यहां पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, इस मौके पर चहुंओर आदिशक्ति की जयकारा गूंज रहे हैं।

# 37 जिलों से करीब 2100 अग्निवीरों का चयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए पहला भर्ती चक्र अपने संबंधित रेजिमेंट/प्रशिक्षण केंद्रों में चयनित अग्निवीरों को भेजने की शुरुआत के साथ अपनी समाप्ति के करीब है।

पहले चक्र में अग्निवीर (सभी श्रेणी) के रूप में शामिल होने के लिए, सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर के अंतर्गत आने वाले, मध्य प्रदेश के 37 जिलों से लगभग 2100 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। यह चक्र अप्रैल 2023 के महीने में सामान्य प्रवेश परीक्षा के आयोजन के साथ शुरू हुआ था, जिसके बाद जुलाई से सितंबर 2023 के महीनों में भर्ती रैलियां हुईं। अंतिम मेरिट सूची 25 सितंबर 2023 को घोषित की गई थी, जिसके बाद संबंधित प्रशिक्षण केंद्रों में भेजने से पहले योग्य उम्मीदवारों के दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई थी।

मुख्यालय भर्ती जोन (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में, वर्ष के पहले चक्र में भर्ती के लिए मध्य प्रदेश के कुल 37 जिलों को अभी तक कवर किया गया था। रिज रोड पर बहुत हलचल दिखाई देती है।

# दूसरे राज्य के उम्मीदवारों को एनआरआई कोटे में प्रवेश दिये जाने को चुनौती

## हाईकोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के पीएस सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** नीट पीजी में एनआरआई कोटे के तहत नियम विरुद्ध तरीके से दूसरे राज्य के अभ्यार्थियों को स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश दिये जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग व डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

हाईकोर्ट में यह मामला सिवनी निवासी डॉ. रूपम पटले की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्होंने मप्र के मूल निवासी के रूप में एनआरआई कोटे में पंजीयन कराया है। वर्ष 2018 के प्रवेश नियम में यह प्रावधान है कि यदि एनआरआई कोटे में प्रदेश का मूल निवासी उपलब्ध है तो अन्य राज्य के अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। आरोप है कि नियम के खिलाफ जाकर अधिक अंक का हवाला देते हुए बाहरी राज्य के उम्मीदवार को उक्त कोटे में प्रवेश दिया गया है। याचिका में कहा गया कि पोर्टल में उपलब्ध नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जाम के दस्तावेजों में फलक बग्गा दिल्ली, निशांत मिथरवाल हरियाणा, ईशान हिंगद और यतिका पसरीचा राजस्थान के मूल निवासी हैं। इन उम्मीदवारों को मप्र के मूल निवासी के रूप में एनआरआई कोटे में प्रवेश दिया गया है, जो कि अनुचित है। मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# निशा बांगरे के इस्तीफे पर सोमवार तक हो जायेगा निर्णय

## सरकार ने हाईकोर्ट में दी अंडरटेकिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के खिलाफ लंबित विभागीय जांच तथा उनके इस्तीफे पर सरकार सोमवार तक निर्णय लेगी। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई दौरान सरकार की ओर से उक्त अंडरटेकिंग दी गई है। जिसके बाद न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई दशहरा अवकाश के बाद निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर के लवकुश नगर में एसडीएम के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने 22 जून 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग को अपना इस्तीफा भेजा था। इस्तीफे पर सरकार की ओर से कोई निर्णय न लिये जाने पर निशा बांगरे ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। दायर मामले में कहा गया था कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 24 जनवरी 1973 को पारित मेमो के अंतर्गत सरकार को अधिकारी के इस्तीफे पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 30 दिनों के अंदर इस्तीफे पर निर्णय लेने के आदेश जारी किये थे। निर्धारित समयावधि गुजर जान के बावजूद भी निर्णय न होने पर पुन: हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। जिसमें कहा गया था कि सरकार ने विभागीय जांच के लिए उन्हें नोटिस जारी किया है। मामले में बताया गया था कि विभागीय आरोपों को याचिकाकर्ता ने स्वीकार कर लिये है। इसके बावजूद भी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 10 दिनों में इस्तीफे पर निर्णय लेने के आदेश दिये थे।

### सरकार ने दायर की थी अपील

वहीं मामले में सरकार की ओर से उक्त आदेश के खिलाफ एक अपील दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि विभागीय जांच की सभी औपचारिकताएं दस दिनों में पूर्ण नहीं हो सकती है। आरोप के संबंध में पीएससी की अनुमति, संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज करने सहित अन्य कार्यवाही आवश्यक है। युगलपीठ ने सरकार की अपील तथा डिप्टी कलेक्टर की याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई की थी। जिसमें निशा बांगरे की ओर से कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई गंभीर आरोप नहीं है। सिर्फ छुट्टी के दुरुपयोग का आरोप है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। विभागीय जांच लंबित रहने के दौरान इस्तीफा स्वीकार किया जा सकता है। न्यायालय ने सरकार को विभागीय जांच पूरी कर इस्तीफे पर निर्णय लेने के निर्देश दिये थे।

# फर्जी दस्तावेजों से होम लोन लेने वाले को जमानत नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस डीके पालीवाल की एकलपीठ ने फर्जी दस्तावेजों से होम लोन लेने वाले आरोपी विजय थदानी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

आपत्तिकर्ता कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार जायसवाल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि जबलपुर निवासी आरोपी विजय ने राशि न लौटाने के उद्देश्य से बैंक में फर्जी दस्तावेज जमा किये और होम लोन प्राप्त किया। उसके ऊपर 95 लाख, 47 हजार, 875 रुपये की देनदारी है। इस तरह के आरोपी को जमानत का लाभ देने से समाज में गलत संदेश जायेगा। इससे पहले एडीजे कोर्ट ने भी आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया है। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# उमरिया एसएसटी पोस्ट पर पकड़ाए 3 लाख 95 हजार

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता पूरे जिले में प्रभावी हो गई है, विस चुनाव की तैयारियों के चलते बार्डर सील कर दी गई है और अंतराज्जीय जांच चौकी बनाकर वाहनों की सघनता से पड़ताल की जा रही है। समय-समय पर एडवाईजरी भी जारी की जा रही है, ऐसी ही एक सूचना पिछले दिनों चुनाव आयोग ने जारी की थी कि आप एक वक्त में एक साथ पचास हजार रुपए से अधिक रकम लेकर ना चलें, यदि बहुत आवश्यक है तो कागजात और कारण तत्काल बता दें, अन्यथा पैसा जप्त हो जाएगा, लेकिन इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। आज इसी के चलते चौथे दिन भी पुलिस के द्वारा बनाए गए जांच नाके में 3 लाख 95 हजार रुपए की नगदी पकड़ी गई जिससे पुलिस ने जप्त करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**उमरिया के पास बनाए गए जांच नाके पर की गई कार्रवाई**-छिंदवाड़ा अनु विभाग के अंतर्गत कुंडीपुरा थाने क्षेत्र में उमरिया इसरा एसएसटी चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान कार क्रमांक एमपी 22सीए 5607 के चालक शरद कुमार बघेल पिता विकास बघेल उम्र 44 साल निवासी कान्हीवाड़ा जिला सिवनी की कार में रखे बैग को चैक किया, जिसमें रखे नगदी 3,95,500 रूपये मिले मौके पर एसएसटी टीम के अधिकरी सरगुन कुमार पटेल के द्वारा जप्त किए गए। इस टीम में एसएसएस टी प्रभारी सरगुन कुमार पटेल, एसएचओ महेन्द्र शाक्य, एएसआई अर्जुन बघेल, एचसी संतोष बघेल, आरक्षक करन रघुवंशी एचसी रूप सिंह भलावी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# सतर्क रहें, कहीं कोई गड़बड़ी ना होने पाये : अनुपम राजन

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग की चुनावी तैयारियों पर अधिकारियों को निर्देश दिये

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिये शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा निर्वाचन सबंधी अपराधों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं । श्री राजन शुक्रवार को होटल कल्चुरि में आयोजित बैठक में संभाग के जिलों में चल रही विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में निर्वाचन आयोग के नोडल अधिकारी पुलिस अनुराग सिंह, सयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, आयुक्त संभाग अभय वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

संभाग के जिलों की समीक्षा के पहले सुबह के सत्र में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में निर्वाचन की अभी तक की तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बैठक में आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्यवाही करने पर जोर दिया उन्होंने ऐसे प्रत्येक तत्व पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने की हिदायत भी दी जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने पर जोर दिया। उन्होंने पचास प्रतिशत मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के निर्देश देते हुये कहा कि संवेदनशीलता के लिहाज से यदि आवश्यकता हो तो मतदान केंद्रों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है ।

राजन ने संभाग के प्रत्येक जिले में निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के अभी तक दर्ज हुये प्रकरणों, आपराधिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, बहुमूल्य धातुओं और निषिद्ध वस्तुओं के परिवहन को रोकने चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन तलाशी लेने पर बल दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सी विजिल एप का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये, ताकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आने पर नागरिक तत्काल और मौके से ही उसकी शिकायत इस मोबाइल एप के माध्यम से कर सकें । श्री राजन ने बैठक में मतदान दिवस की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा भी की उन्होंने अस्सी वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने की जा रही व्यवस्थाओं का भी व्यापक प्रचार के निर्देश दिये। मतदान के दिन की गतिविधियों पर नजर रखने जिलों में बनाये गये कम्युनिकेशन प्लान पर भी उन्होंने चर्चा की तथा जिले में तैयार किये जा रहे कम्युनिकेशन एप पर दिलचस्पी दिखाई।


J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409



सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मोबाइल नं. 9300692405


# घरेलू विवाद पर पति ने डंडे से पीटकर की पत्नी की हत्या

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अनूपपुर से 25 किमी दूर स्थित बडहर गांव में शुक्रवार को शराब के नशे में पति ने चरित्र संदेह पर डंडे से पीट कर पत्नी की हत्या कर भाग गया। घटना की सूचना पर कोतवाली ने पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव का परीक्षण कराया और जांच शुरू की।

घटना के संबंध में अब तक मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना अनूपपुर के बडहर गांव निवासी रमेश सिंह श्याम ने अपनी 40 वर्षीय पत्नी नीमकली सिंह जो कुदराटोला में रहती है। अक्सर शराब के नशे में पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद होता था। शुक्रवार को रमेश ने पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर वाद-विवाद होने पर मारपीट करते हुए डंडे से हमला किया, इससे नीमकली के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने पर मौत हो गई। जिसकी सूचना बड़हर गांव के पूर्व सरपंच एवं मृतिका के देवर सूरज सिंह ने कोतवाली थाना अनूपपुर में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, कोतवाली निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक संजय खलखो, सहायक उप निरीक्षक संतोष वर्मा के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका के शव का पंचनामा कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर पीएम के लिए भिजवाया।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496



FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
YARIYAN-2 10:00 AM 03:30 PM 09:30 PM
GHOST IN HINDI 12:45 PM
GANAPATH 10:00 AM 12:30 PM 03:00 PM 04:30 PM 05:45 PM 07:00 PM 08:15 PM 09:30 PM 10:55 PM
TIGER NAGESWARA RAO 10:15 AM 06:15 PM
LEO IN HINDI 10:00 AM 01:00 PM 04:00 PM 07:30 PM 10:30 PM
JAWAN 01:30 PM



14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091